सूर्योदय 5:34 सूर्यास्त 7:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,184.17 |
| निफ्टी | 25,062.10 |
| सोना | 99,107 |
| चांदी | 1,14,550 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मांजरेकर ने केएल राहुल-जायसवाल को लताड़ा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 | 10 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 207, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### चंडीगढ़ में ईडी की फर्जी कॉल सेंटरों पर रेड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार देर रात चंडीगढ़ समेत ट्राईसिटी में चल रहे कई फर्जी कॉल सेंटरों पर छापेमारी की। यह कॉल सेंटर विदेशी ग्राहकों को टेक्निकल सपोर्ट देने के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे थे। ईडी की जांच में यह सामने आया है कि यह कॉल सेंटर चलाने वाली कंपनियां अपनी वेबसाइट्स पर वेब डिजाइनिंग, वायरलेस इंटरनेट सेवाएं और अन्य साफ्टवेयर सेवाओं का झूठा प्रचार करती थीं, जबकि इनके प्रमोटर, निदेशकों या कर्मचारियों का कोई रिकार्ड नहीं था। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि इन फर्जी कंपनियों ने विदेशों में भी कंपनियां खोली हुई थीं, ताकि अवैध रूप से कमाए गए पैसे को पेमेंट गेटवे के जरिए विदेशों से भारत लाया जा सके। इन फंड्स को हवाला के जरिए देश में भेजा जाता था। यह पूरा आपरेशन गुप्त तरीके से चलाया जा रहा था। (अनंत ज्ञान)

### अमित शाह ने पेश की नई सहकारिता नीति



**एजेंसी, नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली के अटल अक्षय ऊर्जा भवन में नई सहकारिता नीति पेश की। उन्होंने कहा कि इससे विकसित भारत की अवधारणा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह पॉलिसी भारत की जरूरतों और विकास को ध्यान में रखकर बनाई गई है। सहकारिता यानी मिलकर काम करने की सोच को वही सरकार सही मायने में समझ सकती है, जो देश की जमीन से जुड़ी हो। (अनंत ज्ञान)

### सावरकर मामले में राहुल को जमानत



**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक की एक अदालत ने हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर पर टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में वीरवार को राहुल गांधी को जमानत दे दी है। कांग्रेस सांसद ने खुद को निर्दोष बताया। महाराष्ट्र के अकोला जिले में 17 नवंबर, 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने एक रैली में सावरकर को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने मीडिया के सामने एक चिट्ठी दिखाते हुए कहा था कि यह चिट्ठी सावरकर ने अंग्रेजों को लिखी थी। इसमें उन्होंने खुद को अंग्रेजों का नौकर बने रहने की बात कही थी। गांधी-नेहरू ने ऐसा नहीं किया, इसलिए वे सालों तक जेल में रहे। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- तकनीकी विवि हमीरपुर की काउंसिलिंग में देरी -पेज 2
- गड़ामोड़ा में ऑयल टैंकर से गो तस्करी का भंडाफोड़ -पेज 3
- अब 6वीं से 12वीं तक के बच्चों को पढ़ाएंगे प्रवक्ता -पेज 6
- पंडोह डैम में सिल्ट व गाद ने जमाया कब्जा -पेज 9
- सैंज गांव में कूड़े की डंपिंग से लोग नाराज -पेज 12

# खेतों में जा गिरी एचआरटीसी बस ; आठ की मौत, 21 घायल

## मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल के तारंगला में हुआ दर्दनाक हादसा

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** मंडी के सरकाघाट उपमंडल के मसेरन के पास तारंगला में वीरवार को एक बड़ा बस हादसा हो गया, जिसमें आठ लोगों की मौत और 21 लोग गंभीर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सरकाघाट से दुर्गापुर जा रही यात्रियों से भरी एचआरटीसी की बस अनियंत्रित होकर 150 मीटर नीचे खेतों में जा गिरी। हादसे के समय बस में ड्राइवर-कंडक्टर सहित 29 लोग सवार थे। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। बस चालक भी गंभीर रूप से घायल है और उसे मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया गया है।

**मृतकों के परिजनों को 25-25 घायलों को 5 हजार की फौरी राहत**

मृतकों में से पांच लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई थी, जबकि तीन गंभीर घायलों की मेडिकल कॉलेज नेरचौक और एम्स बिलासपुर में इलाज के दौरान मौत हुई है। कुछ गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर किया जा चुका है, जबकि 4 घायलों का नागरिक अस्पताल सरकाघाट में उपचार चल रहा है। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम, एसएचओ रजनीश ठाकुर और पुलिस थाना सरकाघाट की टीम मौके पर पहुंची।



सरकाघाट उपमंडल के मसेरन के पास तारंगला में खेतों में गिरी दुर्घटनाग्रस्त बस।

### उपमुख्यमंत्री ने दिए न्यायिक जांच के आदेश

**सरकाघाट।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने घटनास्थल का दौरा किया और इस दुर्घटना की न्यायिक जांच करवाने के आदेश दिए। उन्होंने दुर्घटना में मौत का ग्रास बने लोगों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि इस बस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए हिमाचल पथ परिवहन विभाग के तकनीकी विंग की टीम कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार व परिवहन विभाग के लिए घायलों के जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकाघाट अस्पताल के अलावा गंभीर घायलों को नेरचौक स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, मंडी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में भी भर्ती करवाया गया है। उपमुख्यमंत्री ने एम्स बिलासपुर तथा मेडिकल कॉलेज, मंडी स्थित नेरचौक पहुंचकर घायलों का कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को सरकार की ओर से 25-25 हजार रुपए तथा घायलों को पांच-पांच हजार रुपए की फौरी राहत राशि प्रदान की गई है।

वहीं, एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने भी मसेरन के निकट तारंगला में हुई दुखद बस दुर्घटना के बाद घटनास्थल का दौरा किया और नागरिक अस्पताल सरकाघाट पहुंचकर उपचाराधीन घायलों का कुशलक्षेम जाना। उनके साथ हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. जेके आजाद भी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकाघाट में बस दुर्घटना में 8 लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में 21 अन्य लोग घायल हुए हैं। राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की हैं। वहीं, मुख्यमंत्री सुक्खू ने बस हादसे में आठ लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया और जिला प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि (एक्स-ग्रेशिया) का भुगतान अतिशीघ्र सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दुर्घटना में घायल हुए सभी व्यक्तियों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए, ताकि वे जल्द स्वस्थ हो सकें।

### दुर्घटना में इन लोगों ने गंवाई जान

**दुर्घटना** में मरने वालों में डोलमा देवी (68) पत्नी लश्करी राम निवासी रसेहड़, उपतहसील भदरोता, गीता देवी (65) पत्नी कृष्ण चंद निवासी रसेहड़ उपतहसील भदरोता, बर्फी देवी (78) पत्नी रूप सिंह निवासी भल्याणा, तहसील सरकाघाट, अंतरिक्ष पुत्र (17) किशोरी लाल निवासी थुर्ड, उपतहसील भदरोता, बलवीर सिंह (60) पुत्र सौजू राम निवासी पाटी भल्यारा, उपतहसील भदरोता, सुमन पुत्र जगदीश चंद निवासी मसेरन, तहसील सरकाघाट, कलासी देवी तारंगला मसेरन, तहसील सरकाघाट, प्रकाश चंद पुत्र महंत राम निवासी भटेह मकरेहड़, तहसील सरकाघाट शामिल हैं।


### अब भारत के 99 प्रतिशत सामान को ब्रिटेन में टैरिफ में मिलेगी राहत

# भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता

**एजेंसी, लंदन**

भारत और ब्रिटेन के बीच वीरवार को मुक्त व्यापार समझौता हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मौजूदगी में लंदन में एग्रीमेंट पर साइन हुए। इसे लेकर दोनों देशों के बीच 3 साल से बातचीत चल रही थी। इस समझौते से भारत से ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ यानी आयात शुल्क में राहत मिलेगी। इसका मतलब है कि भारत से जो सामान ब्रिटेन भेजा जाएगा, उस पर लगने वाला टैक्स या तो बहुत कम हो जाएगा या पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा।

वहीं, दूसरी ओर ब्रिटेन की कंपनियों के लिए भी यह समझौता फायदेमंद होगा। अब उन्हें भारत में व्हिस्की, कार और दूसरे उत्पाद बेचने में पहले से ज्यादा आसानी होगी। भारत इन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत से 3 प्रतिशत करेगा। समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार हर साल करीब 3 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ सकता है। (अनंत ज्ञान)



समझौते के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पीएम मोदी और ब्रिटिश पीएम स्टार्मर।

### कई सालों की मेहनत के बाद हुई डील : मोदी

**समझौते** के बाद नेताओं ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जताई। उन्होंने कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद आज दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मोदी ने कहा, 'यूके में रहने वाले भारतीय मूल के लोग हमारे संबंधों में एक लिविंग ब्रिज का काम करते हैं।' वहीं, ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों को लाभ होगा, वेतन में वृद्धि होगी, जीवन स्तर में सुधार होगा और कामकाजी लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। यह नौकरियों और व्यापार के लिए अच्छा है। टैरिफ में कमी लाएगा और व्यापार को सस्ता, तेज और आसान बनाएगा। स्टार्मर ने यह भी बताया कि 70 हजार करोड़ रुपए के नए निवेश और व्यापारिक सौदों को मंजूरी मिल गई है। स्टार्मर के प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पहली ब्रिटेन यात्रा है।

## ईडी की अनिल अंबानी के 50 ठिकानों पर छापेमारी



**एजेंसी, मुंबई।** ईडी ने वीरवार को मुंबई में उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े 50 स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा रिलायंस कम्युनिकेशंस और इसके प्रमोटर-निदेशक अनिल अंबानी को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के कुछ ही दिनों बाद की गई है। हालांकि अनलि अंबानी के निजी आवास पर तलाशी अभियान नहीं चलाया गया, लेकिन दिल्ली और मुंबई से आई ईडी की टीमों ने उनके समूह की कुछ कंपनियों से जुड़े परिसरों का दौरा किया। यह जांच रिलायंस अनिल अंबानी समूह कंपनियों की ओर से कथित धन शोधन से संबंधित है। (अनंत ज्ञान)

## मुंबई ट्रेन ब्लास्टः हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर वीरवार को रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। महाराष्ट्र सरकार ने इस फैसले के खिलाफ 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से आरोपियों की जेल से रिहाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट में महाराष्ट्र राज्य की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। बता दें कि ट्रेन ब्लास्ट केस में 13 लोग आरोपी थे। 12 सभी रिहा हो गए हैं और एक आरोपी की मौत हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर संसद में हंगामा

## विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर पोस्टर्स लहराए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र का वीरवार को चौथा दिन था। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर हंगामा करने लगे। कांग्रेस सहित कई विपक्षी सांसद वेल में आकर पोस्टर लहराने लगे। हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 12 मिनट चल सकी और इसे शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही सिर्फ 1:45 मिनट चल पाई। उधर, संसद के बाहर मकर द्वार पर बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया गया। सोनिया गांधी भी इसमें शामिल हुईं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने खतरे में लोकतंत्र लिखा पोस्टर लहराया।

वहीं, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, विपक्ष और खासकर कांग्रेस सदन को चलने नहीं दे रही है। वे बाहर आकर कहते हैं कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है, लेकिन वे सदन में चर्चा में भाग नहीं लेते, इसका क्या मतलब है? हम चर्चा के लिए तैयार हैं, वे चर्चा से भाग रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### तख्तियां लाने पर सदन नहीं चलेगा : बिड़ला



**लोकसभा** में प्रश्नकाल के दौरान जब केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी एक सवाल का जवाब दे रहे थे, तब भी विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी जारी रखी। इससे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला नाराज हो गए और उन्होंने कांग्रेस सांसदों से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है, जिसमें जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया जाता है। आप देश की इतनी पुरानी राजनीतिक पार्टी के सदस्य हैं, जिनका इस सदन के अंदर मर्यादा और गरिमा का इतिहास रहा है, लेकिन आप सदन में नारेबाजी करते हैं, तख्तियां लेकर आते हैं और मेजें ठोकते हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हम जिस तरह का व्यवहार करेंगे, उसका देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में क्या संदेश जाएगा?'

## रूसी प्लेन चीनी सीमा के पास क्रैश, सभी 49 लोगों की मौत



**एजेंसी, मास्को।** रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार सभी 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी शामिल थे। बचाव कर्मियों को टिंडा से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है। रॉयटर्स के मुताबिक यह विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर के गवर्नर वासिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर बताया कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है। लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने बताया कि विमान खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होते हुए टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास था। टिंडा पहुंचने से पहले वह रडार से गायब हो गया और उसका संपर्क टूट गया।

### विमान दूसरी बार लैंडिंग करने की कोशिश में रडार से हुआ गायब

**इंटरफैक्स** की रिपोर्ट के अनुसार, विमान पहले टिंडा एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश में नाकामयाब रहा। जब उसने दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश की, तभी वह रडार से गायब हो गया। तास समाचार एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह विमान टिंडा एयरपोर्ट से कुछ किलोमीटर पहले एक तय चेकपॉइंट पर भी संपर्क नहीं कर पाया। टिंडा शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 6,600 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है। (अनंत ज्ञान)

ABHILASHI GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC,
Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE
ADMISSION OPEN 2025-26
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in ELECTRICIAN
SANITARY HEALTH INSPECTOR
SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL)
FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
D.EL.Ed
B.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade
SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply
CONTACT FOR ADMISSION:
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashi-edu.in, www.tramiet.in
Email: abhilashigroup@gmail.com

IBM Innovation Centre For Education
QS I-GAUGE
Institution Of Happiness
NBA
ADMISSION OPEN
SSGI Since : 1996
SRI SAI GROUP OF INSTITUTES
Transforming Dreams into Reality
Dalhouse Road, Badhani Pathankot (Punjab) -145001
ENGINEERING | POLYTECHNIC | PHARMACY | EDUCATION
MANAGEMENT | HOTEL MANAGEMENT | PARAMEDICAL
Ph. No. 84271-84271, 94170-50602
www.srisaigroup.in

**आपदा** बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम ने शिमला में मुख्य सचिव से की बैठक

# हिमाचल में आपदाओं के कारणों की स्टडी शुरू

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं और उनके कारणों की गहराई से जांच के लिए गठित एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम ने वीरवार को मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना से भेंट की। यह टीम राज्य में बादल फटने, अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और मूसलाधार बारिश जैसी घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि के कारणों का पता लगाएगी।

**कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर रिपोर्ट सौंपेगी टीम**

मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सलाहकार कर्नल केपी सिंह के नेतृत्व में आई टीम को बताया कि इन आपदाओं से न केवल जनजीवन और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने जोर दिया कि हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता और प्रभाव में वृद्धि हुई है, जिससे आपदा प्रभावितों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और राज्य के समग्र विकास पर दीर्घकालिक असर पड़ रहा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि पहाड़ी राज्यों के सामने आपदाओं, राहत कार्यों और पुनर्वास को लेकर गंभीर चुनौतियां होती हैं। इसलिए, यह अत्यंत आवश्यक है कि इन आपदाओं के कारणों की गहराई से जांच हो ताकि जान-माल के नुकसान को कम किया जा सके और भविष्य के लिए बेहतर तैयारियां सुनिश्चित की जा सकें।



मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम के सदस्य।

### आपदा प्रभावित क्षेत्रों का करेगी दौरा

**केंद्रीय** टीम जल्द ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी व एक सप्ताह के भीतर गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन प्रभाग को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। केंद्रीय टीम में सीएसआईआर-सीबीआरआई (रुड़की) के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एस. के. नेगी, मणिपुर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त भू-वैज्ञानिक प्रो. अरुण कुमार, आईआईटीएम (पुणे) की रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. सुस्मिता जोसफ और आईआईटी इंदौर की सिविल इंजीनियरिंग प्रो. डॉ. नीलिमा सत्यम शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ताल, महल व अन्य गांवों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के अंतर्गत ताल अनुभाग में 25 जुलाई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव ताल, दियोट, बुमाणा, जलसरा, बुठवीं, धनवी, अमनेड़, राहजोल, महल, भ्याड़ और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। विद्युत उपमंडल लंबलू के सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने उपभोक्ताओं से सहयोग मांगा है।

### सार्थक ने पास की नवोदय की प्रवेश परीक्षा



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** सार्थक ने सत्र 2025-26 में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में सार्थक पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में छठी कक्षा का छात्र है, जो टिक्करी घुरालं गांव, डाकघर लुहर महादेव से संबंध रखता है। सार्थक के पिता डॉ. संदीप कुमार प्रदेश विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं और माता सीमा देवी ने भी उच्च शिक्षा प्राप्त की है। उनका अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने का निर्णय सच में सही साबित हुआ है। सार्थक की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ. राजगीर सिंह, मुख्याध्यापक राजेश शर्मा ने स्टाफ सहित इस छात्र की सफलता पर बधाई देते हुए इस बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। सार्थक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता,दादा और सहपाठियों को देते हुए बताया कि यह केवल उनके विद्यालय के अनुभवी गुरुजनों के ज्ञान और कठिन परिश्रम के द्वारा ही संभव हो पाया है।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही सरकार



**अनंत ज्ञान, नादौन।** कृषि विभाग की आतमा परियोजना के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए वीरवार को नादौन के ग्राम पंचायत अमलेहड़ और ग्वालपत्थर पंचायत में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। अमलेहड़ पंचायत के गांव भवड़ां, पुखरू, पलासर और खुए दी बूं में आयोजित शिविरों के दौरान लगभग 90 किसानों का प्राकृतिक खेती के लिए पंजीकरण किया गया, जबकि, ग्वालपत्थर पंचायत के गांव करड़ी, भरारता और क्वांट में आयोजित शिविरों के दौरान लगभग 200 किसानों का पंजीकरण किया। इस अवसर पर आतमा परियोजना हमीरपुर के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है तथा प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों को उच्चतम दाम दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर आतमा परियोजना के ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर डॉ. नरेंद्र ठाकुर और सहायक टेक्निकल मैनेजर अक्षय कुमार चड्ढा ने भी किसानों को कई जानकारियां दीं। अमलेहड़ पंचायत की प्रधान सोनिया ठाकुर और ग्वालपत्थर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने शिविरों के आयोजन के लिए आतमा परियोजना के अधिकारियों का धन्यवाद किया। जागरूकता शिविरों में ब्लॉक कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष कैप्टन सुनील दत्त शर्मा, हिमको निदेशक मंडल के सदस्य संतोष शर्मा, राजेंद्र शर्मा और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 26 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक उपरोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 से लेकर 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

### रोहित को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मानित



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** रोहित शर्मा पटवारी पटवार वृत्त बिहाल तहसील हटवाल जिला को उनकी पदोन्नति कानूनगो के पद वृत्त बोहनी (लंबलू) उपतहसील लंबलू के लिए हो गई है। शुक्रवार को तहसीलदार बिझड़ी संदीप कुमार सहित तहसील कार्यालय के समस्त कर्मचारियों की ओर से बधाई देते हुए विदाई समारोह आयोजित किया गया। तहसीलदार संदीप कुमार ने विदाई समारोह में भावुक होकर पदोन्नत कानूनगो को बेहतर सेवाएं देने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर नायब तहसीलदार रोशन लाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### चमराल के छात्र दिशांत का नवोदय में हुआ चयन



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** शिक्षा खंड नादौन की राजकीय पाठशाला चमराल के 5वीं कक्षा में पास हुए छात्र दिशांत चौधरी पुत्र दिनेश कुमार गांव चमराल निवासी का नवोदय विद्यालय हमीरपुर (डुंगरी) में चयन होने पर पाठशाला के प्रभारी बलिराम सहायक सुनील कुमार ने बच्चे एवं उसके माता-पिता को बधाई दी एवं बच्चे के भविष्य में और अधिक सफलताएं हासिल करने की शुभकामनाएं दी हैं।

### विशाल मौर्य का नवोदय के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** शिक्षा खंड नादौन की राजकीय पाठशाला पलयाल के 5वीं कक्षा में पास हुए छात्र विशाल मौर्य सपुत्र अजय पाल निवासी वरेली उत्तरप्रदेश का जवाहर नवोदय विद्यालय हमीरपुर (डुंगरी) में चयन होने पर पाठशाला के प्रभारी आनंद कुमार, सहायक विनोद कुमार, अध्यापिका सीमा देवी, एस एम सी अध्यक्ष सोनू कौशल ने बच्चें एवं उसके माता पिता को विशेष रूप से बधाई दी एवम बच्चे. के भविष्य में और अधिक सफलतायें हासिल करने की शुभकामनायें दी हैं।

### प्रभावितों को 5 करोड़ देने पर राहुल का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ से हुई भारी क्षति को देखते हुए हिमाचल के लिए पांच करोड़ की धनराशि दी गई है, जिसके लिए हिमाचल प्रदेश की जनता उनका आभार व्यक्त करती है। यह बात अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह कदम उनकी हिमाचल के प्रति संवेदनशीलता और लगाव को दर्शाता है।

### वर्षा के पानी को सीवरेज से जोड़ने पर कटेगा कनेक्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** वर्षा के पानी की पाइप को सीवरेज की लाइन या चैंबर से जोड़ने वाले उपभोक्ताओं को जलशक्ति विभाग ने एक बार फिर चेतावनी जारी की है। जलशक्ति विभाग के उपमंडल हमीरपुर के सहायक अभियंता ने बताया कि उपभोक्ताओं को विभाग की ओर से बार-बार चेतावनी भी जारी की जा रही है। इसके बावजूद कई उपभोक्ता अपने मकान की छतों से वर्षा के पानी की पाइप को सीवरेज लाइन या चैंबर से जोड़ रहे हैं। सहायक अभियंता ने कहा कि यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करता हुआ पाया गया तो उसका सीवरेज कनेक्शन पूर्व नोटिस के बगैर ही तुरंत प्रभाव से काट दिया जाएगा।

### भोरंज के 3 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय मान्यता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर उपमंडल भोरंज ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भोरंज खंड के अंतर्गत आने वाले सिविल अस्पताल भोरंज से संबद्ध तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर जोल, अमनेड़ और चंदरुही को नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इन केंद्रों को अब भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सात प्रमुख सेवा पैकेज प्रदान करने की पात्रता प्राप्त हो गई है। इनमें गर्भवती महिलाओं की देखभाल से लेकर नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, किशोरावस्था स्वास्थ्य, संचारी और गैर-संचारी रोगों का प्रबंधन, दवाइयां और जांच सेवाएं तथा परिवार नियोजन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं शामिल हैं। प्रत्येक केंद्र को इस उपलब्धि के लिए प्रत्येक वर्ष ₹1,26,000 की विशेष अनुदान राशि भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर सीएचओ रमा, रीनू, गुरजीत कौर, संजीव कतना, अमरदीप शर्मा, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नितांत शर्मा तथा ब्लॉक अकाउंटेंट बलबीर सिंह मौजूद रहे और उन्होंने टीम के कार्य तथा समर्पण को इस सफलता का मूल आधार बताया। भोरंज के बीएमओ डॉ ललित कालिया ने बताया कि यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए एक गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि 11 और आयुष्मान आरोग्य मंदिर शीघ्र ही राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कर लेंगे।

---

संस्थान की वेबसाइट में समस्या से निपटने को विवि प्रशासन ने कंपनी को दिया था 10 दिन का समय, नहीं हुआ हल

# तकनीकी विवि की काउंसिलिंग में देरी

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर द्वारा बार-बार काउंसिलिंग का शेड्यूल बदला जा रहा है। इसका मुख्य कारण तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट में सर्वर की समस्या बताई जा रही है। जिस प्रकार विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा काउंसिलिंग का रोस्टर अपलोड किया जा रहा था, वह कॉलेजों को ठीक ढंग से नहीं पहुंच रहा था। न ही काउंसिलिंग का डाटा सही ढंग से अपलोड हो रहा था।

हालांकि सर्वर की समस्या का हल करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कंपनी को 10 दिन का समय दिया था, लेकिन 10 दिन में यह समस्या हल नहीं हो पाई है। यही कारण है कि विश्वविद्यालय में काउंसिलिंग को दोबारा से शेड्यूल जारी किया गया है। बता दें कि वेबसाइट में सर्वर की समस्या के कारण ऑनलाइन काउंसिलिंग में समस्या आ रही थी। इसके चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऑफलाइन काउंसिलिंग करवाने का निर्णय लिया है तथा काउंसिलिंग का नया शेड्यूल जारी किया है।

**नए शेड्यूल के अनुसार आज से शुरू की जा रही है ऑफलाइन काउंसलिंग**



तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की वेबसाइट में सर्वर की समस्या से काउंसिलिंग में देरी हो रही है।

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर द्वारा जारी किए गए नए शेड्यूल के अनुसार अब 25 जुलाई से पहले चरण की काउंसिलिंग शुरू होगी। नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए 25 जुलाई को बीफार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की पहले चरण की काउंसिलिंग शुरू होगी। पहले दिन एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणी की मुख्य श्रेणी और उपश्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग के लिए बुलाया है। बीफार्मेसी की काउंसिलिंग हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की मेरिट के आधार पर होगी।

तकनीकी विवि द्वारा बीफार्मेसी की काउंसिलिंग पांच सरकारी और 13 निजी शिक्षण संस्थानों की 1820 सीटों को भरने के लिए आयोजित की जा रही है। 26 जुलाई को सामान्य श्रेणी और ऑल इंडिया कोटे सहित सामान्य वर्ग की उपश्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी।

दोनों दिनों में आवंटित सीटों वाले अभ्यर्थियों को संबंधित शिक्षण संस्थान में 29 जुलाई तक रिपोर्ट करना होगा। तकनीकी विवि के कुलसचिव ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके अलावा 26 जुलाई को ही बीसीए, बीबीए और बीएचएमसीटी व बीएससी एचएमसीटी की पहले चरण की काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। बीसीए, बीबीए और बीएचएमसीटी व बीएससी एचएमसीटी की काउंसिलिंग उन्हीं शिक्षण संस्थानों में होगी, जहां पर उपरोक्त कोर्स चलते हैं।

### 20 अगस्त तक आयोजित की जाएगी काउंसलिंग

**तकनीकी** विश्वविद्यालय हमीरपुर में काउंसिलिंग की प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू की जानी थी, लेकिन सर्वर की समस्या से 25 जुलाई को यह प्रक्रिया शुरू की जा रही है। काउंसिलिंग प्रक्रिया में 10 दिन की देरी हुई है। इस बारे में तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति कमल देव सिंह कंवर ने बताया कि सर्वर की समस्या के कारण काउंसिलिंग में देरी हुई है। उन्होंने कहा कि काउंसिलिंग 15 जुलाई से शुरू होनी थी, लेकिन इसे 25 जुलाई से शुरू किया जा रहा है।

---

# सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों से समीरपुर मंडल को मिली कई सौगातें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी समीरपुर मंडल के अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली, महामंत्री संजीव कुमार और महामंत्री कैप्टन हिटलर ठाकुर ने संयुक्त रूप में कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र में हिमाचल प्रदेश की आपदा का मुद्दा प्रभावशाली ढंग से उठाया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश की आपदा से निपटने के लिए 451.44 करोड़ रुपए की राहत राशि जारी की, जिससे राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी आएगी।



भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर के अथक प्रयासों से भोरंज विधानसभा क्षेत्र को भी करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगातें मिली हैं। उन्होंने बताया कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बजट स्वीकृत करवाया गया है। इसके अतिरिक्त झनिकर से बढ़ार वाया कैहरवीं तक सड़क निर्माण हेतु भी केंद्रीय सहायता राशि मंजूर करवाई गई है। भाजपा नेताओं ने बताया कि एनएच-03 का अवाहदेवी तक निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अनुराग ठाकुर ने संबंधित कंपनी को निर्देश दिए हैं कि कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि आमजन को सुविधा मिल सके। मंडल अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यह सभी विकास कार्य सांसद अनुराग ठाकुर की जनभावनाओं के प्रति प्रतिबद्धता और विकासोन्मुख सोच को दर्शाते हैं। इसके लिए समीरपुर मंडल के सभी पदाधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने सांसद का आभार व्यक्त किया है।

**सांसद निधि से समीरपुर मंडल की पंचायतों के लिए भी राशि स्वीकृत :** सांसद निधि से समीरपुर मंडल के विभिन्न पंचायतों में विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। अमन पंचायत के श्मशानघाट में वर्षाशालिक निर्माण के लिए 1,50,000 रुपए, पंचायत हनोह लिंक रोड निर्माण के लिए 1,50,000 रुपए, पंचायत दाढ़ी महिला मंडल भवन निर्माण के लिए 2,00,000 रुपए, पंचायत बराड़ा एंबुलेंस रोड निर्माण के लिए 2,00,000 रुपए, पंचायत कंज्याण सराय हेतु 1,00,000 रुपए की राशि स्वीकृत की है।

---

# बीडीसी दुकान की नीलामी 22 अगस्त को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के परिसर में डांग क्वाली के साथ लगती पंचायत समिति की एक दुकान को मासिक किराये पर दिया जाएगा। इसकी नीलामी 22 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे पंचायत समिति हॉल में निर्धारित की गई है। खंड विकास अधिकारी एवं पंचायत समिति की मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमांशी शर्मा ने बताया कि इस दुकान का न्यूनतम आरक्षित मासिक किराया पांच हजार रुपए निर्धारित किया गया है। इस बोली में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को दस हजार रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। नीलामी की अन्य शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए खंड विकास अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में संपर्क किया जा सकता है।

# शादियों में फिर सुनाई देने लगी पुराने वाद्य यंत्र रणसिंघा की मधुर ध्वनि

**अशो कुमार, अनंत ज्ञान**

**गलोड़।** पिछले कुछ वर्षों से खास कर हमीरपुर जिले में विवाह शादियों में बजाए जाने वाले पुराने वाद्य यंत्रों की जगह डीजे ने ले ली है और विवाह शादियों में बजने वाले पुराने वाद्य यंत्र लगभग लुप्त होने की कगार पर पहुंच गए हैं, मगर अब एक बार फिर उन्हीं पुराने वाद्य यंत्रों की ओर युवाओं का रुझान बढ़ने लगा है। अब अधिकांश लड़के की शादी में पुराने जमाने में धार्मिक और युद्ध के दौरान बजने वाला रणसिंगा हमीरपुर जिले की हर विवाह शादी में दिखाई देने लगा है और लोग शान से इस वायु वाद्य यंत्र रणसिंघा की मांग करने लगे हैं।

हालांकि हिमाचल के ऊपरी पहाड़ी जिलों में आज भी इन्हीं वायु वाद्य यंत्रों का प्रचलन है, लेकिन हमीरपुर जिले में पुराने इन वाद्य यंत्रों की जगह डीजे ने ले ली है। डीजे की तेज आवाज से गांव के बुजुर्गों और पढ़ाई करने वाले बच्चों पर इस का बुरा प्रभाव भी पड़ता है, मगर फिर भी लोग डीजे को देर रात तक बजाते रहते हैं। युवा राजेश भाटिया ने बताया कि उन्होंने अभी 6 माह पहले ही इस वायु वाद्य यंत्र को 20,000 रुपए में खरीदा है और यह पांच धातुओं से बना है और अधिकांश में तांबा लगा है।

इस वायु वाद्य यंत्र को उन्होंने चंबा के कारीगर से बनवाया है। कारीगर ने इसे बनाने के लिए 15 से 20 दिन लिए थे। जब से उन्होंने यह वायु वाद्य यंत्र खरीदा है, उनके काम में भी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि यह कार्य उनका पुश्तैनी है और वह अपने इस कार्य को पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रखना चाहते हैं। कुछ युवा इन पुराने वाद्य यंत्रों को बजाने से शर्माते हैं, मगर आज के इस दौर में एक बार फिर इन पुराने दौर को ज्यादातर लोग पसंद करने लगे हैं।

# एबीवीपी ने मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मांगों को लेकर वीरवार को महाविद्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला संयोजक अनिकेत ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर महाविद्यालय में पूरे प्रदेश से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं, लेकिन हमीरपुर महाविद्यालय में प्राध्यापक के रिक्त चल रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है, साथ ही प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इकाई उपाध्यक्ष प्रियांशु के प्रदेश सरकार द्वारा लाई गई ट्रेनी पॉलिसी का विरोध किया तथा इस पॉलिसी को छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया।



हमीरपुर कॉलेज में एबीवीपी के सदस्य मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**प्रदेश स्तरीय ये रखी प्रमुख मांगें :** छात्र संघ चुनाव बहाल हों, लोकतांत्रिक अधिकार की बहाली हो, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शीघ्र लागू हो, शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक द्वेष से तालाबंदी बंद हो, संस्थानों की आधारभूत संरचना और मूल्यांकन प्रणाली सुदृढ़ हो, नशा व खनन माफिया पर कठोर कार्रवाई कर कानून व्यवस्था सुधारी जाए, विभागों में रिक्त पद शीघ्र भरे जाएं तथा आपदा प्रभावितों को उचित मुआवजा मिले।

**हमीरपुर जिला स्तरीय ये रखी मांगें :** सभी कॉलेजों में कक्षाएं, लैब, लाइब्रेरी, इंटरनेट, पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों, जिले के सभी कॉलेजों रिक्त प्राध्यापक पद भरे जाएं, कॉलेज परिसरों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जाए, पक्षपाती शिक्षकों पर कार्रवाई हो, कम छात्र संख्या वाले कॉलेजों जैसे धनेटा संधोल में भी एनसीसी और एनएसएस की सुविधा मिले, सभी कॉलेजों में बस पास काउंटर और पर्याप्त परिवहन सुविधा सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया तथा विरोध प्रदर्शन किया।

# नादौन कॉलेज के पांच छात्रों की बैंक में कैंपस प्लेसमेंट

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट कॉलेज नादौन में करियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सौजन्य से एचडीएफसी बैंक द्वारा एक विशेष कैंपस इंटरव्यू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीबीए, बीकॉम एवं एमकॉम विभागों के 25 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में छात्रों का इंटरव्यू लेकर उनमें से 5 छात्रों का चयन किया गया, जो अब बैंक की आगे की भर्ती प्रक्रिया में भाग लेंगे। इस साक्षात्कार कार्यक्रम का संचालन एचडीएफसी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र ठाकुर ने किया। उन्होंने छात्रों की संवाद क्षमता, पेशेवर दृष्टिकोण, विषयगत जानकारी और बैंकिंग क्षेत्र की समझ का गहन मूल्यांकन किया, साथ ही उन्होंने छात्रों को निजी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं, बैंकों में कार्य संस्कृति और सफलता के लिए आवश्यक व्यवहारिक कौशलों के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया।



सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट कॉलेज नादौन में एचडीएफसी के अधिकारी छात्रों का इंटरव्यू लेते हुए।

कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने एचडीएफसी बैंक के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्लेसमेंट शिविर न केवल छात्रों को नौकरी के अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढालने की प्रेरणा भी देते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के समन्वयक, संबंधित विभागों के प्राध्यापकगण तथां छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पार्वती महिला मंडल घनोतला ने प्रभावितों के लिए 14,600 रुपए एकत्रित किए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिले के घनोतला गांव की पार्वती महिला मंडल ने मंडी जिले की सराज घाटी के आपदा प्रभावित लोगों के लिए 14600 रुपए एकत्रित किए हैं। महिला मंडल की सदस्यों ने क्लब के सदस्य पवन कुमार के माध्यम से प्रेस क्लब हमीरपुर को यह धनराशि सौंपी, जिन्होंने इसे क्लब की अध्यक्ष को सौंपा। महिला मंडल की अध्यक्ष सुषमा देवी ने कहा कि सभी को आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए और इस नेक काम में योगदान देना चाहिए।

क्लब के अध्यक्ष दिनेश कंवर ने बताया कि यह निर्णय लिया गया है कि सराज में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए दूसरा दौरा 10 अगस्त से शुरू होगा। उन्होंने लोगों से यथासंभव योगदान देने का आग्रह किया।

# एनएचएआई ने कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया तो कांग्रेस करेगी चक्का जाम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

निर्माणाधीन शिमला-मटौर फोरलेन के चील बाहल से कोहली पैच के निर्माण में अनियमिताएं बरतने और अवैज्ञानिक तरीके से पहाड़ काटने पर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती ने एनएचएआई और निर्माण कंपनी को घेरा है। उन्होंने केंद्र सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।



सुमन भारती ने आरोप लगाया कि निमार्णाधीन कंपनी क्षेत्रवासियों की समस्याओं और उनके आपत्तियों को दूर करने की जगह मनमाने ढंग से काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कंपनी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करती है तो जनता कंपनी ऑफिस या निर्माणाधीन एनएचएआई का काम चक्का जाम भी करने से गुरेज नहीं करेगी।

कांग्रेस निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा कि मसियाना की पहाड़ी के पास वैज्ञानिक तरीके से पहाड़ को काटकर कुनाह खड्डु में मलबा डंप किया गया है। यहां पर निर्धारित संख्या में डंपिंग साइट भी विकसित नहीं की गई है जिससे सरकारी जमीन की ओर मलबा फेंका जा रहा है। क्षेत्र में छोटे-बड़े नाले में मलबा फेंके जाने से लोगों के घरों को खतरा पैदा हो गया है।

# विधायक कमलेश ने फस्टे पंचायत के लोगों की सुनी जनसमस्याएं

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी एवम. देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायिका कमलेश ठाकुर ने नादौन विधानसभा क्षेत्र की फस्टे पंचायत का विशेष दौरा किया। इस दौरान उनके साथ उपमंडल नादौन के प्रशासनिक अधिकारियों के अतिरिक्त ओबीसी वर्ग के वित्त विकास निगम के चेयरमैन डॉ. मोहन लाल कोंडल, पूर्व पंचायत उपप्रधान राजेश कुमार पिंका, वर्तमान उपप्रधान चुन्नी लाल, पूर्व. बीडीसी सदस्य सीमा देवी के अतिरिक्त क्षेत्र कई और गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

कमलेश ठाकुर द्वारा इस दौरान लोगों की जन समस्याओं को सुना। लोगों ने कमलेश ठाकुर को बताया कि बिल्लकलेश्वर मंदिर में बिजली का सिंगल फेस कनेक्शन होने से यहां धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी परेशानी होती है। अत: इस समस्या का बिजली बोर्ड के अधिकारियों को अतिशीघ्र समाधान करने के आदेश दिए जाएं। बिल्लकलेश्वर महादेव सुधार सभा ने इस दौरान बताया कि ब्यास नदी में खनन के कारण नदी का बहाव मंदिर की पांडवों के समय में निर्मित सीढ़ियों की ओर हो जाने से इन ऐतिहासिक पोड़ियों का अस्तित्व खतरे में हैं।



विधायक कमलेश ठाकुर बिल्लकलेश्वर में शिव धाम के निर्माण कार्य का निरीक्षण करती हुई।

### शिव धाम पार्क के कार्य का भी किया निरीक्षण

इन पोड़ियों का अस्तित्व कायम रखने. के. लिए यहां डंगों का लगना अति आवश्यक है, ताकि इससे हमारी ऐतिहासिक धरोहर को क्षति न पहुंचे। इसके लिए कमलेश ठाकुर ने लोगों. को पूर्ण आश्वासन दिया कि उनकी इस मांग का अतिशीघ्र समाधान किया जाएगा एवं भरोबड़ से बटाहली बिल्ल कलेश्वर सड़क का भी अतिशीघ्र सुधारिकरण किया जाएगा ताकि इस धार्मिक स्थल पर लोगों को आने जाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

इस दौरान कमलेश ठाकुर ने बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में लगभग 35 लाख के अनुमानित बजट राशि से बन रहे शिवधाम के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य को अतिशीघ्र सकारात्मक रूप देने के आदेश दिए ताकि पर्यटन के रूप में विकसित किए जा रहे इस क्षेत्र में अतिशीघ्र पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ सके। इस अवसर पर कमलेश ठाकुर ने बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम के समापन में भी विशेष रूप से भाग लिया।

**जीत** हिमाचल प्रदेश की राष्ट्रीय कोर्फबाल प्रतियोगिता में धमाकेदार शुरुआत

# सब-जूनियर में हिमाचल ने उत्तर प्रदेश को हराया

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** तमिलनाडू के चेन्नई में वीरवार से शुरू हुई 21वीं सब जूनियर व 30वीं जूनियर राष्ट्रीय कोर्फबाल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की दोनों टीमों नें शानदार खेल की बदौलत धमाकेदार जीत दर्ज की है। हिमाचल प्रदेश की टीम के कोच एवं सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक देवदत्त प्रेमी ने बताया कि सब जूनियर प्रतियोगिता में हिमाचल सहित 13 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें चार पूल बनाए गए है।

हिमाचल को डी पूल में रखा गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्य की टीम को रखा गया है। पहले लीग मुकाबले में हिमाचल की टीम ने अच्छे खेल की बदौलत उत्तर प्रदेश की टीम को 13-1 से पराजित करके धमाकेदार जीत दर्ज की। इस जीत में हिमाचल प्रदेश की टीम के कप्तान आदि ने 4 गोल, अभिषेक ने 3, सारांश, दर्शिता व आस्था ने 2-2 गोल करके मैच के अंत तक बढ़त कायम रखी।



जीत के बाद हिमाचल की सब जूनियर टीम कोच देवदत्त प्रेमी के साथ खुशी मनाते हुए।

हिमाचल के खिलाड़ियों का अगला मैच आज पश्चिम बंगाल से होगा। इसी तरह जूनियर वर्ग में 16 राज्यों की टीमें भाग ले रही है। हिमाचल प्रदेश को डी पूल में रखा गया, जिसमें बिहार, पश्चिम बंगाल व उत्तराखंड राज्य की टीमों को रखा गया है।

हिमाचल प्रदेश की टीम ने पूरे तालमेल के साथ खेलते हुए उत्तराखंड की टीम को 10-1 गोल के अंतर से पराजित करके जीत से आगाज किया है। दोनों टीमों की पहली जीत पर प्रदेश कोर्फबाल विकास एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष बीआर. सुमन. भारतीय टीम के कोच विनोद ठाकुर व अर्थशास्त्र प्रवक्ता पवन रांगड़ा ने खिलाड़ियों व कोच का बधाई दी है।

# सैनिक परिवारों को कानूनी मदद के लिए खुलेगी विधिक सेवाएं क्लीनिक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

वीर सैनिकों के परिवारों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर वीर परिवार सहायता योजना-2025 आरंभ करने जा रही है।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष 26 जुलाई को वीर परिवार सहायता योजना का शुभारंभ करेंगे तथा देशभर के राज्यों के सैनिक कल्याण बोर्डों में स्थापित होने वाली विधिक सेवाएं क्लीनिकों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इसी कड़ी में, हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम के मुख्यालय में स्थापित होने वाली विधिक सेवाएं क्लीनिक का शुभारंभ भी वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में जिला के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक निगम और सैनिक कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अधिवक्ता और वीर सैनिकों के परिजन उपस्थित रहेंगे। कुलदीप शर्मा ने बताया कि विधिक सेवाएं क्लीनिक में भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों तथा उनके परिजनों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान सभा की बैठक में किसानों व मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** आज किसान कांग्रेस रामपुर बुशहर की विशेष बैठक रामपुर बुशहर में आयोजित की गई। बैठक किसान कांग्रेस रामपुर बुशहर के अध्यक्ष राकेश साहनी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला शिमला की जिला अध्यक्षा ममता ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में किसान सभा के पदाधिकारी और सदस्य की उपस्थिति लगभग शत प्रतिशत रही। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा के अध्यक्ष राकेश साहनी ने कहा कि आज की बैठक को आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य यह कि आने वाले समय में बुशहर के सभी किसान किसान सभा के सदस्य के रूप में जोड़े जाएंगे और ग्राम किसान कमेटियों का गठन किया जाएगा। किसान सभा रामपुर बुशहर बीमा, आवासीय पट्टे सहित अनेक लड़ाई लड़ेगी। अध्यक्ष साहनी ने कहा कि केंद्र की सरकार में अगर किसी की बदहाल स्थित है तो वह किसानों की है। इसके बाद मजदूर बेरोजगार नौजवानों की है। यह सरकार किसानों को दोगुना दाम देने का दंभ भर कर सरकार में आई लेकिन बेरोजगारों को रोजगार देने व मजदूरों को मजदूरी बढ़ाने की बात करती थी लेकिन आज स्थिति यह है कि इस संबंध में कोई बोलने को तैयार नहीं है। इसके लिए किसानों को संगठित हो कर संघर्ष करना पड़ेगा।

### हिमाचल में नशा मुक्ति केंद्रों पर राज्यपाल की नाराजगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश में नशा मुक्ति कें द्रों की स्थापना में हो रही देरी पर कड़ी



नाराजगी जाहिर की है। वीरवार को राजभवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सिरमौर में जमीन तलाशने की बात हो रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते कदम नहीं उठाए, तो हिमाचल भी 'उड़ता पंजाब' की तरह 'उड़ता हिमाचल' बन सकता है। राज्यपाल ने जन जागरूकता को नशा उन्मूलन का सबसे प्रभावी तरीका बताते हुए पंचायतों की सक्रिय भूमिका की सराहना की। उन्होंने इस विषय पर राज्य सरकार को पत्र लिखकर जवाब भी मांगा है। आपदा राहत को लेकर राज्य और केंद्र के बीच संवादहीनता पर भी राज्यपाल ने असंतोष जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के उस बयान को अनुचित बताया, जिसमें कहा गया था कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर केंद्र से बात करें। शुक्ल ने स्पष्ट किया कि केंद्र से संवाद करना सरकार का कार्य है, विपक्ष का नहीं। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र नुकसान का आकलन कर रहा है, पर जमीन देना और प्रभावितों को बसाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

**क्रूरता** ठूंसकर भरे थे 9 पशु; पंजाब की ओर से आ रहा टैंकर आरटीओ बैरियर पर पकड़ा, आरोपी फरार

# गड़ामोड़ा में ऑयल टैंकर से गो तस्करी का भंडाफोड़

राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** हिमाचल प्रदेश में गो-तस्करी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिला बिलासपुर के गड़ामोड़ा स्थित आरटीओ बैरियर पर स्वारघाट पुलिस ने एक ऑयल टैंकर से गोवंश से भरा हुआ वाहन बरामद किया है। यह टैंकर पंजाब की ओर से हिमाचल में दाखिल हो रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरटीओ बैरियर पर नाका लगाकर वाहन को रोका और जब उसे जांच के लिए खोला गया तो अधिकारी भी हैरान रह गए।

टैंकर के भीतर 9 गोवंश (3 गाय और 6 बैल) को क्रूरतापूर्ण ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। इनमें से एक बैल की मौत हो चुकी है। टैंकर की संरचना को भीतर से इस प्रकार संशोधित किया गया था कि बाहर से यह पूरी तरह से ऑयल टैंकर ही प्रतीत हो रहा था, जिससे किसी को संदेह न हो। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इन गोवंशों को अवैध रूप से ले जाया जा रहा था और संभवतः इनका वध किया जाना था। पुलिस कार्रवाई के दौरान जब वाहन रोका गया, तो चालक व उसका एक सहयोगी मौका पाकर भाग निकले। दोनों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है तथा पशुओं को सुरक्षित गौशाला पहुंचा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। वाहन में पशुओं को बिना किसी अनुमति के भरकर ले जाया जा रहा था। टैंकर को विशेष रूप से गो-तस्करी के लिए संशोधित किया गया था। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पशु क्रूरता अधिनियम, गोवंश संरक्षण अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि गो-तस्करी की बढ़ती घटनाओं पर सख्ती से लगाम लगाई जाए और सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाई जाए।





पशुओं को बाहर निकालते लोग।

#### प्रशासन की चेतावनी

**प्रशासन** ने स्पष्ट किया है कि गो तस्करी जैसे अपराधों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीमावर्ती नाकों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के आदेश दे दिए गए हैं। यह मामला न केवल कानून व्यवस्था के लिहाज से चिंताजनक है, बल्कि यह पशु कल्याण और मानवीय मूल्यों के भी खिलाफ है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की तह तक जाने का प्रयास कर रही है, जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की रणनीति पर मंथन

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रबंधन की नई रणनीति पर केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त बैठक शिमला में आयोजित हुई। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम ने राज्य अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।



शिमला में आपदा प्रबंधन पर केंद्र व राज्य की उच्च स्तरीय बैठक।

अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) केके पंत ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिमाचल की भौगोलिक स्थितियां अन्य राज्यों से भिन्न हैं, इसलिए आपदा बहाली और पुनर्वास के लिए वर्तमान मानदंडों में बदलाव आवश्यक है। उन्होंने केंद्रीय जल आयोग और भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण से राज्य में आपदाओं के कारणों का गहन अध्ययन करने का आग्रह किया।

पंत ने आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली और सटीक डेटा संग्रह के महत्व को रेखांकित करते हुए पूरे प्रदेश में सेंसर लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपदा के बाद की स्थिति के साथ-साथ आपदा से पहले की तैयारी भी उतनी ही जरूरी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी 2023 से घट रही बादल फटने की घटनाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

विशेष सचिव (आपदा प्रबंधन) डीसी राणा ने बताया कि 2018 से अब तक राज्य में 148 बादल फटने, 294 अचानक बाढ़ और 5,000 से अधिक भू-स्खलन की घटनाएं हुई हैं। अकेले 2023 में आपदाओं से 10,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और मंडी जैसे जिले अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं। जलवायु परिवर्तन को इन आपदाओं में वृद्धि का मुख्य कारण बताया गया।

## हिमाचल में नई ट्रेनी पॉलिसी ने किया 'एड-हॉक' का अंत

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक नई ट्रेनी पॉलिसी लागू की है, जिसका मुख्य उद्देश्य सरकारी विभागों के कामकाज को पहले से कहीं अधिक सहज, दक्ष और कार्यकुशल बनाना है। यह नीति एड-हॉक प्रणाली को पूरी तरह से समाप्त करने और नियुक्त किए गए कर्मचारियों को सिर्फ दो वर्षों में नियमित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पहले, अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण की अवधि 8 साल तक हो सकती थी, जो विभिन्न सरकारों के निर्णयों पर निर्भर करती थी। अब, यह स्पष्ट है कि नई पॉलिसी में दो साल की अवधि के बाद किसी भी प्रशिक्षु की सेवा समाप्त करने का कोई प्रावधान नहीं है, जो युवाओं के लिए एक बड़ी राहत है।

**सिर्फ दो साल में होंगे कर्मचारी नियमित**

जानकारी के अनुसार कुछ हलकों में इस नीति को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, लेकिन सरकार का मानना है कि यह नीति युवाओं के हित में तैयार की गई है। इस पर सवाल उठाने वालों को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि हिमाचल के युवाओं की नियमित भर्ती का एक महत्वपूर्ण स्रोत, अग्निवीर योजना, पूरी तरह से कैसे बंद हो गई है और 23 वर्ष की उम्र में सेवा से बाहर होने वाले युवाओं के भविष्य के लिए क्या योजनाएं बनाई जा रही हैं।

#### अब भी प्रशिक्षु दो साल के प्रशिक्षण पर ही रहेंगे

**यह** नई नीति पुरानी अनुबंध नीति के अधिकतर प्रावधानों के अनुरूप है। पहले भी कर्मचारियों को दो साल तक अनुबंध पर रखा जाता था और अब भी प्रशिक्षु दो साल के प्रशिक्षण पर रहेंगे। इस नीति में दो साल की प्रशिक्षण अवधि के बाद एक सामान्य विभागीय परीक्षा का प्रावधान है, जिसके बारे में कार्मिक विभाग जल्द ही स्थिति स्पष्ट करेगा। यह सुनिश्चित किया गया है कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग और राज्य चयन आयोग के माध्यम से चयनित होने वाले सभी अभ्यर्थी दो वर्ष के बाद नियमित किए जाएंगे।

#### पुरानी कांट्रैक्ट्स पॉलिसी को किया दुरुस्त

**पुरानी** कॉन्ट्रैक्ट पॉलिसी में कई व्यावहारिक खामियां थीं, जिनके कारण कर्मचारियों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता था और कई मामले न्यायालयों में लंबित हो जाते थे। इन्हीं खामियों को दूर करने के उद्देश्य से सरकार ने 19 जुलाई को यह नई ट्रेनी पॉलिसी जारी की है। इस नई पॉलिसी के तहत नियुक्त प्रशिक्षु दो वर्ष की प्रशिक्षण अवधि के दौरान विभागीय कार्यों को सीखेंगे, जिससे प्रशिक्षण के उपरांत वे विभागीय कामकाज को अधिक दक्षता और प्रभावशाली ढंग से निभा सकेंगे।

## विक्रमादित्य की टोक्यो की डिप्टी गवर्नर से मुलाकात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भारत वापसी से पहले, लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने टोक्यो मेट्रोपॉलिटन सरकार के मुख्यालय में टोक्यो की उपराज्यपाल सुश्री मात्सुमोतो अकिको से शिष्टाचार भेंट की। यह बैठक हिमाचल प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित रही।



विक्रमादित्य सिंह मात्सुमोतो अकिको से मुलाकात करते हुए।

मंत्री ने आपदा प्रबंधन, भूकंप-रोधी बुनियादी ढांचे, स्मार्ट पार्किंग सिस्टम और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में टोक्यो मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी से सहयोग और तकनीकी सुझाव मांगे। विक्रमादित्य ने बैठक में हिमाचल प्रदेश सरकार की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक तकनीकों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जापान जैसे विकसित देशों के अनुभवों से सीखकर हिमाचल को आपदा-प्रतिकारक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना राज्य की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## बस हादसे के घायलों का हाल जानने एम्स पहुंचे उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

मंडी जिले के सरकाघाट में एचआरटीसी बस के खेतों में गिर जाने से हुई दर्दनाक दुर्घटना में अब तक 7 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रदेश के



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल वीरवार को एम्स बिलासपुर पहुंचे। दोनों नेताओं ने उपचाराधीन घायलों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों से घायलों की स्थिति और उपचार व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली।

## वर्मा ज्वेलर्स सोलन ने रामपुर में लगाई स्वर्ण आभूषणों की प्रदर्शनी

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान



**रामपुर बुशहर।** जिला किन्नौर के रिकांगपिओ में शानदार सफलता के बाद अब वर्मा ज्वेलर्स ने रामपुर बुशहर में भी अपने नवीनतम और आकर्षक ज्वेलरी कलेक्शन के साथ दस्तक दी है। होटल नौ नभ हेरिटेज, रामपुर में आयोजित इस भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी का शुभारंभ डीएसपी नरेश शर्मा द्वारा रिबन काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई विशिष्ट अतिथियों, गणमान्य नागरिकों और व्यापारिक वर्ग की सक्रिय उपस्थिति रही।

सभी ने वर्मा ज्वेलर्स के उत्कृष्ट डिजाइनों और विश्वसनीयता की सराहना की। यह प्रदर्शनी 26 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुली रहेगी। इसमें ग्राहकों को सोने, चांदी, कुंदन, पोल्की और डायमंड ज्वेलरी के अनोखे और नए डिजाइन देखने और खरीदने को मिलेंगे। हर ज्वेलरी पीस को खास कारीगरी और परंपरा के साथ तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को मिले अनोखी डिजाइन और बेहतरीन क्वालिटी का अनुभव हो। पत्रकार वार्ता में शीष राम ठाकुर ने बताया कि ज्वेलर्स की यह प्रदर्शनी सिर्फ खरीदारी का ही अवसर नहीं है, बल्कि ग्राहकों के लिए एक खास ऑफर भी लेकर आई है।

50,000 रुपए या उससे अधिक की खरीदारी पर ग्राहकों को एक गोल्ड कॉइन बिलकुल मुफ्त दिया जाएगा। इसके साथ ही, ग्राहक अपनी पुरानी ज्वेलरी की शुद्धता की जांच केराटोमीटर मशीन के माध्यम से बिलकुल मुफ्त करवा सकते हैं।

## जनता के बीच रहकर जनता के लिए काम कर रहे विधायक रणधीर

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के विधायक रणधीर शर्मा को यदि विकास और जनसंवाद का प्रतीक कहा जाए, तो यह कतई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने न केवल अपने क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए हैं, बल्कि जनता के साथ उनका निरंतर संवाद और आत्मीय जुड़ाव ही उनकी असली ताकत है। रणधीर का राजनीतिक दर्शन केवल नीतियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे स्वयं हर गली, हर गांव, हर पंचायत में पहुंचकर लोगों की बातें सुनते हैं, समस्याएं समझते हैं और समाधान तक साथ देते हैं।

**बिलासपुर जिले के नयना देवी क्षेत्र में बनी विकास की मजबूत छवि**

**अनंत ज्ञान विशेष**

यही कारण है कि उनका नाम आज 'जनता के विधायक' के रूप में लिया जा रहा है। शर्मा की सोच विकास और संवेदनशीलता के मेल से बनी है। उनकी पहल पर ही केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर के श्री नयना देवी क्षेत्र में एम्स की स्थापना की जो आज पूरे प्रदेश का चिकित्सा हब बन चुका है। इसके अलावा क्षेत्र में उन्होंने 3000 से अधिक घरों में नल कनेक्शन (जल जीवन मिशन), 50 से अधिक गांवों में सड़क, पुल और रास्तों का निर्माण, 20 से अधिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा जैसे दर्जनों कार्य जन सहभागिता के साथ पूरे किए।

**हर दरवाजे पर दस्तक हर समस्या पर ध्यान**

**रणधीर** का प्रतिनिधित्व केवल विधानसभा में सीमित नहीं रहा। वह सप्ताह के कई दिन लोगों से मिलने, पंचायतों में जनसमस्याएं सुनने और अधिकारियों के साथ मौके पर समाधान सुनिश्चित करने में व्यस्त रहते हैं। हर आदमी की पहुंच में विधायक होना चाहिए यह उनका सिद्धांत है, जिसे वे पूरी तरह से निभाते हैं। जनसंवाद शिविरों से लेकर सोशल मीडिया पर सक्रिय संवाद तक, उन्होंने अपने को आम जनता के लिए हमेशा उपलब्ध और जवाबदेह रखा है।

#### उपस्थिति राजनेता जैसी कम और परिवार के सदस्य जैसी अधिक

**उनकी** उपस्थिति राजनेता जैसी कम और परिवार के सदस्य जैसी अधिक होती है, यही उनकी सबसे बड़ी पहचान बन गई है। राजनीति के इस दौर में जहां अधिकतर नेता दिखावटी विकास और प्रचार पर केंद्रित हैं, वहीं रणधीर शर्मा एक शांत, कर्मशील और सच्चे जनप्रतिनिधि के रूप में सामने आते हैं। उनकी सफलता का राज जनता से उनकी आत्मीयता, सहभागिता और विश्वास है। नैना देवी क्षेत्र में यदि जनता उन्हें 'अपने जैसे' मानती है, तो यह उनकी सबसे बड़ी जीत है।

## हिमाचल को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दिए जाएं 20 हजार करोड़ : शांता

अनंत ज्ञान, पालमपुर

पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश इतिहास की सबसे भीषण आपदा से जूझ रहा है। सरकारें और जनता राहत कार्यों में जुटी हैं, परंतु संसाधन अपर्याप्त हैं। केंद्र सरकार के पास वर्षों से जमा लगभग 2 लाख करोड़ रुपए के लावारिस धन की ओर ध्यान आकर्षित किया।



उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि इस धन के उपयोग हेतु एक विशेष कानून बनाया जाए, ताकि राष्ट्रीय आपदाओं में इसका उपयोग हो सके। उन्होंने हिमाचल की वर्तमान आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर कम से कम 20 हजार करोड़ रुपए राहत कार्यों के लिए देने की मांग की। उन्होंने हिमाचल सरकार और सांसदों से इस विषय को मजबूती से केंद्र के समक्ष उठाने का आग्रह किया।

#### कहां कितना लावारिस धन

**शांता** ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के बैंकों में इस प्रकार का 42,270 करोड रुपए, डाकघर में 32,273 करोड़, ईपीएफ खाते में 8,500 करोड़ और भारतीय जीवन बीमा निगम कंपनी में 20,062 करोड़ रुपए जमा हैं। इस प्रकार की और भी बहुत-सी लावारिस संस्थाओं का धन सरकार के पास पड़ा हुआ है। यह कुल 2 लाख करोड़ रुपए है।

**हिमाचल आपदा** पुनर्निर्माण को मिलेगी मदद, आपदा की स्थिति से करवाया अवगत

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद पुनर्निर्माण और राहत कार्यों को गति देने के उद्देश्य से भाजपा का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल वीरवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने किया।



केंद्रीय मंत्रियों से मिलते हिमाचल के भाजपा सांसद और विधायक।

प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले नड्डा को हिमाचल की स्थिति से अवगत कराया। डॉ. नड्डा स्वयं 9 जुलाई को मंडी जिले का दौरा कर आपदा की भयावहता का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर चुके हैं। बैठक में आपदा प्रभावित क्षेत्रों की आवश्यकता और पुनर्वास की चुनौतियों पर चर्चा की गई।

प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, कंगना रनौत, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी, डॉ. सिकंदर कुमार, हर्ष महाजन, विधायक विनोद कुमार, हंसराज और दीपराज शामिल रहे।


बाद में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। बैठक में राज्य में बाढ़ और भूस्खलन से क्षतिग्रस्त सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। गडकरी ने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार हिमाचल में राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव व पुनर्निर्माण के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

प्रतिनिधिमंडल ने इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। शाह ने हिमाचल को हर संभव आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि राहत कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं हिमाचल आकर स्थिति का जायजा लेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। यह पहल आपदा से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश को शीघ्र राहत व पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

#### आपदा राहत में केंद्र का त्वरित सहयोग

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले वर्ष आई भीषण आपदा के बाद केंद्र सरकार ने तेजी से राहत और पुनर्निर्माण के प्रयास किए हैं। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर 20 दिन के भीतर ही अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने राज्य का दौरा कर नुकसान का आकलन किया। शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति ने 2006.40 करोड़ रुपए की सहायता राशि को मंजूरी दी, जिसकी पहली किस्त 451.44 करोड़ रुपए 7 जुलाई 2025 को जारी की गई। यह जानकारी नड्डा से मिलने पहुंचे भाजपा प्रतिनिधिमंडल को दी गई। प्रतिनिधियों ने पुनर्वास और पुनर्निर्माण में अधिक सहयोग का आग्रह किया। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बिना भेदभाव राज्यों के साथ खड़े होकर एनडीआरएफ, आईटीबीपी, सेना और वायुसेना की सहायता तत्काल भेजी, जो केंद्र की संवेदनशीलता और तत्परता का प्रमाण है।

**20 दिन में आकलन किया, 2000 करोड़ रुपए से अधिक की मंजूरी**



## न्यूज ब्रीफ

### जयसिंहपुर की 4 छात्राओं ने पाया रीजनल सेंटर में प्रवेश



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर की छात्राओं ने एक बार फिर से प्रतिभा की नई ऊंचाई हासिल की है। सत्र 2024-25 में कॉलेज से उत्तीर्ण बीए की चार छात्राएं वर्षा, सुहानी, कंचन और पलक शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विश्विद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमए इतिहास प्रवेश परीक्षा पास की और अपना स्थान सुनिश्चित किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### शाहपुर भाजपा ने दक्षता परीक्षा का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर भाजपा के धारकंडी के मीडिया संयोजक वरिंदर शर्मा ने दो वर्षों के पश्चात दक्षता परीक्षा द्वारा नियमितीकरण की नीति का विरोध किया है। उन्होंने इसे प्रदेश के युवाओं के साथ एक प्रकार का विश्वासघात करार दिया है। वरिंदर शर्मा ने कहा कि प्रदेश में वैसे ही सरकारी भर्तियों की गति अत्यंत धीमी है। बीते तीन वर्षों में या तो आयोग का गठन न हो पाने या चयन प्रक्रिया में निजी कंपनियों से करार न होने जैसे कारणों से युवाओं को बार-बार निराश होना पड़ा है। अब सरकार द्वारा नियुक्ति के दो वर्ष बाद पुनः दक्षता परीक्षा लेने की शर्त ने युवाओं के मनोबल को पूरी तरह तोड़ दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस फैसले को रद्द नहीं किया, तो प्रदेश का युवा सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करेगा।

### शिवनगर कॉलेज में ऐड-ऑन कोर्स शुरू

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** शिवनगर कॉलेज में वीरवार को वाणिज्य विभाग और आईक्यूएसी सेल द्वारा ऐड-ऑन कोर्स शुरू किया गया। एआई के दौर में कंप्यूटर ज्ञान और तकनीक के महत्व को देखते हुए कॉर्पोरेट जगत में सूचना प्रोद्योगिकी नाम का यह कोर्स आरंभ किया गया है। प्रो. शिखा धरवाल और प्रो. कु जेश कुमार ने कोर्स के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने विद्यार्थियों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन करना शुरू कर दिए हैं। अधिकतम 30 विद्यार्थियों को इस वर्ष यह अवसर प्राप्त होगा। बचे हुए छात्र-छात्राएं अन्य ऐड-ऑन पाठ्यक्रम में आवेदन कर सकेंगे, जो जल्द ही शुरू होंगे।

### पावर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग पर रखे विचार

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं विकास सेल ने संकाय क्षमता विकास कार्यक्रम फ्रंटियर्स 3 का आयोजन किया। कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने एफडीपी क्यों जरूरी है और यह क्यों आज के समय में टीचर के अपडेट रहने का एक तरीका है, उसके बारे में बताया। सहायक प्रोफेसर भावना ने लर्निंग गैप एंड रिमिडियल स्ट्रेटजी इसके बाद सहायक प्रोफेसर पूनम मिन्हास ने कल्टिवेटिंग क्रिटिकल थिंकिंग टीचिंग लर्निंग प्रोसेस पर अपने विचार साझा किए। असिस्टेंट प्रोफेसर अभिनव राणा, मंजू पठानिया, सहायक आचार्य संजीवन वाला, सहायक आचार्य शालिनी शर्मा, सहायक आचार्य शशि कुमार ने अपने विचार रखे। सहायक आचार्य अंजना ने ला ऑफ अट्रैक्शन के बारे में बताया और सहायक आचार्य पारुल शर्मा ने पावर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग पर अपने विचार रखे।

### राजपुर कॉलेज में हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉलेज के शैक्षणिक ढांचे, अनुशासन संबंधी नियमों, स्किल कोर्सेस, प्लेसमेंट और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना था। कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने छात्रों से अनुशासन, परिश्रम और सक्रिय सहभागिता के साथ कॉलेज जीवन का पूर्ण लाभ उठाने का आग्रह किया। विभिन्न विभागों के समन्वयकों ने छात्रों को कॉलेज की प्रमुख गतिविधियों, अवसरों और नियमों से अवगत कराया। इतिहास विभागाध्यक्ष सुमन कुमार ने एंटी-रैगिंग और अनुशासन संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में होगा आपदा प्रबंधन केंद्र स्थापित

## शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** में आपदा तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय को आपदा प्रबंधन केंद्र स्थापित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मंजूरी मिल गई है।

यह महत्वपूर्ण कदम इस क्षेत्र में आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता के प्रतियुत्तर में एक आधार है। विशेष रूप से 2023 की कुल्लू-मनाली आपदा, 2024 की रामपुर आपदा और 30 जून, 2025 को जिला मंडी के सराज क्षेत्र में जिस प्रकार का मंजर दिखाई दिया। ऐसी घटनाओं से जनता को जागरूक और सचेत करने तथा जानकारी से लाभान्वित करना केंद्रीय विश्वविद्यालय का लक्ष्य होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि नव अनुमोदित केंद्र के हाल ही में प्रारंभ किए गए भूविज्ञान विभाग और रिमोट सेंसिंग और जीआईएस केंद्र के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इन विभगों को प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन में अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग को बढ़ाने के लिए विकसित किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन केंद्र क्षमता निर्माण, अनुसंधान और फील्ड प्रशिक्षण के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय एक केंद्र के रूप में काम करेगा। विश्वविद्यालय शीघ्र ही आपदा प्रबंधन में एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है, जो आपदा जोखिम में कमी, आपातकालीन प्रतिक्रिया और अंतरिक्ष-आधारित प्रौद्योगिकियों के उपयोग में मानव संसाधनों के प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करेगा। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय में पृथ्वी विज्ञान और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में 38 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ लब्धप्रतिष्ठ भूविज्ञानी प्रोफेसर एके महाजन के नेतृत्व में डॉ. आलोक कुमार पांडे, डॉ. पीतांबरा उपाध्याय, डॉ. बटुक जोशी और डॉ. अरुण कुमार जैसे योग्य संकायों की एक टीम द्वारा प्रशिक्षण और शैक्षणिक कार्यक्रमों का नेतृत्व करने के लिए सहयोग दिया जाएगा।

इस आपदा प्रबंधन केंद्र से एक ऐसे राज्य में स्थानीय क्षमता और लचीलापन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है, जो विशेष रूप से भूस्खलन, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के लिए अपरिहार्य है।

## कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों को दे रही इनाम : बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पेखुवेला सोलर पावर प्रोजेक्ट में हुए करोड़ों के घोटाले और इससे जुड़े ईमानदार अधिकारी विमल नेगी की संदिग्ध मौत के बाद जिस तरह से सरकार ने संवेदनहीनता दिखाई है, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि सीधा संकेत है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार अब भ्रष्टाचारियों की संरक्षक बन चुकी है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को मार्च में विधानसभा में सबसे पहले उजागर किया था, जब यह सामने आया कि 35 मेगावॉट की क्षमता वाला गुजरात का सौर प्लांट 144 करोड़ में बना, जबकि हिमाचल में 32 मेगावॉट के पेखुवेला प्रोजेक्ट पर 220 करोड़ की भारी लागत दिखाई गई। न केवल लागत बढ़ाई गई, बल्कि टेंडर प्रक्रिया को भी नजरअंदाज कर नॉमिनेशन के आधार पर काम आवंटित किए गए। डीपीआर को बार-बार संशोधित कर एक विशेष कंपनी को लाभ पहुंचाया गया।



## इंदौरा से आपदा पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री




मंडी आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजते विधायक मलेंद्र व लोग।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**मंडी** जिले के आपदा पीड़ित लोगों की सहायता के लिए इंदौरा विधानसभा क्षेत्र से राहत सामग्री का वाहन में रवाना किया गया। इस अभियान का नेतृत्व स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन ने किया। विधायक ने कुछ दिन पूर्व क्षेत्रवासियों से मंडी के आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री उपलब्ध करवाने की अपील की थी, जिसे लोगों ने दिल से स्वीकार किया और बड़े उत्साह से सहयोग किया। राहत सामग्री में 200 राशन किट तैयार की गई हैं जिनमें आटा, दाल, मसाले और चावल शामिल हैं। विधायक मलेंद्र ने कहा कि यह राहत सामग्री इंदौरा क्षेत्र के नागरिकों की संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल है। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. सुरिंद्र ठाकुर, डीएसपी संजीव कुमार, बीडीओ सुदर्शन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह पठानिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देविंदर, इंदौरा के प्रधान भूपाल कटोच, पौंग बांध निदेशक डॉ. विशाल ठाकुर, पंचायतीराज प्रधान विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## केवल पठानिया ने दी शाहपुर को नई दिशा : विनय ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी विनय ठाकुर ने कहा कि शाहपुर की पहाड़ियों से उठी एक आवाज आज पूरे हिमाचल में जनसेवा की मिसाल बन चुकी है। यह आवाज है केवल सिंह पठानिया की। केवल पठानिया एक नेता नहीं, एक संवेदनशील कर्मयोगी, जो सत्ता को साधन नहीं, सेवा का माध्यम मानते हैं। छात्र राजनीति से शुरू हुई उनकी यात्रा आज शाहपुर विधानसभा के हर गांव, हर सड़क, हर स्कूल और हर परिवार तक पहुंच चुकी है। साधारण परिवार से निकलकर एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष बनने वाले केवल पठानिया ने युवाओं की समस्याओं को सत्ता तक पहुंचाया। 2022 में जब वह 118 में से 112 बूथों पर लीड लेकर ऐतिहासिक जीत के साथ विधायक बने, तो यह सिर्फ एक चुनावी विजय नहीं, बल्कि जनता का उन पर विश्वास था। पठानिया ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को धरातल पर उतारा है। यही नहीं शिक्षा क्षेत्र में भी पठानिया ने शाहपुर में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। करोड़ों की लागत से नई सड़कें, पुल और पेयजल योजनाएं शुरू हुईं। ट्रांसफार्मर अपग्रेड किए गए नई विद्युत लाइन डाली जा रहीं हैं और शाहपुर नगर पंचायत में 56 करोड़ की सीवरेज योजना शुरू की गई।



## बोड़ गांव में पठानकोट निवासी से 9.94 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

पठानकोट-मंडी मार्ग पर बोड़ गांव के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 9.94 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर व्यक्ति जो शिव मंदिर बोढ़ के पास खड़ा था, उसे रोका। आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे दबोच लिया और कैरी बैग की तलाशी ली, तो उसमें चिट्टा बरामद हुआ।

आरोपी की पहचान विनोद शर्मा पुत्र तिलक राज शर्मा निवासी मोहल्ला आनंदपुर जिला पठानकोट के रूप में हुई है। मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई थाना नूरपुर द्वारा अमल में लाई जा रही है। एएनटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जसवाल ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार आगे भी जारी रहेगी।

## बरदाई में 6.44 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ बरदाई में चिट्टे के साथ पकड़ा गया युवक।

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पुलिस शाहपुर पुलिस ने (सिहोलपुरी) बरदाई में जल शक्ति विभाग स्टोर के पास एक युवक को 6.44 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा। आरोपी युवक चिट्टे को बेचने की फिराक में था। आरोपी युवक की पहचान मोहित दास (25) पुत्र गोपाल सिंह निवासी वाल्मीकि कॉलोनी धर्मशाला के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बरदाई में जल शक्ति विभाग स्टोर के पास एक युवक चिट्टा बेचने की फिराक में है, जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को दबोच लिया। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल के रुद्र प्रताप ने स्विमिंग में झटके दो ब्रॉन्ज मेडल

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में रुद्र प्रताप सिंह ने स्विमिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर बैकस्ट्रोक व 50 मीटर बटर फलाई में कांस्य पदक हासिल किया है। रूद्र प्रताप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच को दिया। उन्होंने भविष्य में भी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की इच्छा जताई। प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि रुद्र प्रताप की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। उन्होंने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की है। एमडी डॉ. रिचा महाजन का कहना है कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल द्वारा बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ाता है, बल्कि बच्चों के मानसिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण में भी सहायक होता है।



प्रिंसिपल रेणु परमार ने रुद्र प्रताप को बधाई दी।




# हिमाचल में पर्यटन की नई उड़ान

## खूबसूरत वादियों में अब नई नीति से मिलेगा विशेष लाभ

"**हिमालय** की गोद में बसा हिमाचल प्रदेश अपनी बर्फीली चोटियों, हरी-भरी वादियों और कल-कल बहती नदियों के लिए जाना जाता है। हर साल लाखों पर्यटक यहां की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव करने आते हैं। अब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एक नई पर्यटन नीति लेकर आई है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। यह नीति सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य जमीनी स्तर पर योजनाओं को लागू करना है, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलें और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिले। सरकार की यह नई पहल हिमाचल को एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में मजबूती के साथ काम कर रही है।



### एक नई शुरुआत हिमाचल का समर्थन खुद का पुनर्जीवन

**यह** सिर्फ हिमाचल के पर्यटन को फिर से पटरी पर लाने की बात नहीं है, बल्कि उन स्थानीय लोगों के जीवन को भी सहारा देने की बात है, जो सीधे तौर पर पर्यटन से जुड़े हैं। हर पर्यटक का आगमन न केवल हिमाचल की अर्थव्यवस्था में योगदान देता है, बल्कि उन अनगिनत चेहरों पर मुस्कान लाता है, जो पर्यटकों का इंतजार कर रहे हैं। यह समय है डर को किनारे रखकर, विश्वास के साथ हिमाचल की यात्रा करने का। यह आपकी यात्रा सिर्फ एक छुट्टी नहीं होगी, बल्कि एक ऐसी पहल होगी, जो प्रकृति के प्रति आपके प्रेम और मानवता के प्रति आपकी संवेदनशीलता को दर्शाएगी। हिमाचल आपका इंतजार कर रहा है, अपने अनछुए सौंदर्य और खुली बाहों के साथ।

### देवभूमि पर्यटन की गोद में मिलता आत्मा को सुकून

**देवभूमि** अपने मनमोहक नजारों, बर्फीली चोटियों और हरी-भरी वादियों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। यह सिर्फ एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि आत्मा को सुकून देने वाला एक अनुभव है। यहां की बहती नदियां, गहरी घाटियां और शांत जंगल हर यात्री को अपनी ओर खींचते हैं। जहां पिछले साल की तुलना में इस बार पर्यटकों की संख्या में 8-9 फीसदी की कमी देखी गई है, वहीं, यह समय हिमाचल के शांत और नैसर्गिक रूप को फिर से अनुभव करने का है। यह वह पल है जब आप बिना भीड़भाड़ के प्रकृति की असली सुंदरता को करीब से महसूस कर सकते हैं और हिमाचल की आत्मा से जुड़ सकते हैं।

### अफवाहों के साये में छिपा सच्चा सौंदर्य

**पिछले** कुछ समय में हुई प्राकृतिक आपदाओं और अचानक आई बाढ़ के कारण, पर्यटकों के मन में एक डर बैठ गया है कि कहीं उनका सफर असुरक्षित न हो। प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने कहा कि हिमाचल एक विशाल प्रदेश है और कुछ हिस्सों में हुई घटनाओं के बावजूद, अधिकतर क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित और सामान्य हैं। यह नकारात्मक प्रचार हिमाचल की असली तस्वीर को धुंधला कर रहा है। हिमाचल अपनी मेहमान नवाजी और सुरक्षित वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां की सड़कें, गांव और शहर फिर से पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं, अपनी बाहें फैलाए हुए।

### हिमाचल की असली पुकार, हर मौसम में खास

**प्रदेश** सिर्पु गर्मियों की छुट्टियों का ठिकाना नहीं है। यहां का हर मौसम एक नई कहानी कहता है। जहां सर्दियों में बर्फ से ढकी वादियां मन मोह लेती हैं, वहीं, गर्मियों में यहां की ठंडी हवाएं सुकून देती हैं। मानसून में यहां के हरे-भरे पहाड़ और बहते झरने किसी पेंटिंग से कम नहीं लगते। राजीव कुमार की अपील है कि लोग किसी भी मौसम में यहां आएं और अपने दोस्तों व परिवार के साथ समय बिताएं, हिमाचल की बहुआयामी सुंदरता को दर्शाती है। यह एक ऐसा गंतव्य है, जो साल के हर दिन एक नया अनुभव और एक नई याद देने का वादा करता है।

### सरकार की नई पर्यटन नीति की रूपरेखा

**सरकार** की नई पर्यटन नीति धार्मिक और साहसिक (एडवेंचर) पर्यटन पर विशेष जोर दे रही है। इसका मकसद हिमाचल को सिर्फ एक प्राकृतिक सौंदर्य स्थल के रूप में ही नहीं, बल्कि एक धार्मिक और साहसिक केंद्र के रूप में भी स्थापित करना है। इस दिशा में सरकार एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सहयोग से मंदिरों का सौंदर्यीकरण कर रही है और शक्तिपीठों को धार्मिक गलियारों से जोड़ने की योजना पर काम कर रही है। यह पहल धार्मिक पर्यटन को एक नया आयाम देगी। साथ ही, सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हर जिले में कार्निवाल आयोजित करने की योजना बना रही है, जिसमें कांगड़ा और शिमला प्रमुख हैं। इन कार्निवलों के माध्यम से हिमाचल की समृद्ध संस्कृति और कला को प्रदर्शित किया जाएगा। पर्यटन क्षेत्र को गति देने के लिए सरकार छोटी और बड़ी अवधि की दो तरह की योजनाओं पर काम कर रही है, जिनका क्रियान्वयन बजट के प्रावधान के अनुसार किया जाएगा।

विशेष रिपोर्ट: सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।








# बरसात में मंद पड़ा पर्यटन कारोबार

- 15 अगस्त के बाद आमद जुटने की आस
- ऑक्यूपेंसी 10 से 15 फीसदी तक सीमित

"*बरसात में मैक्लोडगंज, धर्मशाला में पर्यटन कारोबार मंद पड़ गया है, लेकिन पर्यटन कारोबारी 15 अगस्त के बाद पर्यटकों की आमद जुटने की आस में हैं। आलम यह है कि आम दिनों के साथ वीकंड पर भी गिने-चुने पर्यटक ही पर्यटन नगरी का रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि होटलों में ऑक्यूपेंसी 10 से 15 फीसदी तक सिमट गई है। पर्यटन कारोबारियों की मानें तो इस बार बरसात पंद्रह दिन पहले आई है, ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि पंद्रह दिन पहले ही बरसात थम भी जाएगी और पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ लेगा। होटलियर्स का कहना है कि 15 अगस्त के बाद पर्यटकों की चहलपहल शुरू हो जाती है तथा सितंबर से विदेशी पर्यटक भी घाटी का रुख करना शुरू कर देते हैं। गौरतलब है कि वैसे तो पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में वर्ष भर पर्यटकों का आगमन लगा रहता है, लेकिन बरसात में इसमें भारी कमी देखी जाती है। अगस्त के मध्य में वीकंड पर पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है, जबकि सितंबर से अच्छी संख्या में पर्यटकों का आगमन शुरू हो जाता है।*



**कांगड़ा** जिले में कई रमणीक पर्यटक स्थल हैं, जहां वर्ष भर पर्यटकों का आगमन लगा रहता है, लेकिन पर्यटकों की पहली पसंद मैक्लोडगंज और धर्मशाला ही रहते हैं।

### पर्यटकों की पहली पसंद मैक्लोडगंज

धर्मशाला जहां प्रदेश की दूसरी राजधानी में शुमार है। वहीं, मैक्लोडगंज में तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा के निवास के चलते इसे बौद्ध नगरी के रूप में भी जाना जाता है। धर्मगगुरु के मैक्लोडगंज में निवास के दौरान देश-विदेश के बौद्ध अनुयायी और भारत के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों में रहने वाले निर्वासित तिब्बतियों व बौद्ध भिक्षुओं का आगमन लगा रहता है। वर्तमान में धर्मगुरु ले लद्दाख के प्रवास पर हैं, ऐसे में बौद्ध अनुयायियों व पर्यटकों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। हालांकि, अभी भी पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों की आमद है, लेकिन यह आमद अपेक्षा अनुरूप काफी कम है, यही वजह है कि पर्यटन कारोबारियों को बरसात का मौसम थमने का इंतजार है। विशेष रिपोर्टः राजेश कुमार, धर्मशाला



"**वर्तमान** में होटलों में ऑक्यूपेंसी से 10 से 15 फीसदी है, जिसमें 15 अगस्त के बाद वीकंड पर बढ़ोतरी की उम्मीद है। सितंबर से विदेशी पर्यटकों का भी आगमन शुरू हो जाता है।

अश्वनी बांबा, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टरेंट एसोसिएशन धर्मशाला

"**इस** बार बरसात पंद्रह दिन पहले आई है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द बरसात रुखस्त भी होगी और पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ेगा। अभी ऑक्यूपेंसी 15 फीसदी के करीब है, जिसमें बरसात के बाद बढ़ोतरी होगी।



राहुल धीमान
अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन, स्मार्ट सिटी धर्मशाला

## न्यूज ब्रीफ

### डैकबां स्कूल में बच्चों को बताए बाल अधिकार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा ।** चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डैकबां ब्लॉक इंदौरा के बच्चों के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन प्रधानाचार्य जसविंद्र शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कैंप में बच्चों, अध्यापकों, अनुशासन कमेटी, एंटी सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी ने भी भाग लिया । जागरूकता कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के केस वर्कर मोहनलाल व सतीश कुमार ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098, बाल अधिकारों के बारे मे जानकारी दी। बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श का अंतर, बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति, बाल यौन शोषण, घरेलु हिंसा, बाल दुर्व्यवहार, मानसिक प्रताड़ना व शारीरिक दंड बारे जागरूक किया व इन बाल अधिकारों मे जो नियम एवं प्रावधान है, के बारे में अवगत करवाया।

### भरवाईं में होगा शहीद परिवारों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, गरली।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में इस बार ग्रीन वैली भरवाईं देशभक्ति और वीरता की मिसाल बनेगा। भाजपा मंडल जसवां-प्रागपुर मंडल द्वारा संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम में वीर सैनिक परिवारों को विशेष सम्मान दिया जाएगा, जिन्होंने अपनी सेवा और बलिदान से देश का मान बढ़ाया है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों और विधायक बिक्रम ठाकुर से विचार-विमर्श के बाद इस आयोजन का खाका तैयार किया गया है। कार्यक्रम में रिटायर्ड कमांडर राजेश्वर सिंह, पूर्व निदेशक, सुरक्षा एवं सतर्कता मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कैप्टन सुशील कुमार अध्यक्षता करेंगे।

### सौरभ का नया भजन 'शेरा वाली मां' लांच



**अनंत ज्ञान, गरली।** उपमंडल देहरा के उभरते पहाड़ी लोक गायक सौरभ शर्मा का नया भजन 'शेरा वाली मां' वीरवार को लॉन्च किया गया। इस भजन का लोकार्पण एसपी जिला देहरा मयंक चौधरी और डीएसपी अनिल ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। सौरभ शर्मा, जिन्होंने 'तेनू कित्थे मे बिठावां शेरावालिए' और 'घर मेरा निक्का जिहा' जैसे हिट भजनों से देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है, ने कहा कि श्रोताओं का प्यार उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उनके पिछले भजनों को लाखों दर्शकों ने यूट्यूब पर देखा और सराहा है।

### बीएड कॉलेज धर्मशाला में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा के निर्देशन में ईको क्लब की ओर से एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, संरक्षण व संवर्धन में जीवन दात्री मां तथा धरती मां के नाम से परिसर में पौधरोपण किया गया। ईको क्लब प्रभारी प्रो. युगराज सिंह ने बताया कि प्राध्यापकों द्वारा परिसर में अजेलिया के 15 पौधों व अन्य सजावटी पौधों का रोपण किया गया है।

### सरकार कर ही बिजली उपभोक्ता से अन्याय

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** चुनाव जीतने के लिए जनता को 300 यूनिट फ्री बिजली की सुविधा देने का झांसा देने वाली प्रदेश सरकार अब घरेलू कनेक्शन पर भी कमर्शियल टैरिफ लगाकर भारी भरकम राशि का बिल उपभोक्ताओं को थमा रही है, जो प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है। यह बात जिला भाजपा प्रवक्ता संजय सोनी ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय उपभोक्ताओं को बिना एनओसी विद्युत कनेक्शन देने की नोटिफिकेशन जारी की गई थी, ताकि जनता को अनावश्यक झंझटों से निजात दिलाई जा सके, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार अब उस नोटिफिकेशन को दरकिनार कर घरेलू उपभोक्ता कनेक्शन पर कमर्शियल टैरिफ से भी ऊपर टैरिफ लगाकर भारी भरकम बिजली के बिल उपभोक्ताओं को थमा रहे हैं, जोकि जनता के हितों के साथ सरासर खिलवाड़ है।

### निखिल ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** बलोटा के निखिल ने यूजीसी नेट परीक्षा 98.20 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की है। निखिल की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलोटा से हुई, जमा दो की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौरा से हुई है। स्नातक की पढ़ाई अटल बिहारी वाजपायी राजकीय महाविद्यालय नौरा से की, जबकि स्नातकोत्तर मैनेजमेंट (फाइनेंस) विषय में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला से की है। निखिल ने अपनी स्नातकोत्तर की पढ़ाई के दौरान ही यह परीक्षा बिना किसी कोचिंग के पहले प्रयास में पास की है। निखिल के पिता राजिंद्र कुमार राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलोटा में जेबीटी अध्यापक हैं, जबकि माता मधु बाला गृहिणी हैं। निखिल ने अपनी इस सफलता के श्रेय अपने माता पिता तथा गुरुजनों को दिया है।

### भागसूनाग में मिले शव की नहीं हुई पहचान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के तहत भागसूनाग वॉटरफॉल के पास मंगलवार देर शाम को मिले अज्ञात शव की पहचान से संबंधित कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई है। शव की पहचान से संबंधित बाहरी राज्यों से लापता हुए लोगों के परिवारों के भी पुलिस विभाग को फोन आए, लेकिन यह अज्ञात शव नहीं पहचाना गया। पुलिस जांच कर रही है और कोई सूचना नहीं मिलने पर अज्ञात शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस थाना मैक्लोडगंज के एसएचओ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि बाहरी राज्यों से लापता हुए व्यक्तियों के परिवारों के भी पुलिस विभाग को फोन आए, लेकिन इस अज्ञात शव का कोई पता नहीं चल पाया है। जबकि पुलिस द्वारा जांच जारी है।

### कांगड़ा की आषिता को राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले की गाइड आषिता आचार्य को वर्ष 2021-22 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्हें यह पुरस्कार 22 जुलाई, 2025 को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में मिला है। आषिता हिमाचल प्रदेश से इस वर्ष की एकमात्र पात्र गाइड है, जिन्होंने इस सम्मान को प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। आषिता आचार्य वर्ष 2013 से भारत स्काउट्स और गाइड्स से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। एक छोटी गाइड के रूप में शुरू हुई यह यात्रा आज राष्ट्र स्तरीय सम्मान तक पहुंची है, जो वर्षों की अनुशासित मेहनत, सेवा भाव, आत्मनिर्भरता, और स्काउटिंग के आदर्श मूल्यों की परिणति है। उन्होंने स्काउटिंग के माध्यम से कैंपिंग, नेतृत्व, सामाजिक कार्य, अनुशासन और देशभक्ति जैसे मूल्यों को आत्मसात किया है।

# रोजगार मेले में 5000 युवाओं को नौकरी दिलाने का लक्ष्य: आरएस बाली

## देश-विदेश की पचास कंपनियां साक्षात्कार लेने आज पहुंचेंगी नगरोटा बगवां

**राजन ढींगरा, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा बगवां।** पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि 25 जुलाई को दो दिवसीय मेगा रोजगार मेले का आयोजन नगरोटा के राजकीय डिग्री कॉलेज में किया जाएगा। इसमें देश-विदेश की 50 कंपनियां 5000 युवाओं का चयन करेंगी।

उन्होंने युवाओं से बड़ी संख्या में आकर इस सुनहरी अफसर का लाभ उठाने की अपील की। पीएनजी, वर्धमान, महिंद्रा सोनालिका, एचडीएफसी, सिक्योरिटी गार्ड कंपनियां अन्य कई कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी। मेगा रोजगार मेले का शुभारंभ उद्योग संसदीय कार्य तथा श्रम और रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान करेंगे। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई को नगरोटा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हर वर्ष की



श्रम और रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान करेंगे मेगा रोजगार मेले का शुभारंभ।

**कल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगेगा मेगा मेडिकल कैंप**

तरह हजारों लोगों का निशुल्क विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य चेकअप किया जाएगा और उन्हें निशुल्क दवाइयां, नजर के चश्मे, कानों की मशीन और दिव्यांगों को सहायक उपकरण बांटे जाएंगे। 26 जुलाई को ऐतिहासिक गांधी मैदान में विभिन्न स्कूलों और अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया 27 जुलाई को गांधी मैदान में लोगों के लिए झूले, हाथी, घोड़े और ऊंट की सवारी, खाने के लिए आइसक्रीम, जलेबी के स्टॉल लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को गायक कुलविंदर बिल्ला सहित बड़े कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने कहा कि बाल मेला नगरोटा, कांगड़ा और हिमाचल के लोगों का मेला है, जो विकास पुरुष स्व. जीएस बाली के प्रति लोगों के प्यार को दर्शाता है।

### विकास पुरुष जीएस बाली की स्मृति में 185 ने किया रक्तदान

**विकास** पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली के स्मृति में नगरोटा के ओबीसी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 185 नागरिकों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ पूर्व राज्य सभा सांसद विप्लव ठाकुर ने किया। इस अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली भी विशेष तौर पर उपस्थित थे। आरएस बाली ने सभी रक्तदानियों का बाल मेले के मौके पर रक्तदान करने के लिए धन्यवाद किया और साथ ही कहा कि रक्तदान महादान है किसी एक व्यक्ति के रक्तदान करने से कई लोगों का जीवन बचता है और हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने विकास पुरुष स्व. जीएस बाली को याद करते हुए कहा कि यह बाल मेला उनके पिताजी और विकास पुरुष की अपने नगरोटा परिवार के लिए एक अद्भुत सोच थी।

## एसपी से की चाकूबाजी घटना की निष्पक्ष जांच की मांग

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** शाहपुर में 30 जून को हुई चाकूबाजी की घटना में पीड़ित पार्षद राजीव पटियाल ने एसपी धर्मशाला से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीड़ित ने शाहपुर पुलिस पर आरोप लगाते हुए जिला पुलिस कप्तान को लिखा है की 30 जून को मुझ पर चाकू से हमला हुआ अस्पताल में एमएलसी भी कटी।

डॉक्टर ने बयान देने के काबिल न समझा, लेकिन शाहपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। यही नहीं घटना के 7 दिन बाद जब प्राथमिकी की दर्ज की गई, तो उसमें अपराधियों के साथ पुलिस की सांठ-गांठ स्पष्ट तय परिलक्षित होती है, जिसमें बहुत ही मामूली धाराओं में केस दर्ज किया गया। पत्र में राजीव ने आरोप लगाया कि घटना में शामिल तीसरे व्यक्ति को पुलिस आज तक नहीं तलाश पाई है। वहीं, अपराधियों को घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरा को हटाने का भी पूरा मौका दिया गया। उन्होंने एसपी धर्मशाला से निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निवेदन किया है। ज्ञात रहे 30 जून रात लगभग 10 बजे शाहपुर पोस्ट ऑफिस के पास राजीव पटियाल पर तीन लोगों ने हथियारों से हमला किया, जिसमें से तीन चाकू के वार पीड़ित की पीठ, हाथ व कूल्हे पर आए। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण पटियाल को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल शाहपुर से टांडा रेफर किया गया था। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई न होने पर एसपी का दरवाजा खटखटाया है। शाहपुर थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने कहा कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसकी जांच चल रही है।

## हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** विकास खंड नगरोटा सूरियां दो भागों में बांटने के बाद वीरवार को पंचायत समिति नगरोटा सूरियां की अध्यक्ष पूजा देवी तथा उपाध्यक्ष धीरज अत्री ने कार्यालय में पंचायत समिति सदस्यों तथा जन प्रतिनिधिओं के साथ बैठक की। उन्होंने सरकार से पूछा कि जिस तरह से जबरदस्ती हाईकोर्ट के स्टे के उपरांत आनन-फानन में विकास खंड नगरोटा सूरियां से आधा सामान जवाली में शिफ्ट किया गया, जबकि आधा सामान अभी भी नगरोटा सूरियां में ही सुरक्षित पड़ा है। साथ ही पंचायत समिति का कार्यालय भी अभी तक नगरोटा सूरियां में चल रहा है और पंचायत समिति का कार्यकारी अधिकारी कम बीडीओ जवाली में अपना डेरा जमाए बैठे हैं। यह इस क्षेत्र की जनता के साथ बहुत बड़ा छल है तथा विकास खंड का दो स्थानों से संचालन मजाक का विषय बना हुआ है। वहीं, प्रदेश पर आई प्राकृतिक आपदा पर चर्चा हुई। उपस्थित सभी प्रधानों पंचायत समिति सदस्यों को निर्देश जारी किए गए की इस आपदा की घड़ी में प्रभावित लोगों की यथासंभव सहायता करें तथा आपदा से हुए नुकसान की जानकारी सरकार को दें। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य रेनू शर्मा, बन माला, प्रधान खब्बल रिंपल, प्रधान कथोली गुरचरण सिंह बेदी, रजनी महाजन, उपप्रधान बारियाल कवि गुलेरिया, प्रधान बासा सुरेखा देवी, पूर्व प्रधान संजय महाजन, जसवंत सिंह उपस्थित रहे।

## यूजीसी नेट में अवंतिका कौंडल ने झटका देशभर में 16वां रैंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला विधानसभा हलके की बगली पंचायत निवासी अवंतिका कौंडल ने यूजीसी नैट (मैनेजमेंट) में देशभर में 16वां स्थान हासिल किया है। अवंतिका ने अपने पहले ही प्रयास में 226 अंक हासिल किए हैं। अवंतिका का जेआरएफ भी क्लीयर है। अब वह असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर सेवाएं देगी। अवंतिका ने दसवीं की पढ़ाई सेक्रड हार्ट स्कूल से की है। जमा दो की पढ़ाई जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा से की।

**पहले ही प्रयास में छाई बगली की छात्रा, जेआरएफ भी क्लीयर**

**रोजाना 14 घंटे की पढ़ाई से पाया मुकाम**

ग्रेजुएशन आईजीएमसी शिमला और पोस्ट ग्रेजुएशन एलपीयू से हुई है। अवंतिका ने बताया कि रोजाना 14 घंटे की पढ़ाई से उसने यह मुकाम हासिल किया है। अवंतिका ने बताया कि उनके पिता हरभजन सिंह, चाचा उज्ज्वल सिंह व अन्य परिजनों के अलावा शिक्षकों ने उनका भरपूर सहयोग किया है, तभी उसे इतनी बड़ी कामयाबी मिली है।

अवंतिका के पिता हरभजन सिंह कांग्रेस नेता व धर्मशाला के प्रसिद्ध कारोबारी हैं व माता अध्यापिका हैं। वहीं, कांग्रेस नेता व नगर निगम के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी, नगर निगम मेयर नीनू शर्मा, शाहपुर से विधायक व मुख्य उपसचेतक केवल सिंह पठानिया, कांगड़ा से विधायक पवन काजल ने अवंतिको को बधाई दी है।

## निजी स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप स्थित निजी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। स्कूल प्रिंसिपल की ई-मेल पर यह धमकी मिली थी। इसकी सूचना स्कूल प्रशासन की ओर से जिला पुलिस को दी गई थी। पुलिस टीम ने 5 से 6 घंटे की छानबीन के बावजूद कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। निजी स्कूल को यह धमकी भरा ई-मेल मंगलवार को मिला था, जबकि स्कूल प्रशासन की इसकी जानकारी बुधवार को पुलिस से साझा की गई। गौरतलब है कि पहले भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में न्यायालयों को उड़ाने की धमकियां मिली थी। एएसपी अदिति सिंह ने बताया कि एक निजी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी की सूचना मिलने पर जिला पुलिस ने पुलिस टीम, बम स्क्वायड व डॉग स्क्वायड को भेजा गया था। स्कूल परिसर को 5-6 घंटे तक सर्च किया गया, लेकिन कोई भी संदिगध वस्तु नहीं मिली।

**पुलिस ने की घंटों जांच, नहीं मिला कुछ संदिग्ध**

## परागपुर में नक्की खड्ड पुल बनेगा राहत का सेतु

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** परागपुर के नक्की खड्ड पर प्रस्तावित पुल अब जल्द ही हकीकत बनेगा। जसवां-परागपुर के विधायक एवं पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर द्वारा इस परियोजना को प्राथमिकता में डालने के बाद इसे नाबार्ड योजना के तहत मंजूरी मिल चुकी है। टेंडर की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होने वाली है। इस पुल के निर्माण से गरली-परागपुर मार्ग पर आवाजाही में होने वाली बाधाओं का स्थायी समाधान हो जाएगा। नक्की खड्ड पर बरसात के दिनों में पानी का बहाव खतरनाक रूप से तेज हो जाता है। इस वजह से गरली-परागपुर जाने वाला मार्ग कई बार पूरी तरह बंद हो जाता था। स्थानीय लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता था या फिर लंबा रास्ता तय करना पड़ता था। करीब दो साल पहले एक बड़ा हादसा हुआ था, जब करियाडा से चंडीगढ़ जा रही एक कार परिवार सहित खड्ड के तेज बहाव में बह गई थी। गाड़ी करीब 100 गज दूर जाकर किनारे अटक गई थी और परिवार बाल-बाल बच पाया।

### लोगों को अब नहीं होना पड़ेगा परेशान: बिक्रम ठाकुर

**विधायक** बिक्रम ठाकुर ने कहा कि नक्की खड्ड पर पुल बनना क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी। अब नाबार्ड योजना के तहत मंजूरी मिलने के बाद यह परियोजना जल्द धरातल पर उतरने जा रही है। इसके बनने से लोगों की आवाजाही में किसी भी मौसम में कोई बाधा नहीं आएगी।

## श्रावण मेलों में श्रद्धालुओं की सहूलियतों का रखा जाएगा विशेष ध्यान: एसडीएम



बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा को रंग-बिरंगे फूलों और लाइटों से सजाया गया।

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में श्रावण मेलों का आगाज शुक्रवार से होने जा रहा है। श्रवण मेलों की पूर्व संध्या के मौके पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने सभी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया श्रावण मेलों के दौरान पूरे मंदिर को फूलों और रोशनी से सुसज्जित किया गया है।

मेलों के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बहुत अधिक होती है, जिसके चलते सफाई और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सफाई के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने 25 अतिरिक्त होमगार्ड भी सुरक्षा के लिए तैनात किए गए हैं। कांगड़ा बाईपास पर श्रद्धालुओं के लिए सहायता कक्ष की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया इस वर्ष कांगड़ा मुख्य मंदिर और तहसील चौक पर द्वार के रोशनीकरण को पीएनबी कांगड़ा द्वारा किया गया है। कांगड़ा मंदिर के मुख्य द्वार को केडी टेंट हाउस द्वारा रोशनी से सुसज्जित किया गया है। उन्होंने बताया मंदिर में 3 समय का लंगर श्रद्धालुओं के लिए परोसा जाएगा। सुरक्षा कैमरा को भी दुरुस्त किया गया है। एसडीएम कांगड़ा ने श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए सरायों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

### कांगड़ा में मिनी सचिवालय के पीछे मिला शव



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा के मिनी सचिवालय के पीछे 82 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है, जिससे कांगड़ा के लोगों दहशत का माहौल देखने को मिला। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया घटना की सूचना मिलते ही कांगड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। व्यक्ति सिर में गंभीर चोट लगी थी और ईंटों पर पड़ा हुआ था। उक्त व्यक्ति को तुरंत टांडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कांगड़ा निवासी दलजीत सिंह के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि मृतक का घर तहसील चौक से कुछ ही मीटर की दूरी पर है। उन्होंने बताया कि पुलिस मौत के पीछे के तथ्यों का पता लगा रही है और धारा 194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### पेयजल योजना के संचालन में जुट जाए विभाग

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विधायक पवन काजल ने कहा कि कांगडा विधानसभा क्षेत्र के लिए अठारह करोड़ रुपए की निर्माणाधीन पेयजल योजना को जनता तक पहुंचाने के लिए राइजिंग मेन से लेकर पर कुलेशन वेल तैयार है। अब विभाग विस क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पानी मुहैया करवाने के लिए दिलचस्पी ले। उन्होंने कहा कि विभाग इस योजना के संचालन में जुट जाए, अन्यथा वह आगामी विस सत्र में मामला उठाने से गुरेज नहीं करेंगे। ढुगियारी गांव के शिव मंदिर में राम दरबार स्थापना के दौरान पहुंचे लोगों ने पेयजल समस्या का मसला विधायक पवन काजल के समक्ष उठाया। विधायक ने कहा कि अठारह करोड़ रुपए की पेयजल योजना में ढुगियारी गांव को भी शामिल किया गया है। जल्द लोगों को पेयजल समस्या से निजात मिलेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में आई बाढ़ में गांव के बह गए शमशानघाट का काम शुरू हो चुका है। इस मौके पर विधायक काजल ने शिव मंदिर में एक कमरा और रसोई घर बनाने के साथ मंदिर कमेटी को इक्कीस हजार रुपए देने की घोषणा की।

### कैंपस इंटरव्यू में 103 ने आजमाया भाग्य

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में वीरवार को सुजुकी मोटर गुजरात लिमिटेड कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से 103 अभ्यर्थियों ने कंपनी में जाने के लिए अपना भाग्य आजमाया। आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि कंपनी में जाने के लिए 63 पास आउट और 40 अपीयरिंग अभ्यर्थियों ने इसमें भाग लिया। चयनित अभ्यर्थियों का रिजल्ट अगले हफ्ते तक मेल के माध्यम से आईटीआई शाहपुर में पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 8 घंटे ड्यूटी के लिए 24,550 रुपए तथा पीएफ और ईएसआई को काटकर 17,100 रुपए महीना वजीफा मिलेगा। उधर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समूह अनुदेशक तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि कंपनी चयनित अभ्यर्थियों को 1 साल के लिए रखेगी तथा उसके बाद परफॉर्मेंस के आधार पर चयनित किया जाएगा। कंपनी में चयनित अभ्यर्थियों को अन्य भत्ते तथा सुविधाएं भी दी जाएगी ।

### स्वस्थ एमसी, स्वस्थ स्मार्ट सिटी विषय पर कार्यक्रम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला की ओर से स्वस्थ एमसी धर्मशाला और स्मार्ट सिटी विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नीनू शर्मा, मेयर नगर निगम धर्मशाला ने की। इस दौरान उपमहापौर तेजिंदर कौर, पूर्व में रहे महापौर देविंद्र जग्गी, नगर आयुक्त जाफर इकबाल, डॉ. राजेश सूद (जिला स्वास्थ्य अधिकारी), डॉ. कविता ठाकुर (बीएमओ शाहपुर) तथा डॉ. अनुराधा भी उपस्थित रहीं। डॉ. अनुराधा ने आयुष्मान भारत, एनसीडी स्क्रीनिंग, टीकाकरण अभियान और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं जैसी वर्तमान स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने सभी पार्षदों के साथ संवाद करते हुए आग्रह किया कि वे इन योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं और अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं पहुंचाने में सहयोग करें। वहीं, 2 अगस्त 30 अगस्त तक विभिन्न वार्डों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## ठंगर में लगा ट्रांसफार्मर, अब नहीं सताएगी लो वोल्टेज की समस्या



लोगों ने ट्रांसफार्मर लगने पर पूर्व विधायक अजय महाजन का आभार जताया।

**अनंत ज्ञान, भूषण शर्मा**

**नूरपुर।** विकास खंड नूरपुर की पंचायत कमनाला के ठंगर गांव में लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिली है। विद्युत बोर्ड ने यहां 250 वाट का ट्रांसफार्मर लगाकर समस्या का निपटारा किया है। ठंगर गांव की पूर्व पंचायत सदस्य रेखा देवी ने बताया कि इससे पहले गांव के लिए 100 वाट का ट्रांसफार्मर लगा था, जिस कारण लो वोल्टेज की समस्या रहती थी। लोगों ने पूर्व विधायक अजय महाजन को अवगत करवाया था। विद्युत बोर्ड द्वारा वीरवार को बड़ा ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। गांववासियों ने पूर्व विधायक अजय महाजन का धन्यवाद किया है। नूरपुर के पूर्व विधायक अजय महाजन ने कहा कि नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत ट्रांसफार्मरों के अपग्रेडेशन की मांग लोगों द्वारा की गई थी, जिसे प्रदेश सरकार के समक्ष रखा गया था।

इसके चलते क्षेत्र में 26 ट्रांसफार्मर बदले जा रहे हैं, इससे बिजली की समस्या का समुचित हल होगा। इस मौके पर लेखराज, संजीव कुमार, मुकेश कुमार, राजन शर्मा, जीत कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे ।

**आकलन** डिग्रेड फॉरेस्ट एरिया में जहां की मिट्टी अच्छी नहीं, वहां पौधों का सरवाइवल रेट 75%

## जिले के कई क्षेत्रों में पौधों का सरवाइवल रेट 95 फीसदी

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** बरसात का दौर जारी है। ऐसे में वन विभाग का पौधरोपण अभियान भी शुरू होने वाला है। कांगड़ा जिले में वन सर्किल धर्मशाला के अंतर्गत आते एरिया की बात करें तो यहां कुछ एरिया में रोपित पौधों का सरवाइवल रेट 80 से 95 फीसदी तक आंका गया है, जबकि जिले के डिग्रेड फॉरेस्ट एरिया जहां भूमि अच्छी नहीं होती या फिर पथरीली होती है, उसमें भी 70 से 75 फीसदी सरवाइवल रेट रह सकता है। विभाग की मानें तो जनसहभागिता से रोपित किए जाने वाले पौधों की किस्में तय की जाती हैं, जिससे कि भविष्य में जंगल के समीप रहने वाले लोगों को चारा व लकड़ी जैसी जरूरतें पूरी हो सकें। विभाग का यह प्रयास रहता है कि रोपित किए गए पौधों का सरवाइवल रेट बेहतर रहे।

### वन क्षेत्र में चिन्हित एरिया में होता है पौधरोपण

**वन** विभाग की ओर से केवल वन क्षेत्र में ही पौधरोपण किया जाता है, चाहे डिग्रेड फॉरेस्ट एरिया हो या फिर कोर फॉरेस्ट एरिया हो। किसी भी किस्म के पौधरोपण में जन सहभागिता बेहद जरूरी होती है। जंगलों के आसपास रहने वाले लोगों के जंगल में कुछ न कुछ अधिकार रहते हैं। ऐसे में जंगल कि जिस एरिया में पौधरोपण किया जाता है। पौधों की सुरक्षा के चलते उस एरिया को फेंसिंग या अन्य माध्यमों से बंद किया जाता है। इसके लिए संबंधित लोगों की राय लेना भी जरूरी होता है।

### 30 से 60 फीसदी एरिया में फल पौधों का रोपण

**पौधरोपण** के दौरान परंपरागत पौधों की किस्मों को ही बढ़ावा दिया जाता है। इसके लिए स्थानीय लोगों से बातचीत के करके चारा व लकड़ी देने वाली किस्में तय की जाती हैं। पौधरोपण की योजना में 30 से 60 फीसदी एरिया कैसा है, उसी आधार पर वहां पर फलों के पौधे लगाने की भी वन विभाग की कोशिश रहती है, जिससे बंदरों व अन्य जानवरों के लिए खाने की सुविधा जंगलों में तैयार हो जाए।

**जनसहभागिता से पौधरोपण अभियान चलाता है विभाग**

**जंगलों के समीप रहने वालों से ली जाती है किस्मों बारे राय**



"वन सर्किल धर्मशाला के अंतर्गत कई ऐसे एरिया हैं, जहां पर रोपित किए गए पौधों की सरवाइवल रेट 80 से 95 फीसदी वाले भी एरिया हैं। यह सब उस क्षेत्र के तापमान व भौगोलिक परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसके अलावा डिग्रेड फॉरेस्ट एरिया जहां की मिट्टी अच्छी नहीं है। वहां भी पौधों का सरवाइल नेट 70 से 75 फीसदी तक भी हो सकता है। वन विभाग जन सहभागिता से पौधरोपण करता है तथा यह प्रयास किया जाता है कि रोपित किए गए पौधे अच्छे से सरवाइव करें।

**बासु कौशल, चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट, फॉरेस्ट सर्किल धर्मशाला**

## कंपनी को 30 दिन में करनी होगी स्कूटी की मरम्मत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने सुनाया फैसला**

**कंपनी विफल रही तो 79,846 की राशि नौ फीसदी वार्षिक ब्याज के साथ लौटानी होगी**

**एक** स्कूटी कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता उपभोक्ता को 30 दिन के भीतर स्कूटी की मरम्मत करने का निर्देश दिया है। यदि कंपनी ऐसा करने में विफल रहती है, तो उसे 79,846 की पूरी राशि नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ उपभोक्ता को लौटानी होगी। साथ ही 20,000 रुपए मानसिक पीड़ा के लिए तथा 10,000 रुपए मुकदमे की लागत के तौर पर भी भुगतान करने के आदेश जारी किए हैं। यह फैसला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की अदालत ने सुनाया है।

शिकायतकर्ता उपभोक्ता ने 9 अप्रैल, 2022 को एक नामी कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी एक ऑटो मार्ट से खरीदी थी। कुछ महीनों बाद ही जनवरी 2023 में स्कूटी में कई खराबी आने का मामला सामने आने लगा। शिकायतकर्ता ने कई बार डीलरशिप पर जाकर शिकायतें दर्ज करवाईं, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं मिला। अप्रैल 2024 में स्कूटी को एक अधिकृत वर्कशॉप में भेजा गया, परंतु वहां भी मरम्मत नहीं हो सकी और स्कूटी खड़ी रही। आयोग के समक्ष यह फैसला आने के बाद ऑटोमोबाइल व स्कूटी कंपनी को आयोग द्वारा समन भेजा गया, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। विपक्षी पार्टियों द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे उनका जवाब देने का अधिकार समाप्त कर दिया गया। इसके आधार पर शिकायतकर्ता द्वारा पेश सभी दस्तावेजों व हलफनामे को बिना चुनौती मान्य मानते हुए आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में उपरोक्त फैसला सुनाया।

## न्यूज ब्रीफ

### बस हादसे पर प्रतिभा सिंह ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल के तारंगल में हुई बस दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। प्रतिभा सिंह ने इस दुखद हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि वह शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी हैं। उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की है।

### पिकअप से पकड़ी अवैध शराब, चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू ने 23 जुलाई को मखीवाला के पास एक पिकअप वाहन से 792 बोतल अवैध शराब जब्त की है। हेड कांस्टेबल अनिल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस ने वाहन की जांच की, जिसमें देसी शराब, ऑल सीजन शराब और किंगफिशर बीयर के कई बॉक्स बरामद हुए। चालक गुड्डू सिंह, जो शिमला के गांव करोली का निवासी है, कोई लाइसेंस या परमिट नहीं दिखा सका। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीपीओ प्रणव चौहान ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### ट्रेनी पॉलिसी युवाओं के साथ धोखा : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश डोगरा ने प्रदेश सरकार की 'जॉब ट्रेनी योजना' को युवाओं के साथ गंभीर अन्याय और अपमान बताया है। उन्होंने इस नीति को तुरंत वापस लेने की मांग की। डोगरा ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों से पहले 5 लाख रोजगार और 58 वर्ष की आयु तक पक्की नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद इन वादों को भूल गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नौकरी देने वाली संस्थाओं को बंद कर दिया गया है, कर्मचारी चयन आयोग निष्क्रिय पड़ा है और 1.5 लाख से अधिक पद खाली होने के बावजूद सरकार ने कोई भर्ती नहीं की है। राकेश डोगरा ने नई ट्रेनी नीति को युवाओं के अधिकारों का हनन बताया।

### सेब बागवानों पर दोहरी मार: रजत राउटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सेब के बागवान इन दिनों दोहरी मुश्किल का सामना कर रहे हैं। जहां एक ओर उनके बगीचों में अल्टरनेरिया और मार्सोनिना जैसे रोग तेजी से फैल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक की उदासीनता से वे बाजार से महंगी दामों पर दवाइयां खरीदने को मजबूर हैं। यह आरोप ग्राम पंचायत जदोण के उपप्रधान रजत राउटा ने लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस गंभीर स्थिति पर मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा, 'सेब बहुल क्षेत्र के मंत्री सत्ता में आने के बाद से ही बागवानों के मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं, जो बेहद शर्मनाक है।' उन्होंने स्थानीय विधायक कुलदीप राठौर पर भी निशाना साधा। राउटा ने कहा कि विधायक सोशल मीडिया पर तो राष्ट्रीय प्रवक्ता बनकर बागवानों की बात करते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार होने के बावजूद वे अपने विधानसभा क्षेत्र के उद्यान केंद्र नारकंडा में जरूरी दवाइयां उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। राउटा ने विधायक राठौर से दूरभाष पर मुख्यमंत्री सुक्खू से बात करने और क्षेत्र के उद्यान केंद्रों पर दवाइयां उपलब्ध करवाने की मांग की।

### आज वीर नारियों को किया जाएगा सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर, सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय, शिमला में भव्य समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और देश के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए वीर नारियों को सम्मानित करना है। 25 जुलाई को दो चरणों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे, बास्केटबॉल ग्राउंड, गेट संख्या 3, यूको बैंक के पास स्थित सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय में मुख्य समारोह आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल डीएस कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल कुशवाहा, एवीएसएम, एसएम सेना के पूर्व सैनिकों और अधिकारियों (वेटरन्स) से भी मुलाकात करेंगे और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को कारगिल विजय दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देंगे। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे, गेयटी थिएटर, एडीसी, रिज के पास स्थित स्थल पर एक और विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# स्कूली शिक्षा में बदलाव, अब 6वीं से 12वीं तक के बच्चों को पढ़ाएंगे प्रवक्ता

## प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता व संसाधनों के कुशल उपयोग की दिशा में बड़ा कदम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्रदेश विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने हाल ही में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि अब सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता कक्षा छठी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे। यह कदम न केवल मौजूदा आरएंडपी नियमों और शिक्षा कोड के प्रावधानों के अनुरूप है, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को भी प्राप्त करने में सहायक होगा।

जानकारी के अनुसार यह देखा गया था कि कई संस्थानों में प्रवक्ता (स्कूल न्यू) को केवल कक्षा 11वीं और 12वीं तक ही सीमित कर दिया जाता था, जबकि आरएंडपी नियमों के अनुसार उनके पास कक्षा छठी से दसवीं तक स्नातक स्तर के विषय पढ़ाने की भी पात्रता है। शिक्षा निदेशालय के अनुसार, प्रधानाचार्यों को संस्थागत आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण कार्य सौंपने का अधिकार है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को करेगी पूरा

**प्रवक्ता** को निचली कक्षाओं में पढ़ाने की जिम्मेदारी देना न केवल प्रशासनिक रूप से वैध है, बल्कि स्कूलों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी आवश्यक है। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को पूरा करता है, जो लचीलेपन, संसाधनों के एकीकृत नियोजन और विषय विशेषज्ञता के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शिक्षण में सुधार पर जोर देती है।

### शिक्षण कार्य में अनावश्यक विभाजन से बचने के निर्देश

**निदेशालय** ने सभी स्कूलों को इन प्रावधानों को तुरंत प्रभाव से लागू करने और शिक्षण कार्यों में अनावश्यक विभाजन से बचने के निर्देश दिए हैं। किसी भी प्रकार के विचलन को गंभीरता से लिया जाएगा और उस पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी, ताकि सभी स्तरों पर विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक परिणाम और समान अवसर सुनिश्चित हो सकें।

## राजनीतिक दल सभी मतदान केंद्रों पर नियुक्त करें बीएलए: हेमचंद वर्मा

**सपना सूद, अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की और उनसे आग्रह किया है कि वे सभी मतदान केंद्रों पर अपने-अपने दल के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त कर लें जिससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल सभी 152 मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के क्रम में एक भी मतदाता छूटे नहीं इस कार्य के लिए आपस में समन्वय स्थापित करें।

## प्रदेश सरकार की नई भर्ती नीति के विरोध में एबीवीपी संजौली का प्रदर्शन



एबीवीपी की संजौली इकाई के सदस्य अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अखिल** एबीवीपी की संजौली इकाई ने प्रदेश सरकार की नई भर्ती पॉलिसी के विरोध में आज धरना प्रदर्शन किया। इकाई अध्यक्ष सूर्यांश ने इस दौरान सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में आने से पहले सरकार ने युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन अब वह स्थायी नियुक्तियों के बजाय जॉब ट्रेनिंग योजना लाकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। यह नई नीति युवाओं के साथ अन्याय है, क्योंकि इसके तहत उन्हें पहले दो साल तक केवल ट्रेनिंग पर रखा जाएगा और उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलेगा। इस अवधि में उन्हें न तो सीपीएफ, सीसीएस, लीव और पेंशन नियमों का लाभ मिलेगा, और न ही वे सरकारी कर्मचारी माने जाएंगे। दो साल बाद भी उन्हें नियमित होने के लिए एक और परीक्षा पास करनी होगी, जिसे अभाविप ने लाखों युवाओं के साथ धोखा और उनके आत्मसम्मान पर चोट बताया है।

एबीवीपी संजौली इकाई ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि वह तुरंत इस जनविरोधी निर्णय को वापस ले और अपने चुनावी वादों के अनुसार स्थायी नियुक्तियां करे। इकाई मंत्री रौनक चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार को युवाओं की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने इस नीति को लागू करने की कोशिश की, तो अभाविप संजौली इकाई इसके विरोध में एक उग्र आंदोलन शुरू करेगी।

## युवक मंडल सरहाना ने मिहाना खड्ड के आसपास रोपे 100 से अधिक पौधे

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** नव चेतना युवक मंडल सरहाना द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बढाल के मिहाना खड्ड के आसपास के क्षेत्र में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को ग्रामवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। जिसमें मुख्यत: देवदार,सजावटी एवं छायादार प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई।



युवक मंडल सरहाना के सदस्य पौधरोपण करते हुए।

युवक मंडल अध्यक्ष यशपाल शर्मा ने बताया कि यह अभियान मातृ सम्मान व प्रकृति संरक्षण का संयुक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक मां, एक पेड़ का यह विचार हमें अपनी मातृभूमि और पर्यावरण दोनों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर देता है। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ावा देना था, बल्कि समाज में पर्यावरणीय जागरूकता फैलाना और युवाओं को प्रकृति से जोड़ना भी था। इस अवसर पर युवक मंडल के अध्यक्ष यशपाल शर्मा, सचिव सुशील शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश दत्त शर्मा, सहसचिव प्रमोद शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, सदस्य महेश शर्मा, नानक चंद शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रीतम शर्मा हैप्पी शर्मा एवं आस्था शर्मा मौजूद रहे।

## डॉ. सिकंदर ने मांगा जनजातीय विकास व योजनाओं का ब्यौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में राज्य से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए। उन्होंने जनजातीय समुदाय के विकास और मंडी-पंडोह के बीच फोरलेन निर्माण से जुड़ी चिंताओं पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। केंद्रीय मंत्रियों ने उनके सवालों का विस्तार से उत्तर दिया। डॉ. सिकंदर कुमार ने जनजातीय समुदायों के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी मांगी। इस पर जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उइके ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय विकास निगम योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में 4 वन धन विकास केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे 1110 जनजातीय लाभार्थी जुड़े हैं। इन केंद्रों को स्थापित करने के लिए राज्य सरकार को प्रति केंद्र15 लाख की वित्तीय सहायता दी गई है। इसके अलावा, एनएसटीएफडीसी की योजनाओं के तहत पिछले 5 सालों में 159 जनजातीय लाभार्थियों को 1.17 करोड़ की राशि वितरित की गई है।

## छात्रों के लिए हॉस्टल, सस्ती फीस और चुनाव की मांग को लेकर एसएफआई ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**एसएफआई** की कोटशेरा इकाई ने आज कॉलेज में विभिन्न छात्र मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। एसएफआई ने कॉलेज प्रशासन और सरकार पर छात्रों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द उनकी समस्याओं को सुलझाने की मांग की।



### छात्र संघ चुनाव को बहाल करने की उठाई मांग

**कोटशेरा** इकाई सचिवालय सदस्य अंकित ने कहा कि 2014 के बाद छात्रों के जनवादी अधिकार, छात्र संघ चुनाव पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिसके कारण प्रशासन व छात्र के बीच एक संवाद का रास्ता समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम कैंपस में प्रशासन की तानाशाही और लगातार फीस वृद्धि के रूप में देखने को मिला है। एसएफआई मांग करती है कि जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव बहाल किया जाए।

एसएफआई कोटशेरा इकाई सचिव तिलक राज ने कहा कि एसएफआई बीते 20 वर्षों से हॉस्टल के लिए संघर्ष कर रही है, लेकिन अभी तक प्रशासन व सरकार द्वारा छात्रों की मूलभूत आवश्यकता हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि 2014 में हॉस्टल निर्माण कार्य के लिए फंड भी आ गया था, लेकिन कॉलेज प्रशासन हमेशा जमीन की कमी का हवाला देकर छात्रों को गुमराह करता रहा है। एसएफआई मांग करती है कि जल्द से जल्द भूमि का निरीक्षण कर छात्रों को हॉस्टल की सुविधा दी जाए, ताकि शिमला में किसी भी छात्र को दरबदर की ठोकरें न खानी पड़ें।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस फंड का कोई ब्योरा कॉलेज प्रशासन के पास नहीं है कि वह फंड कहां इस्तेमाल किया गया। एसएफआई द्वारा लगाई गई आरटीआई में भी कई घोटाले सामने आए हैं, जो प्रशासन पर सवाल खड़े करते हैं। इसलिए, एसएफआई मांग करती है कि किसी भी कॉलेज में छात्रों से पीटीए के नाम पर फीस न ली जाए।

### जॉब ट्रेनी पॉलिसी से युवाओं को दिया झटका: इंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित की गई 'नई जॉब पॉलिसी' को लेकर कर्मचारी संगठनों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। अब इस विवाद में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ व पेंशनर महासंघ अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर ने भी प्रतिरोध दर्ज कराया है।



उन्होंने कहा कि यह नीति प्रदेश के लाखों युवाओं की उम्मीदों पर करारा प्रहार है और सरकार ने रोजगार की तलाश में बैठे युवाओं को '11000 वोल्ट का झटका' देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि 15 मई 2003 को जब तत्कालीन मुख्यमंत्री ने सरकारी सेवाओं में नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से हटाकर नई पेंशन योजना थोप दी थी, तब भी उन्होंने विरोध की मशाल जलाई थी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल नौजवानों के हक पर चोट है। जल्द ही यह जनआक्रोश का ज्वालामुखी बनकर फूटेगा।

## बिलासपुर को बनाया जाएगा वाटर स्पोर्ट्स का प्रमुख केंद्र : उपायुक्त

### समीक्षा बैठक में एसडीएम को दिए नकराणा क्षेत्र में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाएं तलाशने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** मुख्यालय बिलासपुर में सोसाइटी फॉर टूरिज्म, स्पोर्ट्स, ट्रेड एंड एंप्लॉयमेंट जेनरेशन की बैठक उपायुक्त एवं सोसायटी के अध्यक्ष राहुल कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला में पर्यटन, खेल, व्यापार और स्वरोजगार से संबंधित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई।

डीसी ने कहा कि बिलासपुर जिले को वाटर स्पोर्ट्स का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। इस दिशा में बिलासपुर शहर से लेकर भाखड़ा बांध तक वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान की जा रही है। उन्होंने एसडीएम श्री नयना देवी धर्मपाल को निर्देश दिए कि भाखड़ा बांध के आसपास नकराणा क्षेत्र में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाएं तलाशी जाएं। डीसी ने मंडी भराड़ी क्षेत्र में ग्लास ब्रिज निर्माण की संभावनाओं को लेकर पर्यटन विभाग के अधिकारियों को शीघ्र सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में वाटर स्पोर्ट्स के साथ-साथ एयरो स्पोर्ट्स को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग को निर्देश दिए गए कि इस क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। उन्होंने निकट भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की योजना को मूर्त रूप देने पर बल दिया।

### स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारी व नागरिक होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय बिलासपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डीसी ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह इस वर्ष छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों-जैसे सरकारी सेवाएं, खेल, कला और साहित्य-में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों और नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 10 अगस्त, 2025 तक अपने-अपने विभागों से चयनित उत्कृष्ट कर्मचारियों की सूची उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे समारोह की सभी तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। बैठक के दौरान पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों ने डीसी से आग्रह किया कि चंगर स्थित शहीद स्मारक परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि इसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों के शिकायत पर डीसी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि शहीद स्मारक क्षेत्र में विशेषकर रात्रि समय गश्त बढ़ाई जाए, ताकि यह स्थान किसी भी असामाजिक गतिविधियों का केंद्र न बने।

## उपरली भटेड़ में बिना कनेक्शन के जल भंडारण टैंक बना सफेद हाथी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बरमाना** पंचायत के भटेड़ उपरली गांव में स्थित राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला के प्रांगण में जल भंडारण टैंक बनकर तैयार है, लेकिन विभाग द्वारा 3 महीने बाद भी इसमें कनेक्शन नहीं दिया गया है। लगभग 30000 लीटर पानी की क्षमता वाला ओवरहेड टैंक, जिससे आसपास के घरों में पानी की आपूर्ति होनी थी। अप्रैल माह में बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन अभी तक विभाग ने इसकी कोई सुध नहीं ली और बरसात के इस मौसम में भी भटेड़ उपरली गांव के इन घरों में पानी की समस्या बनी हुई है।



जल आपूर्ति की कमी से ग्रामीण परेशान।

ग्रामीणों ने बताया कि जलशक्ति विभाग की पानी की आपूर्ति भी पिछले 2 दिनों से बंद है। कर्मचारी से बात की गई तो बताया गया कि पानी के स्रोत में लगी मोटर जल गई है और इस कारण अगले 1-2 दिनों तक पानी आने की कोई संभावना नहीं है। राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला रामबाग की स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अनु कुमारी ने बताया कि इस पाठशाला में भी एसीसी द्वारा दी जाने वाली पानी की आपूर्ति पिछले 2 माह से बंद है। लगभग 80 बच्चे पीने के पानी के लिए जल शक्ति विभाग के द्वारा सप्लाई किए जाने वाले पानी पर ही निर्भर हैं, जबकि यह पानी केवल 1 घंटे के लिए छोड़ा जाता है। ग्रामीण सुशील शर्मा, अरुण कुमार, कुलदीप सिंह, राम प्रकाश, शंकर, मनोज महाजन आदि ने जल शक्ति विभाग और मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की कि जल्द इस नवनिर्मित टैंक में पानी का कनेक्शन कर के इस समस्या का समाधान किया जाए।

### वरुण व होमानी करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** मंडी जिले के दो होनहार खिलाड़ियों वरुण वालिया एवं कुमारी होमानी का चयन आगामी विश्व यूथ सवाते चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 23 से 27 जुलाई तक ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित की जा रही है। प्रदेश सवाते एसोसिएशन की महासचिव संतोषी शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों को वीरवार रवाना होने से पूर्व भारतीय तिरंगा भेंट कर अपना आशीर्वाद दिया तथा हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इन खिलाड़ियों को भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव मिला है।



### संस्कृत कॉलेज डंगार में छात्रों का किया मार्गदर्शन

**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय डंगार बिलासपुर में 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कॉलेज के लगभग 200 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा। संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ कॉलेज में सेवाएं दे चुके सेवानिवृत्त राजेंद्र प्रसाद व्याकरणाचार्य ने किया। उन्होंने छात्रों को संस्कृत भाषा के प्राचीनतम इतिहास से अवगत करवाया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विद्यासागर जोशी ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त आचार्य प्रकाश चंद्र गौतम तथा वर्तमान में कॉलेज के आचार्य वर्ग डॉक्टर रोशन लाल शर्मा, डॉक्टर संदीप शर्मा, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिशु देखभाल, टीकाकरण की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बिलासपुर द्वारा छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल कार्यक्रम के तहत ट्रॉमा सेंटर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें 30 आशा व 7 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को शिशु देखभाल, स्तनपान, पूरक आहार, टीकाकरण, दस्त नियंत्रण, परिवार नियोजन व बीमार शिशुओं की देखभाल से जुड़ी जानकारी दी गई।

### साइबर क्राइम से बचने के दिए टिप्स

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता कॉलेज में छात्रों की वित्तीय समझ को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को धन प्रबंधन, बचत, निवेश, बैंकिंग सुविधाओं, डिजिटल लेन-देन एवं साइबर क्राइम से बचने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को वित्तीय ज्ञान के महत्व से अवगत कराया।

### श्री श्याम वंदना महोत्सव 23 अगस्त कोः अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री खाटूश्याम मित्र मंडल बिलासपुर की ओर से आगामी 23 अगस्त को तीसरी श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्रधान अमित सूरी ने बताया कि तृतीय श्री श्याम वंदना महोत्सव 23 अगस्त को नगर परिषद के प्रांगण में होगा, जिसमें श्याम जगत की सुप्रसिद्ध गायिका रजनी राजस्थानी और अंश-वंश दिल्ली वाले अपनी सुरीली आवाज से बाबा जी के भजनों का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार 56 भोग, भव्य एवं आकर्षक विशाल भवन, सोने चांदी के दरबार, विशाल लंगर आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### जरूरतमंद बच्चों में वितरित की पुस्तकें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पीजी कॉलेज बिलासपुर के विद्यार्थियों को महाविद्यालय प्रशासन ने पुस्तकें वितरित कीं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि महाविद्यालय के फैकल्टी के द्वारा मामला उठाया था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के कुछ विद्यार्थियों को किताब संबंधी समस्या पेश आ रही है। इस गंभीर मसले को लेकर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ बैठक की और महाविद्यालय की ओर से पुस्तकों की खरीद की गई। इसी क्रम में आईक्यूएसी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और समस्त विभागों के द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की गईं।

### चकली में 71 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने तलाणा के चकली गांव में 71 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि डॉ. सुनिधि शर्मा के नेतृत्व में 71 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं 21 लोगों की रक्त की जांच की गई। 18 लोग हड्डियों की बीमारी से, 16 लोग उच्च रक्तचाप से ग्रसित, 38 लोग मधुमेह, एवं अन्य लोग अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए।

## नंद-नगरांव पुल के दोनों छोर मिले काम अंतिम चरण में : कटवाल



झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने पुल का निरीक्षण किया।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**झंडूता** विधानसभा क्षेत्र के तहत पनौल-जेजवीं मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड पर निर्माणाधीन प्रदेश के सबसे बड़े स्टील सस्पेंशन ब्रिज नंद-नगरांव का काम जल्द पूरा होगा। 387 मीटर लंबे इस पुल के दोनों छोर आपस में मिल गए हैं। बुधवार को झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह पुल तकनीकी कौशल की अद्भुत मिसाल है। कोटधार क्षेत्र से झंडूता की दूरी कम होगी, बल्कि हमीरपुर व कांगड़ा आदि स्थानों से कोलडैम साहिब का फासला भी लगभग 60 किलोमीटर कम हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए इसका काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पनौल-जेजवीं मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड के लिए सेंट्रल रोड फंड से लगभग 90 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इसी सड़क पर प्रदेश का सबसे बड़ा स्टील सस्पेंशन ब्रिज नंद-नगरांव बन रहा है। इसमें मोदी सरकार और प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार का अहम योगदान है। उन्होंने खुद भी व्यक्तिगत प्रयासों से इस पुल के लिए करीब 57 करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध करवाया था।

### लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का किया समाधान

## जॉब ट्रेनिंग नीति पर विपक्ष का विरोध निराधार: हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव हीरापाल सिंह ठाकुर ने राज्य सरकार की जॉब ट्रेनिंग नीति को लेकर विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि भाजपा और उससे जुड़े कुछ कर्मचारी संगठन बिना वजह इस नीति का विरोध कर रहे हैं, जबकि यह पूरी तरह न्यायालय की पूर्व टिप्पणियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हाईकोर्ट ने 'कॉन्ट्रैक्ट' शब्द पर आपत्ति जताई थी, इसी कारण सरकार ने 'जॉब ट्रेनिंग' शब्द का प्रयोग किया है। इस नीति के अंतर्गत दो वर्षों तक सेवा देने के बाद कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा, और उन्हें पूर्व की तरह ही पेंशन, प्रमोशन और अन्य लाभ मिलेंगे। ऐसे में किसी प्रकार का नुकसान या भेदभाव नहीं होने वाला है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता और कुछ संगठन जनता को गुमराह कर सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार न्यायालय की दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए युवाओं को रोजगार देने के लिए इस नीति को लागू कर रही है। उन्होंने याद दिलाया कि भाजपा सरकार ने भी अपने कार्यकाल में विद्याउपासक, वालंटियर टीचर और अन्य पदों पर इसी तरह की नियुक्तियां की थीं। हीरापाल सिंह ने विपक्ष से अपील की कि वह जॉब ट्रेनिंग नीति पर राजनीति करने के बजाय युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक भूमिका निभाए और सरकार के निर्णयों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करे।

## स्थानीय निकायों के चुनाव टालने की कोशिश कर रही सरकार : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**भाजपा** के प्रदेश प्रवक्ता और नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर राज्य चुनाव आयोग के कामकाज में हस्तक्षेप करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार स्थानीय निकाय चुनावों को जानबूझकर टालने की रणनीति अपना रही है, क्योंकि उसे प्रदेशभर में अपनी नाकामी का डर सता रहा है। बिलासपुर में प्रेसवार्ता में रणधीर शर्मा ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया आरंभ करने के बाद सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को पत्र भेजकर डीलिमिटेशन संबंधी आदेश वापस लेने को कहा, जो पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। यह लोकतंत्र की मर्यादा के खिलाफ है कि एक बार प्रारंभ हुई चुनाव प्रक्रिया को रोका जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गई ट्रेनी पॉलिसी प्रदेश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री बृजलाल, प्रवक्ता सुरेंद्र तथा मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा मौजूद रहे।



पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधायक रणधीर।

### सरकार विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए उठाए कदम : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने विद्युत आपूर्ति को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। बिजली के अघोषित कट लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। लोगों के कई तरह के घरेलू काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, इसका असर पानी की आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। बेहतर होगा कि प्रदेश सरकार विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए समय रहते कारगर कदम उठाए। त्रिलोक ने कहा कि भाखड़ा बांध के माध्यम से देश के कई राज्यों को रोशन और खुशहाल करने वाले भाखड़ा विस्थापित बहुल जिले के लोगों को खुद बिजली की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। बीते कई दिनों से बिजली के अघोषित कट लग रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि बिजली की सुचारु व्यवस्था की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### परिहार व नर्सरी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड विद्युत उपमंडल संख्या-2 चंबा द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, 25 जुलाई 2025 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह शटडाउन लोकल भनोता फीडर, परिहार फीडर और उदयपुर फीडर की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते लिया जा रहा है। बोर्ड ने बताया कि यह कार्य पहले 21 जुलाई को प्रस्तावित था, लेकिन खराब मौसम के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। अब मौसम अनुकूल रहने की स्थिति में 25 जुलाई को यह कार्य संपन्न किया जाएगा। प्रभावित क्षेत्र - परिहार, नर्सरी, चीमा, उदयपुर, ढाँपू, बाघणू डुला, गोठली, धनेई, रिंडा, सरु, चिलबंगला, भनोता, चनेड, पंजोह और कोलरी सहित अन्य क्षेत्र। बिजली बोर्ड ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए बताया कि यह शटडाउन पूरी तरह मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा और किसी असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

### तेलका कॉलेज में जागरूकता की सीख

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय तेलका, जिला चंबा में वीरवार को रेड रिबन क्लब का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व क्लब के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने छात्रों को क्लब के उद्देश्य, इतिहास और महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेड रिबन क्लब का मुख्य उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स, रक्तदान और सुरक्षित जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही यह मंच युवाओं में नेतृत्व व समाज सेवा की भावना विकसित करता है। समापन अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. उपिंदर गुप्ता ने छात्रों को नशामुक्त समाज व स्वास्थ्य विषयों पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन प्रो. केहर सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो. राहुल मेहरा, प्रो. राहुल कंवर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### डियूर अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, मरीज परेशान

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** विकास खंड सलूणी की कई पंचायतों के लिए डियूर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य सुविधाओं का एकमात्र प्रमुख सहारा है, लेकिन



यहां डॉक्टरों की भारी कमी के चलते मरीजों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह अस्पताल भौतिक दृष्टि से किहार अस्पताल से भी बड़ा है, लेकिन स्टाफ की कमी इसकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि डियूर अस्पताल पर दो से तीन पंचायतों की आबादी निर्भर है। डॉक्टर न होने के कारण उन्हें निजी क्लीनिक या मेडिकल स्टोर पर निर्भर रहना पड़ता है। गंभीर मरीजों को सलूणी, किहार या चंबा रेफर करना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से आग्रह किया है कि डियूर अस्पताल में जल्द से जल्द डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की जाए ताकि क्षेत्र की जनता को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

### स्वयंसेवियों ने मांधा के वन में लगाए पौधे

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांधा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों सहित सभी बच्चों ने वन विभाग के सहयोग से मांधा के जंगल में पौधारोपण किया जिसमें स्वयंसेवी युवाओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 120 पौधे लगाए। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रवक्ता हिंदी सुभाष शर्मा ने बताया कि इस कार्य में वन विभाग वन बीट मांधा के वनरक्षक लेखराज और शुक्रदीन व वन विभाग के अन्य कर्मचारियों की सहायता से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रवक्ता हिंदी सुभाष शर्मा ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे पेड़ पौधे और मनुष्य एक दूसरे के पूरक है पेड़ पौधो से न केवल हमें ऑक्सीजन बल्कि अन्य अमूल्य औषधियां भी मिलती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया इसी के साथ संदीप कुमार टीजीटी मेडिकल, सुरेश कुमार शास्त्री, बबिता कुमारी व्यवसायिक शिक्षिका व रमेश कुमार डीपीई भी बच्चों के साथ इस मौके पर मौजूद रहे।

# चंबा में बारिश से भारी तबाही, कई पंचायतों में फसलें और घर तबाह

## चंबी, जडेरा, घग्गरोता और शिलाघराट पंचायतों में नुकसान का अनुमान, डीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा** जिला में 20 से 22 जुलाई के दौरान हुई मूसलधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। चंबी, जडेरा, घग्गरोता और शिलाघराट पंचायतों में भारी तबाही दर्ज की गई है। इस संबंध में पूर्व बीडीसी सदस्य व सहयोग संस्था के सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि इन पंचायतों में सड़कों, पुलियों, फसलों, घरों, गौशालाओं और जलापूर्ति व्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

चंबी पंचायत के गोंहंड, कट्टल और जडेरा गांवों में पुलियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। मस्जिद के नीचे की पुली और जीएसएस जडेरा की पुली टूटने से ग्रामीणों को नाले पार करना पड़ रहा है, जिससे आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। थनोटी गांव



की पेयजल पाइपलाइन बह गई है, जिससे पानी का संकट खड़ा हो गया है। यहां के निवासी दिनेश कुमार का घाराट भी पत्थरों की चपेट में आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

घग्गरोता पंचायत में 30 से अधिक गौशालाएं वर्षा से नष्ट हो चुकी हैं। पंचायत प्रधान यासमीन ने बताया कि लैंडस्लाइड के कारण कई घर खतरे की जद में हैं। बदौता गांव में मकानों के पास जमीन धंस गई है, जबकि मक्की की फसल को लगभग 80 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है।

शिलाघराट पंचायत में भी नुकसान कम नहीं है। प्रधान रीना कुमारी ने बताया कि लिंक रोड बस स्टैंड से मनोग और बस स्टैंड से बंजाह तक सड़कें पूरी तरह टूट चुकी हैं, जिससे यातायात ठप है। कई घर और गौशालाएं भी बारिश के कारण बर्बाद हो गई हैं।

देशो गांव के जतिंगर, गिलछ गांव के अनिल, बंजाह के नारद, सिल्ला के भगतो और मिनराल शर्मा जैसे कई परिवारों को घरों के क्षतिग्रस्त होने के चलते सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना पड़ा है।

ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने इस आपदा के बाद शीघ्र राहत एवं पुनर्वास की मांग को लेकर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सभी प्रभावित परिवारों को मुआवजा, राहत सामग्री और स्थायी पुनर्वास की मांग की गई है। प्रशासन से अपेक्षा है कि शीघ्र नुकसान का आकलन कर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## राडी में पेयजल संकट; भूस्खलन से टूटी पाइपलाइन, ग्रामीण परेशान



अनंत ज्ञान, धरवाला

**मैहला** ब्लॉक की राडी पंचायत इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रही है। पिछले तीन दिनों से गांव में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी बालकृष्ण, मनोज कुमार, चंपा देवी, गुतला देवी, सपना देवी, सरोज कुमारी, अनु कुमारी और रीना कुमारी ने बताया कि उन्हें पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। जल शक्ति विभाग के अनुसार, रजोटी नामक स्थान पर हाल ही में हुए भूस्खलन से मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है और जल्द ही सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। हालांकि ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि भविष्य में इस तरह की समस्या से निपटने के लिए कोई स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि प्राकृतिक आपदाओं के कारण बार-बार पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े।

## कुगती-मणिमहेश मार्ग की हो मरम्मत: अनिल

### मणिमहेश यात्रा के प्रबंधों में सुधार और ट्रैफिक प्लान को लेकर सौंपा ज्ञापन

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** भरमौर जिला परिषद सदस्य अनिल ढकोग ने शिव भूमि सेवा दल की ओर से भरमौर के अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर कुलबीर सिंह राणा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए मणिमहेश यात्रा को और सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए कई अहम सुझाव दिए।

अनिल ढकोग ने बताया कि शिव भूमि सेवा दल पिछले 15 वर्षों से कुगती-मणिमहेश परिक्रमा यात्रा का आयोजन कर रहा है और इस बार चार दिवसीय यात्रा के दौरान सामने आई समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है। अनिल ढकोग ने कहा कि मणिमहेश यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था का पर्व है। इसे सुरक्षित और सुगम बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कठिनाइयां और बढ़ेंगी। शिव भूमि सेवा दल ने भरोसा जताया कि प्रशासन इन सुझावों पर त्वरित कार्यवाही करेगा, ताकि श्रद्धालुओं को इस बार बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



**ये हैं मांगें**

- कुगती-मणिमहेश परिक्रमा मार्ग की मरम्मत: रास्ते के कई हिस्से टूट चुके हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। तत्काल सुदृढ़ीकरण की मांग की गई।
- मेडिकल कैंप की व्यवस्था: दुर्गम यात्रा मार्ग पर आपातकालीन परिस्थितियों के लिए स्थायी मेडिकल कैंप स्थापित करने की आवश्यकता।
- शौचालयों का निर्माण: मणिमहेश झील क्षेत्र और गौरीकुंड, धनछौ, दुनाली, हड़सर जैसे प्रमुख पड़ावों पर शौचालयों की समुचित व्यवस्था।
- सफाई और कचरा प्रबंधन: प्लास्टिक कचरे पर नियंत्रण और पहले से फैले कचरे को हटाने के लिए ठोस योजना।
- मुख्य मार्ग की मरम्मत और पानी की उपलब्धता: हड़सर से मणिमहेश मार्ग की खस्ता हालत को सुधारने और पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की मांग।
- भरमौर ट्रैफिक प्लान: नेशनल हाइवे से रेता-बजरी हटाकर सड़कें चौड़ी करने और भरमौर में अवैध पार्किंग पर रोक लगाकर प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू करने की आवश्यकता।

## भरमौर में राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

## खेलों से युवा पीढ़ी में दूर होगी नशे की लत: शशि

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** वीरवार को भरमौर के हेलीपैड मैदान में राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता शशि बलबीर ठाकुर ने किया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को 25,000 रुपए और उपविजेता को 11,000 रुपए नगद राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शशि बलबीर ठाकुर ने कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने आयोजकों अभय कपूर, अक्षय कपूर और कार्तिक ठाकुर की सराहना करते हुए इस आयोजन को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

मुख्य अतिथि ने आयोजन के लिए 11,000 रुपए राकेश सरियाल ने 5100 रुपए और गौरी शंकर ने 2100 रुपए की सहयोग राशि भी दी।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह को आधुनिक हिमाचल का निर्माता कहा जाता है, और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके प्रयासों से ही हिमाचल को खेलों में राष्ट्रीय पहचान मिली। इस अवसर पर राकेश शर्मा, अजय शर्मा, हेमराज और अमित शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### टी-20 टूर्नामेंट में भरमौर महिला टीम विजेता

**इस** वर्ष पहली बार प्रतियोगिता में महिला क्रिकेट टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन भी किया गया, जिसमें क्षेत्र की 8 से 10 महिला टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में भरमौर महिला क्रिकेट टीम ने भरमौर कॉलेज महिला टीम को हराकर ट्रॉफी और 11,000 रुपए की राशि अपने नाम की। उपविजेता टीम को 2100 रुपए और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। महिला खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर स्थानीय समाज और संगठनों में उत्साह देखने को मिला।

## कुठेड़ स्कूल के छात्रों ने चमकाया नाम

### स्वर्ण जयंती, सैनिक स्कूल और नवोदय में चयनित हुए 3 छात्र

अनंत ज्ञान, चुवाड़ी

**चुवाड़ी** के कुठेड़ स्कूल के प्राथमिक पाठशाला से इस वर्ष 3 बच्चों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना नाम कमा कर इलाके का नाम रोशन किया है। अनन्या कुमारी ने सैनिक स्कूल की परीक्षा उतीर्ण की है, तो वहीं वासवी सूर्यवंशी का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। इसके साथ ही स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप में भी इस वर्ष विद्यालय के दो बच्चों का चयन हुआ है। अनन्य कुमार और वासवी सूर्यवंशी ने इस परीक्षा को उतीर्ण किया है। कुठेड़ स्कूल के स्टाफ और स्कूल प्रबंधन समिति ने बच्चों को इनकी कामयाबी के लिए बधाई दी है। कुठेड़ स्कूल में अभिभावकों के विश्वास के कारण आज विद्यालय में छात्र संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है। आज यहां सरकारी कर्मचारियों से लेकर हर वर्ग के छात्र शिक्षा हासिल कर रहे हैं। पिछले 4 सालों में यहां छात्र संख्या 25 से 80 पहुंच चुकी है। छात्र न सिर्फ प्रतियोगी परीक्षाओं में बल्कि अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बेहतर प्रदर्शन करते आए हैं। इस स्कूल को पिछले 3 सालों से लगातार जिला स्तर पर बेस्ट स्कूल प्रबंधन समिति का खिताब हासिल है। स्कूल छात्रों और स्कूल के शिक्षकों को ग्राम पंचायत की तरफ से भी बधाई दी गई है।



होनहार छात्रों को मिठाई खिलाते हुए।

## बगढार स्कूल में छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप योजना शुरू

### विस अध्यक्ष पठानिया ने किया शुभारंभ, बोले- शिक्षा में गुणात्मक सुधार राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता

तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** चंबा जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगढार में आधुनिक नवदुर्गा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा एक निशुल्क स्कॉलरशिप योजना की शुरुआत की गई। इसका विधिवत शुभारंभ हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने किया। इस अवसर पर बगढार, बाथरी, डलहौजी और बनीखेत विद्यालयों की 10+1 और 10+2 की छात्राओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जो कि बाहरवीं तक जारी रहेगी। छात्राओं को पहली किश्त समारोह में वितरित की गई।

अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर परिश्रम करने और नशा न करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए सरकार सतत प्रयास कर रही है और अब हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में देश में पांचवें स्थान पर पहुंच चुका है। उन्होंने बगढार में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा की और बताया कि भटियात क्षेत्र में सात ऐसे स्कूल खोले जाएंगे।

कुलदीप सिंह पठानिया ने यह भी जानकारी दी कि भटियात में एक स्किल यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी, जिससे युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 31,000 रुपये देने की भी घोषणा की।

इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत कौल ने छात्रवृत्ति योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि यह योजना गरीब व मेधावी छात्राओं की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश वन निगम के निदेशक कृष्ण चन्द चेला, बीडीसी के पूर्व अध्यक्ष सुरेश रार्मा, एसडीएम डलहौज़ी अनिल भारद्वाज, उपनिदेशक उच्च शिक्षा भाग सिंह,अधीक्षण अभियंता लोनिवि दिवाकर सिंह पठानिया, विधुत विभाग राजीव ठाकुर, डीएफओ डलहौज़ी रजनीश महाजन, आधुनिक नवदुर्गा एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत किशोर सहित कई मौजूद रहे।



बगढार स्कूल में नि:शुल्क स्कॉलरशिप योजना को शुभारंभ करने के दौरान विस अध्यक्ष पठानिया।

## अवैध शराब की 360 बोतलें बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिडगांव के अंतर्गत एएसआई मंजीत कुमार की तहरीर पर हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 24 जुलाई को जब वे अपने स्टाफ के साथ संदासू में गश्त पर थे। उन्हें करीब 11.30 पूर्वाह्न अवैध शराब रखने की गुप्त सूचना मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए तेलगा में छापा मारा गया! उस दौरान पुलिस ने 49 वर्षीय सतीश कुमार निवासी गाँव तेलगा डाकघर खशधार तहसील चिड़गाव के कब्जे से 360 बोतल देसी शराब मार्का शाई संतरा बरामद की गई। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आगे की जांच पडताल की जा रही है।

**सूडोकु नवताल- 7501** (★★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -7500 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## बीएससी प्रथम वर्ष के छात्रों को कॉलेज जीवन, नियमों की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, चंबा

**राजकीय** महाविद्यालय चंबा में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में वीरवार को बीएससी प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने की। इस अवसर पर छात्रों को महाविद्यालय के नियम, आचार-संहिता, क्लब, सोसाइटी, छात्रवृत्तियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, खेल प्रतियोगिताओं और विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले युवा उत्सवों की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. अविनाश द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। डॉ. मनेश वर्मा ने कॉलेज के इतिहास और उद्देश्य पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. विजय राठौर ने छात्रवृत्तियों और अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की जानकारी दी। प्रो. सुमित ने छात्रों को स्वच्छता, पौधारोपण और शिकायत निवारण प्रणाली से अवगत करवाया। डॉ. तेज सिंह ने आचरण, अनुशासन व मोबाइल के सदुपयोग पर बात की।

प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने विद्यार्थियों से कहा कि यह जीवन का एक नया अध्याय है, जहां वे अपने ज्ञान, कौशल और व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से समय का सदुपयोग करने और चुनौतियों को अवसर के रूप में देखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त शिक्षक, प्रकोष्ठ सदस्य व छात्र उपस्थित रहे।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं मुनीश कुमार,** पुत्र श्री रवि कुमार, वीपीओ - चौकी, भुआना, (731), वार्ड नं. 04, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176076, घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने अपना नाम मनीष कुमार से बदलकर मुनीश कुमार कर लिया है। मनीष कुमार और मुनीश कुमार एक ही लड़का/पुरुष हैं। कृपया सभी इस बात का ध्यान रखें।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

विक्रमी संवत: 2082, शक संवत: 1947 (विश्वावसु), मास: अमांत आषाढ़, तिथि प्रतिपदा (11:25) : नक्षत्र पुनर्वसु (04:44), पक्ष: कृष्ण, योग: हर्षण (09:50), शुभ मुहूर्त: अभिजीत (12:00-12:54) | राहुकाल (02:09-03:32)|

**विशेष दिन**

- 25 जुलाई 2025: नक्त व्रत आज से शुरू।
- 26 जुलाई 2025: सिंजारा कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज परिवार के सदस्यों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के अच्छे संयोग बने हैं। वाणी पर संयम बनाए रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में आपको लाभ, मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**वृष:** पुरानी समस्याओं का अंत होगा। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। विदेश में रहनेवालों का समाचार आपको भाव विभोर करेगा।

**मिथुन:** खर्च और कर्ज आज आपकी चिंता का कारण बन सकता है इसलिए सोच-समझकर कार्य करें, अनावश्यक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं।

**कर्क:** आज दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यों की पूर्णता होगी। जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्राभूषणों की खरीदारी होगी।

**सिंह:** आज दिनभर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। बीमार व्यक्ति को रोग से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या:** आध्यात्मिक सुख एवं सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। भाग्य आज आपका साथ देने के लिए तत्पर है। नए अवसर प्राप्त होंगे। प्रतिस्पर्धियों को आप पराजित कर सकेंगे।

**तुला:** आज दूर की यात्रा न करें। बाहर खानपान पूर्वक चलाएं। अनजानी लोगों पर भरोसा न करें वर्ना हानि उठानी पड़ सकती है। माता-पिता के साथ मतभेद हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज आपको जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्तियों का साथ मिलेगा। मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**धनु:** आज उत्तेजित दिन होगा। अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। शत्रु पराजित होंगे। स्वजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। छोटे प्रवास का योग है।

**मकर:** मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा। बुद्धि-विवेक से सफलता प्राप्त होगी। आपके कदम चूमेगी। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ बाहर जा सकते हैं।

**कुंभ:** आज वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ नोकझोंक के कारण मन दुखी होगा।

**मीन:** आत्मविश्वास एवं पराक्रम वृद्धि के कारण सफलता प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ प्राप्त होगा। आप मानसिक रूप से किसी भी प्रकार के बोझ से मुक्त होंगे।

### हिमाचल किसान कांग्रेस ने चंबा में नियुक्त किए नए ब्लॉक अध्यक्ष

## संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करेंगे नए पदाधिकारी: दिनेश कुमार

अनंत ज्ञान, चंबा

**हिमाचल** किसान कांग्रेस ने जिला चंबा में संगठन को मज़बूत करने के लिए बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां हिमाचल किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष सोहन वर्मा की स्वीकृति से की गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि संगठन को ज़मीनी स्तर पर सक्रिय बनाने और किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों की आवाज़ को बुलंद करेंगे और कांग्रेस पार्टी के संगठन को नई ऊर्जा देंगे। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि नए ब्लॉक अध्यक्ष किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे और संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। हमारी कोशिश रहेगी कि किसान कांग्रेस ज़मीनी स्तर पर और प्रभावी तरीके से अपनी भूमिका निभाए।

उन्होंने नए पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द अपनी-अपनी ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करें और संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करें। ये नियुक्तियां संगठन को और सशक्त बनाने के लिए की गई हैं।



**नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष**

रोहित -ब्लॉक अध्यक्ष, भरमौर (प्रथम), चमन लाल- ब्लॉक अध्यक्ष, डलहौजी (सलूणी), हितेश जरयाल-ब्लॉक अध्यक्ष, चुराह (पुखरी) व ईश्वर चंद-ब्लॉक अध्यक्ष, भरमौर (गैर जनजातीय क्षेत्र)।

## ऑडिशन से वंचित युवाओं को मिलेगा एक और मौका

**अनंत ज्ञान, चंबा।** इंटरनेशनल मिंजर मेले के लिए 21 और 22 जुलाई को हुए ऑडिशन में शामिल नहीं हो सके युवाओं के लिए प्रशासन ने राहत भरा फैसला लिया है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण कई क्षेत्रों से युवा समय पर ऑडिशन स्थल नहीं पहुंच पाए थे। गुरुवार को इन युवाओं ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मिलकर समस्या रखी। डीसी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जिला भाषा अधिकारी तुर्केश शर्मा को विशेष ऑडिशन कराने के निर्देश दिए। तुर्केश शर्मा ने घोषणा की कि अब 26 जुलाई को विशेष ऑडिशन आयोजित होगा। इस निर्णय से प्रतिभाशाली युवाओं में उत्साह है और उन्होंने प्रशासन का आभार जताया है। अब कोई भी कलाकार ऐतिहासिक मिंजर मेले में भाग लेने से वंचित नहीं रहेगा।

**अदालती नोटिस**

व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।

मुकदमा न.- 60/NT/2025
तारीख पेशी: 28/07/2025

कांता देवी पुत्री अमर सिंह डोगरा हाल पत्नी ओम प्रकाश व्यास निवासी गांव व डाक घर सुंगल, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

बनाम

आम जनता

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969

कांता देवी पुत्री अमर सिंह डोगरा डोगरा हाल पत्नी ओम प्रकाश व्यास निवासी गांव व डाक घर सुंगल, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव सुंगल, तहसील पालमपुर में दिनांक 24.05.1966 को हुआ है, लेकिन सम्बन्धित ग्राम पंचायत सुंगल, के अभिलेख में दर्ज न है।

अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 28.07.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काबिले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्राम पंचायत सुंगल, को पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 11.04.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

कार्यकारी दंडाधिकारी
पालमपुर।

एक समय में एक काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ। -स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# पशु क्रूरता की इंतहा

हिमाचल प्रदेश के शांत पहाड़ों में अब अपराध भी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा होने लगा है। बिलासपुर जिले के स्वारघाट क्षेत्र में जो गो-तस्करी का मामला सामने आया, उसने न सिर्फ पशु संरक्षण कानूनों की पोल खोली है, बल्कि यह भी उजागर किया है कि कैसे अपराधी अब 'पुष्पा स्टाइल' में अपनी तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। यह घटना किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं थी। पुलिस और आरटीओ की टीम ने स्वारघाट के आरटीओ बैरियर पर एक ऑयल टैंकर को जांच के लिए रोका। टैंकर बाहर से सामान्य प्रतीत हो रहा था, लेकिन जब उसे खोला गया तो अधिकारी भी सन्न रह गए।

अंदर 9 गोवंश-3 गाय और 6 बैलों को क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। उनमें से एक बैल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। टैंकर को भीतर से इस तरह से मॉडिफाई किया गया था कि कोई भी सामान्य व्यक्ति या जांच दल उसे देखकर शंका नहीं कर सकता था। यह तस्करी पंजाब की ओर से की जा रही थी और इसका संभावित लक्ष्य था गोवंश को वध के लिए किसी अवैध बूचड़खाने तक पहुंचाना। गाड़ी रुकते ही चालक और उसका साथी भाग निकले। उनकी पहचान कर ली गई है और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर हिमाचल में इस तरह की संगठित और योजनाबद्ध गो-तस्करी की घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं? कहीं यह किसी गिरोह की सक्रियता का संकेत तो नहीं, जो सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय है और हिमाचल को अपनी सप्लाई लाइन का हिस्सा बना रहा है?

गो-तस्करी कोई नई बात नहीं, लेकिन ऑयल टैंकर जैसी योजना और उस पर आधारित तकनीकी संसाधन साफ दर्शाते हैं कि ये तस्कर अब शौकिया नहीं, बल्कि संगठित नेटवर्क का हिस्सा बन चुके हैं। इस तस्करी ने फिल्म पुष्पा की याद दिला दी, जिसमें चंदन की लकड़ी की तस्करी दूध व तेल के टैंकरों के जरिये होती है। क्या इन तस्करों ने वास्तव में फिल्म से प्रेरणा ली? यह गंभीर जांच का विषय है, क्योंकि अपराधी अब कानून से बचने के लिए हर मुमकिन तकनीक और तरीका अपना रहे हैं। इस घटना में पशु क्रूरता की सारी सीमाएं पार कर दी गईं। संकरी जगह में घंटों तक बंद रहने के कारण एक बैल की मौत हो जाना कई सवाल छोड़ गया है। बाकी जानवरों की हालत भी गंभीर थी। भारतीय दंड संहिता और पशु संरक्षण अधिनियम के तहत ऐसे कृत्य संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आते हैं, लेकिन इस तरह के मामलों में अक्सर कार्रवाई खानापूर्ति तक सीमित रह जाती है। भारतीय दंड संहिता की धारा 429 के तहत किसी पशु को जानबूझकर हानि पहुंचाना एक दंडनीय अपराध है।

इसके अतिरिक्त पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 भी इस तरह की तस्करी और अमानवीय व्यवहार को रोकने के लिए मौजूद है। कई राज्यों में गोवंश की तस्करी और वध पर पूर्ण प्रतिबंध है। हिमाचल प्रदेश में भी गो-हत्या पर सख्त कानून हैं, लेकिन जब तक इनका सख्ती से पालन नहीं किया जाएगा, ऐसे अपराध रुकने वाले नहीं हैं। हिमाचल की सीमाएं पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड जैसे राज्यों से लगती हैं। अधिकांश गो-तस्करी के मामलों में यह देखा गया है कि अपराधी सीमाओं का फायदा उठाते हुए प्रदेश में प्रवेश करते हैं और फिर भीतरी मार्गों से गोवंश को आगे ले जाते हैं। ऐसे में पुलिस, आरटीओ और पशुपालन विभाग के बीच समन्वय की कमी एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है। इस पूरी घटना ने यह सवाल भी उठा दिया है कि क्या समाज भी इन घटनाओं के प्रति उदासीन होता जा रहा है? गोवंश को लावारिस छोड़ देना, उन्हें सड़क पर मरने के लिए छोड़ देना भी अप्रत्यक्ष रूप से तस्करी को बढ़ावा देता है। जो पशु पालकों के लिए बोझ बनते हैं, वही पशु तस्करों के लिए अवसर बन जाते हैं।

इस घटना के बाद अब समय आ गया है कि सरकार केवल बयानबाजी या मामले दर्ज करने तक सीमित न रहे, बल्कि सीमा क्षेत्रों पर अत्याधुनिक जांच तकनीकें लगाई जाएं। गुप्तचर तंत्र को मजबूत किया जाए। गोवंश संरक्षण नीति को और कठोर व व्यावहारिक बनाया जाए। पशु आश्रय स्थलों की स्थिति सुधारी जाए और बजट बढ़ाया जाए। पशुओं को लावारिस छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त जुर्माना है। इसके साथ ही समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

पशु सिर्फ 'धार्मिक प्रतीक' नहीं, बल्कि संवेदनशील जीव हैं। उन्हें भी जीने का हक है यह संवेदना जितनी शासन में होनी चाहिए, उतनी ही नागरिकों में भी। यह घटना सिर्फ एक केस फाइल नहीं है, यह हिमाचल की बदलती सामाजिक और अपराध संरचना का एक संकेत है। अब जरूरी हो गया है कि राज्य इस पर गंभीर रुख अपनाए। पशु तस्करी पर अंकुश लगाना सिर्फ धार्मिक या कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि यह समाज के नैतिक आधार की रक्षा से जुड़ा सवाल बन चुका है। अब समय आ गया है कि हिमाचल प्रदेश अपनी पहाड़ी शांति को बरकरार रखने के लिए हरसंभव कड़ा कदम उठाए, ताकि न कोई 'पुष्पा' इस प्रदेश में पनपे और न ही किसी निरीह बैल की मौत फिर एक फिल्मी सीन बनकर रह जाए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# पंजाब की प्रभावशाली महिला राजनीतिज्ञ

**हरसिमरत** कौर बादल पंजाब की राजनीति में प्रभावशाली महिला राजनीतिज्ञ हैं। 17वीं लोकसभा में वे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हैं। वे भटिंडा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2009 से लगातार 15वीं, 16वीं और 17वीं लोकसभा की सांसद हैं। वे शिरोमणि अकाली दल की सदस्य और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल की पत्नी हैं। हरसिमरत एक ऐसे परिवार से संबंध रखती हैं, जिसकी जड़ें 18वीं शताब्दी के शाही खानदान से जुड़ी हैं। नई दिल्ली में जन्मीं हरसिमरत का विवाह सुखबीर सिंह बादल से हुआ, जो पार्टी अध्यक्ष हैं। उनके ससुर प्रकाश सिंह बादल चार बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। हरसिमरत कौर बादल 'दिल्ली विश्वविद्यालय' से स्नातक हैं और टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा धारक हैं। कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ 2008 में गैर सरकारी संगठन 'नन्हीं छांव' शुरू कर अपने प्रयासों के लिये वे पहली बार सुर्खियों में आईं। उन्होंने इसके अगले साल ही अपनी राजनीतिक पारी का आगाज किया और भटिंडा से मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के बेटे रनिंदर सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ा और 1.2 लाख मतों से जीत हासिल की। ■



हरसिमरत कौर बादल
जन्म : 25 जुलाई, 1966



कविता

## बेटा-बेटी को बुरी नजर से बचाएं

रवि कुमार सांख्यान, मैहरी काथला, बिलासपुर

*जगह-जगह बाज खड़े हैं, युवा वर्ग को आओ बचाएं।*
*कोई नशे के चुंगल में धकेल रहा,*
*लालच में गलत काम करवा रहा।*
*आओ घर के विभीषणों को पहचानें,*
*कच्ची कली मुरझाए न, जरूर खिलेगा अनमोल फूल।*
*संयुक्त परिवार की ओर लौटें, बुराई की उखाड़े नींव समूल।*
*व्यर्थ हैं संस्कारविहीन पढ़ाई,*
*आंवलों का स्वाद, बुजुर्गों की सीख नीम सदृश गुणकारी है,*
*कड़वी दवाई।*
*विज्ञान ने प्रगति की बहुत, भगवान का ले नहीं सकता स्थान।*
*जिसकी मर्जी बिना पत्ता न डोले,*
*विभिन्न नामों से पुकारते भगवान।*
*बेटा-बेटी को बचाएं, बालमनों को ठीक राह दिखाएं।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री ***editoranantgyaan@gmail.com*** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# बदली सोच, रुकी उड़ान : क्या आज का छात्र केवल अंकों का पीछा कर रहा?

जब 2010 में मैंने शिक्षण की दुनिया में कदम रखा था, तब विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक यात्रा सिर्फ जानकारी का साधन ही नहीं, बल्कि जीवन को देखने-समझने का एक अवसर होता था। वे शिक्षक से अनुरोध करते, माता-पिता को मनाते और पूरे मन से योजना बनाते। खासकर अगर भ्रमण दो-तीन दिनों का होता था, तो छात्र-छात्राएं शिक्षक को साथ चलने के लिए विशेष विनती करते, ताकि अभिभावक बेटियों को जाने की अनुमति दे सकें। मैं खुद ऐसे अनेक टूर का हिस्सा रही हूं, जहां छात्र-छात्राओं की ऊर्जा, जिज्ञासा और एकजुटता देखने लायक होती थी। किसी कारणवश यदि कोई शिक्षक नहीं जा पाते, तो विद्यार्थी निराश हो जाते और लगभग हर एक शिक्षक से अनुरोध करते।



डॉ. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

मुझे आज भी 2017 की बात याद है, जब मेरे गर्भावस्था के कारण मैं अपने अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ नहीं जा सकी थी। उनकी निराश आंखें आज भी मन को छू जाती हैं। हालांकि उस वक्त मैंने अपने पति को, जो कि उसी कॉलेज में एक अलग विषय पढ़ा रहे थे, उनके साथ भेजा, ताकि छात्रों की यात्रा सुरक्षित हो सके, लेकिन समय बदला, सोच बदली और शायद प्राथमिकताएं भी, इसी के चलते पिछले वर्ष मुझे एक चौंकाने वाला अनुभव हुआ। जब मैंने बीएससी प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एक रोमांचक और शैक्षणिक यात्रा—तीर्थन घाटी की योजना बनाई, तो मेरा उत्साह छात्रों की प्रतिक्रिया से ठंडा पड़ गया। कक्षा में टैक्सोनॉमी और इकोलॉजी पढ़ाना जितना आवश्यक था, उतना ही जरूरी था कि वे प्रकृति को महसूस कर सकें, लेकिन छात्रों की प्रतिक्रिया बेहद उदासीन रही।

कई दौर की बातचीत, आंतरिक मूल्यांकन से जोड़ने और अभिभावकों से संपर्क करने के बाद भी केवल 40 छात्र ही राजी हो पाए। यात्रा सफल रही, उन्होंने बहुत कुछ सीखा और महसूस भी किया, लेकिन इस पूरे अनुभव ने मेरे भीतर एक प्रश्न खड़ा कर दिया—'आखिर आज के छात्रों को क्या हो गया है?' कुछ दिनों पहले मुझे इसका जवाब मिला जब मैंने एक पांच-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया—पाइन नीडल से ईको-फ्रेंडली क्राफ्ट एवं कृत्रिम फूल निर्माण। यह उसी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए थी, जिन्होंने पहले टूर में रुचि नहीं ली थी, लेकिन इस बार दृश्य बिलकुल अलग था।



कार्यशाला की घोषणा करते ही विद्यार्थियों के चेहरे पर एक चमक आ गई। इस बार मैंने मूल्यांकन का कोई दबाव नहीं डाला था, फिर भी विद्यार्थियों की संलग्नता और ऊर्जा अभूतपूर्व थी। न केवल प्रथम वर्ष, बल्कि अंतिम वर्ष के और विभिन्न संकायों के विद्यार्थी भी जुड़ने लगे। छात्रों का उत्साह इतना था कि वे सुबह 9 बजे ही आ जाते, जबकि समय 9:30 था।

**क्या बदला है? क्यों बदला है?:** इस पूरे अनुभव ने मेरे भीतर यह सवाल फिर से जगा दिया। वे छात्र जो शैक्षणिक भ्रमण के लिए सहज नहीं थे, वे अपने खाली समय में रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे थे। (ध्यान देने योग्य है कि आमतौर पर कॉलेजों में सत्र के प्रारंभ में लगभग पंद्रह दिनों तक थ्योरी कक्षाएं चलती हैं और इस दौरान छात्र अपेक्षाकृत फुर्सत में होते हैं।) जब मैंने इस बदलाव पर गहराई से विचार किया, तो यह स्पष्ट हुआ कि आज का छात्र पारंपरिक, बोझिल और थ्योरी-प्रधान शिक्षा प्रणाली से ऊब चुका है। उसके पास मोबाइल है—जहां एक क्लिक पर पूरी दुनिया की जानकारी उपलब्ध है।

सोशल मीडिया और व्हाट्सएप जैसे माध्यमों ने उसके लिए संवाद और सामूहिकता के नए द्वार खोल दिए हैं। इसलिए समस्या केवल भ्रमण की अनिच्छा की नहीं है, बल्कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की एकरूपता और थ्योरी-केंद्रित ढांचे की है, जहां रचनात्मकता, प्रयोग और अनुभव की संभावनाएं लगातार सिमटती जा रही हैं। कभी जिन प्रायोगिक विषयों को 40 से 50 अंकों का महत्व प्राप्त था, आज उन्हें घटाकर मात्र 20 अंकों तक सीमित कर दिया गया है। कई रचनात्मक विषयों को या तो हटा दिया गया है या फिर उन्हें कंप्यूटर और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से प्रतिस्थापित कर दिया गया है।

परिणामस्वरूप, नवाचार और रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए मंच लगातार छोटा होता जा रहा है। यह स्थिति केवल शिक्षा में बदलाव की नहीं, बल्कि सोच की दिशा बदलने की मांग कर रही है-जहां ज्ञान केवल सूचना न होकर, अनुभव और अभिव्यक्ति के रूप में विद्यार्थियों के जीवन का हिस्सा बने। अभिभावक चाहते हैं कि उनके बच्चे 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाएं, इसलिए वे उन्हें केवल पढ़ाई तक सीमित कर देते हैं। घरेलू कार्य, बाहरी गतिविधियां, प्रकृति से जुड़ाव—सब सीमित हो गया है। नतीजतन, बच्चे मोबाइल में उलझे रहते हैं, शारीरिक व्याधियों और मानसिक तनाव के शिकार हो रहे हैं। शायद इस कार्यशाला ने उन्हें एक नया रास्ता दिखाया—कुछ नया करने, कुछ नया सीखने और स्वयं पर विश्वास करने का। इंसानी प्रवृत्ति है कि जब वह कुछ रचता है, तो मानसिक संतुष्टि महसूस करता है।

**सुई से सृजन और सशक्तिकरण तक:** हालांकि इस कार्यशाला में न तो कोई अंक लेने का डर था, न ही कोई बाध्यता, लेकिन फिर भी छात्रों ने ऐसा समर्पण दिखाया मानो यह उनके भविष्य की बुनियाद हो। जब उन्हें यह बताया गया कि उनकी बनाई वस्तुएं बाजार में बिक सकती हैं और प्रशिक्षिका संतोष सचदेवा ने उन्हें उत्पाद खरीदने का आश्वासन दिया, तो उनके चेहरे पर आत्मनिर्भरता की एक चमक थी। पांच दिन की यह कार्यशाला उनके लिए सिर्फ एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि 'कमाई के साथ पढ़ाई' का अनुभव बन गई। कमाने की यह शुरुआत, सीखते हुए अगर हो, तो डिप्रेशन, आत्महत्या, नशा और मोबाइल की लत जैसी चुनौतियों से छात्रों को दूर ले जा सकती है।

**सोचिए क्या हमें बच्चों को सिर्फ डिग्रियां देनी हैं या उन्हें जिंदगी से जोड़ना है?:** अब समय है कि शिक्षा का फोकस केवल अंक, डिग्रियां या स्क्रीन पर न होकर सृजन, संवेदना और सहभागिता की ओर हो। अगर ये कदम छात्रों को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता दे सकते हैं, तो हमें यह बदलाव जरूरी लगना चाहिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# महावतार बाबाजी : अनंतकाल तक प्रेरणा प्रदान करने वाले संत

लाहिड़ी महाशय ने कहा है, 'जब भी कोई श्रद्धा के साथ बाबाजी का नाम लेता है, उसे तत्क्षण आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त होता है।'

महान् गुरु लाहिड़ी महाशय का यह प्रसिद्ध उद्धरण, जिसका उल्लेख श्री श्री परमहंस योगानंद ने अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत' में किया है, अत्यंत प्रभावशाली ढंग से महावतार बाबाजी के विशुद्ध पारलौकिक महत्व और सभी निष्ठावान् अनुयायियों के जीवन पर उनके कालातीत प्रभाव को स्पष्ट करता है। लाहिड़ी महाशय के प्रमुख शिष्य स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने कहा था कि बाबाजी की आध्यात्मिक अवस्था मानवी आकलन शक्ति से परे है। फिर भी, यदि सामान्य व्यक्ति महान् गुरुओं, जिनमें बाबाजी अग्रगण्य हैं, की प्रेरणा और शिक्षाओं के साथ समस्वर होने का प्रयास करें, तो उन्हें अपनी आध्यात्मिक यात्रा में अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा। भारत में योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) के भक्तों और संपूर्ण विश्व में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ़) के सदस्यों द्वारा, प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को प्रसिद्ध अमर गुरु महावतार बाबाजी का स्मृति दिवस मनाया जाता है।

विवेक अत्रे

आध्यात्मिक उत्थान के क्रियायोग मार्ग की शिक्षाएं संपूर्ण विश्व को महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि और सन् 1917 में वाईएसएस के संस्थापक श्री श्री परमहंस योगानंद के द्वारा प्रदान की गई हैं। बाबाजी ने आधुनिक युग में पाश्चात्य जगत् में भारत की प्राचीन क्रियायोग शिक्षाओं का प्रसार करने के लिए विशेष रूप से योगानंदजी को चुना था। लाहिड़ी महाशय को क्रियायोग विज्ञान का ज्ञान प्रदान करते हुए, लाहिड़ी महाशय के अनुरोध पर, बाबाजी ने उन्हें संपूर्ण विश्व के सभी सच्चे सत्यांवेषियों को यह पवित्र एवं गुप्त प्रविधि सिखाने की अनुमति दी थी। 'योगी कथामृत ' पुस्तक से हमें बाबाजी के लाहिड़ी महाशय के प्रति शाश्वत प्रेम—एक गुरु के अपने शिष्य के प्रति जन्म-जन्मांतर तक रहने वाले शाश्वत प्रेम—के विषय में भी पता चलता है।

महावतार बाबाजी स्मृति दिवस





हिमालय में अपनी महत्वपूर्ण भेंट में बाबाजी ने लाहिड़ी महाशय से कहा था, 'अपने बच्चे की रक्षा करने वाले पक्षी की भांति में अंधकार, तूफान, उथल-पुथल और प्रकाश में सतत तुम्हारे पीछे-पीछे चलता रहा।'

और लाहिड़ी महाशय ने, हतप्रभ होकर, परंतु अपने गुरु के दिव्य आभामंडल में पूर्ण रूप से डूबे रहते हुए, उत्तर दिया, 'मेरे गुरुदेव, मेरे पास कहने के लिए और क्या हो सकता है? कहीं किसी ने कभी ऐसे अमर प्रेम के बारे में सुना भी है?'इस प्रकार 'योगी कथामृत' पुस्तक हमारी दृष्टि, हृदय, एवं आत्मा के सम्मुख एक सच्चे गुरु और एक उत्साही शिष्य के मध्य संबंध की विशालता और यहां तक कि अनंतता, को प्रकट करती है।

श्री श्री परमहंस योगानंद को अपने गुरु, श्रीयुक्तेश्वरजी और अपने परमगुरुओं से जीवन का उत्थान करने वाली और आत्मा को मुक्ति प्रदान करने वाली, क्रियायोग की जीवनशैली विरासत में प्राप्त हुई थी। योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया इन शिक्षाओं पर आधारित विस्तृत आदर्श-जीवन पाठमाला भी प्रकाशित करती है और उन्हें सभी सदस्यों को मुद्रित और डिजिटल रूप में उपलब्ध कराती है। इस पाठमाला तथा साधना संगम और सम्पूर्ण भारत में संन्यासियों के दौरों में वाईएसएस संन्यासियों द्वारा आयोजित विशेष कक्षाओं के माध्यम से, ध्यान की प्रारंभिक एवं उच्च प्रविधियों की शिक्षा प्रदान की जाती है।

इस प्रकार लाखों व्यक्ति अत्यंत शक्तिशाली, तथापि सरलतापूर्वक सुलभ, महान् गुरुओं द्वारा सभी निष्ठावान् भक्तों को प्रदत्त, योग ध्यान की वैज्ञानिक प्रविधियों की उपलब्धता को जानने और उन्हें सीखने के लिए प्रेरित हुए हैं। स्वयं महावतार बाबाजी के अविस्मरणीय वचन हैं, 'संसार में रहकर भी जो योगी व्यक्तिगत स्वार्थ और आसक्तियों को त्याग कर पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करता है, वह ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के सुनिश्चित मार्ग पर ही चल रहा होता है।' तथा योगी कथामृत पुस्तक से हमें यह महान् एवं शिलावत् शक्तिशाली आश्वासन भी प्राप्त होता है, 'बाबाजी ने सभी सच्चे क्रियायोगियों की लक्ष्य प्राप्ति के पथ पर रक्षा करने का एवं उनका मार्गदर्शन करने का वचन दिया हुआ है ।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**देश** के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से अचानक ही इस्तीफा देकर देश की जनता को चौंका दिया। वे देश के 14वें उपराष्ट्रपति थे व अभी 10 अगस्त, 2027 तक उनका कार्यकाल अभी था। कुछ दिन पहले ही उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि यदि प्रभु की कृपा रही, तो अगस्त, 2027 में सेवानिवृत्त हो जाऊंगा। वे देश के पहले उपराष्ट्रपति हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है व संविधान के मुताबिक इस्तीफे को 'तत्काल प्रभावी' मानने का आग्रह किया है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रेषित इस्तीफे में उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी और कैबिनेट का आभार जताया है। प्रधानमंत्री के सहयोग और समर्थन को 'अमूल्य' माना है। सांसदों के स्नेह और सम्मान को धन्यवाद दिया है।, लेकिन उनकी तबीयत इतनी नाजुक भी नहीं है कि वे पद का दायित्व निभाने में असहाय महसूस कर रहे हों। यह कोई और कारण हो सकता है।

**प्रेम सिंह, हमीरपुर**

# हिमाचल प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के स्थान पर व्यवस्था का पतन!

जब से व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर वर्तमान सरकार सत्ता में आई है, पूरे प्रदेश की व्यवस्था परिवर्तन के स्थान पर व्यवस्था का पतन प्रारंभ हो चुका है। मूलभूत सुविधाओं के हालात खराब हो चुके हैं। सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता तरस रही है। शिक्षा व्यवस्था किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारभूत आवश्यकता होती है, परंतु वर्तमान समय में हिमाचल प्रदेश में हालात अत्यंत बदहाल हो चुके हैं।



डॉक्टर जनकराज
विधायक, भरमौर-पांगी

मेरे अपने विधानसभा क्षेत्र में अगर गंभीरता से विश्लेषण किया जाए, जो यह शिक्षा के क्षेत्र में आज तक का सबसे बदहाल दौर माना जा सकता है और यह व्यावहारिक रूप से जनता में स्पष्ट अनुभव भी किया जा रहा है कि यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन हो रहा है? जिस प्रदेश में विद्यालय के विद्यार्थी ही सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएं, तो इससे शर्मनाक बात और क्या हो सकती है। भरमौर विधानसभा क्षेत्र में आज भी पचानवे प्रतिशत विद्यालय बिना प्रधानाचार्य और मुख्याध्यापकों के चल रहे हैं, परिणामस्वरूप विषय अध्यापकों को अपने विषय के अध्यापन के साथ-साथ मुखिया का दायित्व भी निभाना पड़ रहा है, जिसका स्पष्ट प्रभाव छात्रों की शिक्षा पर पड़ रहा है।

यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन है कि अनेक विद्यालयों से विज्ञान विषय ही समाप्त कर दिया गया, तर्क दिया गया कि भौतिक शास्त्र, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान विषयों में छात्रों ने प्रवेश नहीं लिया है, जब विद्यालय में उक्त विषयों के प्रवक्ता ही नियुक्त नहीं होंगे, तो छात्र कैसे प्रवेश लेंगे, यह कौन सा पैमाना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के युग में जहां हर विद्यालय में विज्ञान विषय अनिवार्य किया जाना चाहिए, वहां व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर यह क्या किया जा रहा है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान हासिल करने का दावा कर रही है। हिमाचल प्रदेश के इक्कीसवें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंचने का दावा किया जा रहा है, परंतु यह सिर्फ कागजों तक ही सीमित दिखाई देता है, क्योंकि जिन विद्यालयों में बच्चों ने पिछले अढ़ाई वर्षों में शिक्षक तक नसीब नहीं हुए हैं वहां यह लक्ष्य संभव कैसे? ज्ञात रहे कि अध्यापकों की पद्दोन्नति प्रक्रिया पिछले अढ़ाई वर्षों से लंबित पड़ी हुई है, प्रधानाचार्य की पद्दोन्नति कई वर्षों से लंबित पड़ी है, टीजीटी से प्रवक्ता काफी समय से अपनी पद्दोन्नति का इंतजार कर रहे हैं, अधिकांश अध्यापक पच्चीस तीस वर्षों की सेवा देकर बिना पद्दोन्नति लिए ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



आखिर यह कैसी कर्मचारी हितैषी सरकार है? व्यवस्था को चलाने के लिए प्रशासन पर दबाव डाला जा रहा है, परिणामस्वरूप रिक्त पदों पर विद्यालयों में आनलाइन शिक्षा प्रदान करने का दबाव डाला जा रहा है, जो कि भरमौर विधानसभा जैसी भौगोलिक परिस्थितियों में न तो संभव है और न ही तर्क संगत और व्यावहारिक, क्योंकि विद्यालयों में न तो इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है और न ही अन्य सुविधाओं की, जिसकी वजह से एक साथ कई विद्यालयों का शिक्षण स्तर प्रभावित हो रहा है, परंतु फिर भी जैसे तैसे अध्यापक इस व्यवस्था का बोझ ढोने को मजबूर हैं।

कैसी शिक्षा व्यवस्था है यह। जब विद्यालय के विद्यार्थी ही सड़क पर उतर आए हैं, इससे अधिक शर्मनाक बात और संवेदनहीनता और क्या हो सकती है। अधिकांश विद्यालय बंद कर दिए हैं, बहुतों का दर्जा कम करने की तैयारी की जा रही है, इससे आश्चर्य जनक बात और क्या हो सकती है। मैं जनता का प्रतिनिधि होने के नाते अपनी विधानसभा का दर्द और वेदना भली प्रकार से समझ और महसूस कर सकता हूं। जनता मजबूर है, क्योंकि सुनने वाला कोई नहीं है। सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह गई है यह व्यवस्था और व्यवस्था परिवर्तन। धरातल पर सब कुछ शून्य है। मेरे विधानसभा क्षेत्र में अध्यापकों की भारी कमी है। सैकड़ों पद रिक्त हैं, परंतु सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई है। आखिर क्या वजह है कि सरकार पदों को भरने में असमर्थ है।

हजारों की संख्या में प्रक्षिशित युवा रोजगार की राह देख रहे हैं। आज के विद्यार्थी कल के नागरिक हैं, परंतु ऐसी व्यवस्था में शिक्षा हासिल करने वाले बच्चों का भविष्य क्या होगा इसका अनुमान सहजता से लगाया जा सकता है। सरकार से आग्रह है कि भरमौर पांगी विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए उचित और उपयोगी कदम उठाने का प्रयास करें। प्राथमिकता के आधार पर सभी विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाएं अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हर विद्यालय से छात्र और अभिभावक आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर हो जाएं। शिक्षा हमारा मौलिक अधिकार है और हम इसको हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जाने में समक्ष और सामर्थ्यवान हैं। इस सब की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दुनिया में सब कुछ मिल जाता है मगर मां-बाप नहीं मिलते

दुनिया में सब कुछ मिल जाता है मगर मां-बाप नहीं मिलते। विडंबना देखिए कि आज मां-बाप का बंटबारा किया जा रहा हैं। उन्हें महीनों में बांटा जा रहा है कि इस माह किस बेटे के पास खाना खाना है तथा अगले महीने दूसरे बेटे के घर खाना है। जिन मां बाप ने अपने बेटों में कभी भेदभाव तक नहीं किया, आंच तक नहीं आने दी, कांटा तक चुभने नहीं दिया, आज वही बच्चे उनका बंटवारा कर रहे हैं। ऐसी औलादें समाज पर कलंक है, जो अपने ही जन्मदाताओं को नरक की जिंदगी दे रहे है, लेकिन कहते हैं इतिहास अपने आप को दोहराता है।



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

आज देश में बुजुर्ग लोग तिरस्कृत जीवन जीने को मजबूर हैं। बुजुर्ग किसी दूसरे द्वारा नहीं, बल्कि अपने ही बेटों के कारण उपेक्षित हैं शायद यह उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिन बच्चों के लिए अपना पेट काटकर व भूखे रहकर उनका पालन पोषण किया। आज वही बेटे उन्हें दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। देश में आज लाखों वृद्ध लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं तथा दूसरों पर मोहताज हैं। बुजुर्गो ने पाई-पाई जोड़कर जिन बच्चों को महंगी व उच्च तालिम देकर पैरों पर खड़ा किया, आज उन्ही के सामने दो जून की रोटी के लिए गिड़गड़ा रहे हैं। मां-बाप का कर्ज आज तक कोई नहीं चुका पाया है।

बुजुर्गों ने अपनी खुशियों का गला घोंटकर अपने बच्चों को हर खुशी प्रदान की, मगर आज वही चिराग माता-पिता के दुश्मन बन गए हैं। बुजुर्ग परिवार का स्तंभ होते हैं। आज देश में बुजुर्गों की जो हालत हो रही है उसके मामले समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। प्रत्येक वर्ष एक अक्तूबर को विश्व वृद्ध दिवस मनाया जाता है, मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल मात्र एक दिन बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम किए जाते हैं, बाकि 364 दिन इन वृद्धों को कोई याद तक नहीं करता वृद्धों के नाम पर चलाई जा रही योजनाएं कागजों में ही क्रियान्वित होती हैं।



आधुनिक युग की तथाकथित बहुएं व कलयुगी बेटे बुजुर्गों से बुरा व्यवहार कर रहे हैं, लेकिन एक दिन उन्हें भी बुढ़ापा आएगा, तब उन्हें भी अपनी करनी का फल अवश्य मिलेगा। कहते हैं बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं। बुजुर्ग वटवृक्ष के सामान होते हैं जिनकी शीतल छाया में बच्चे सुरक्षित रहते हैं, मगर आज अपने ही वृक्ष को काटने पर उतारु हो गए हैं। आज बुजुर्गों को स्टोर रूम में रखा जाता है, मगर एक दिन स्टोर रूम तुम्हारा भी इंतजार कर रहा है, जब तुम्हें भी ऐसा ही नसीब होगा, क्योंकि जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। अक्सर देखा गया है कि अधिकांश लोग वृद्ध आश्रमों की शरण ले रहे हैं, क्योंकि जब यह लोग दुखी हो जाते हैं तो वृद्ध आश्रम ही आखिरी विकल्प सूझता हैं। आज बहुत से वृद्ध एकाकी जीवन जी रहे हैं। बेटों के पास आज समय नहीं हैं कि अपनों का सहारा बने हमें घर में अपने बुजुर्गों की दिन-रात सेवा करनी चाहिए क्योंकि बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई तीर्थ नहीं हैं।

आज स्थिति यह है कि वृद्ध लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के कारण कई लोग असमय ही मौत को गले लगा रहे हैं। बुजुर्गों के साथ बेटों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी होती रहती हैं। मारपीट के कारण कई मारे जा चुके हैं। समय बहुत बलवान होता है एक दिन सजा जरूर मिलेगी। गरीब लोग तो माता-पिता व बुजुर्गों की अच्छी सेवा करते हैं, मगर साधन संपन्न लोगों द्वारा आज बुजुर्गों को ओल्ड ऐज होम तथा सरकार द्वारा बनाए गए वृद्ध आश्रमों में धकेला जा रहा है। आज वृद्धो को पुराना सामान समझ कर निकाला जा रहा हैं। बेचारे बुजुर्ग जिन पोते-पोतियों को कंधों पर बिठाकर स्कूल से लाते थे और छोड़ते थे, आज वही उनकी पिटाई तक करते हैं तथा उनका मजाक उडाते हैं। कुछ बुजुर्ग तो घर में ही कैद होकर रह गए हैं वे गुमनामी के अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। वृद्ध आज दयनीय स्थिति में जीवनयापन कर रहे हैं। सरकारों ने बुजुर्गों को पेंशन की सुविधा दी है पर वह भी नाकाफी साबित हो रही है। केंद्र सरकार द्वारा वृद्धों के भरण-पोणण के लिए कानून बनाए हैं, मगर वे फाइलों की धूल चाट रहे हैं नजीजतन लोग कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सरकार को सख्ती से कानून लागू करने चाहिए, ताकि वृद्धों को उनका हक मिल सके। सरकार व प्रशासन को ऐसे लोगों के विरुद्ध ठोस कारवाई करनी चाहिए तथा बुजुर्गों का अनादर करने वालों को दंडित किया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# तीन पलटे खाकर रुकी एचआरटीसी बस वरना जाती और जानें

## मसेरन के पास हुआ हादसा, सवारियां बोलीं-बस पिछली साइड से लुढ़की, ऐसा लगा जैसे डंगा ही बैठ गया हो

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान


दुर्घटनाग्रस्त एचआरटीसी बस व अस्पताल में घायलों को इलाज करते डॉक्टर।

**सरकाघाट।** मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल में एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। जिसके चलते हिमाचल सड़क परिवहन निगम एचआरटीसी सरकाघाट डिपो की बस मसेरन पंचायत के तरांगला गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार सरकाघाट से चंदेश वाया मसेरन जा रही थी। जो मसेरन के पास तरांगला नामक स्थान पर सड़क से नीचे ढांक में गिर गयी। इस हादसे में आठ लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 21 लोग घायल हैं, घायलों का सरकाघाट, हमीरपुर, मेडिकल कॉलेज नेरचौक और एम्स बिलासपुर में उपचार चल रहा है। बस की फ्रंट सीट पर बैठी कामना वर्मा का कहना है कि बस गिरने से पहले ऐसा लगा जैसे चालक एकदम से घबराया गया हो और बस पिछली साइड से नीचे लुढ़क गई। उसके बाद तीन पलटे खाकर बस खेतों में रुक गई, जबकि रोपड़ के शकीन और सुरजा भी इसी बस में थे इनका कहना था कि वह बस के बीचों बीच बैठे थे। अचानक ऐसा लगा कि बस के टायर सड़क से बाहर निकल गए और बस लुढ़क गई। सरकाघाट से इसी बस में यात्रा कर रही कल्पना ने बताया कि मोड़ पर ऐसा लगा कि टायरों के नीचे डंगा ही बैठ गया हो जिसके कारण यह दुर्घटना हुई होगी।

### घायलों की सूची

घायलों में कृष्ण चंद निवासी हुक्कल तहसील धर्मपुर, कल्पना देवी निवासी स्हेड़ उप तहसील भदरोता, सुरेश कुमार निवासी बडेरा उप तहसील मंडप, अश्वनी राणा निवासी रिस्सा उप तहसील भदरोता, तुलसी देवी निवासी चंदरूही तहसील भोरंज जिला हमीरपुर, जगदीश चंद (चालक) निवासी चहड़ी उप तहसील भदरोता, वंदना देवी निवासी वार्ड नंबर 4 जमसाई तहसील सरकाघाट, रूमा देवी निवासी स्हेड़ उप तहसील स्हेड़, मनसा देवी निवासी पाटी जमणी उप तहसील भदरोता, मीरा देवी निवासी कांगूकोठी तहसील सरकाघाट, बाला राम निवासी बल ल्लीहण उप तहसील भदरोता, शालू देवी निवासी तारंगला तहसील सरकाघाट, प्रेम कुमारी निवासी तारंगला तहसील सरकाघाट, कामना देवी निवासी सज्याड़ी डा. सज्जाओ पिपलू उप तहसील टिहरा, रणजीत सिंह निवासी मटोह मकरेहड़ तहसील सरकाघाट, माया देवी निवासी सरकाघाट, सकिन निवासी रोपड़ पंजाब, सूरज निवासी रोपड़ पंजाब, सरभा देवी निवासी भद्रवाड़ तहसील भदरोता, शनाया निवासी रोपड़ी तहसील सरकाघाट, पूनम निवासी जमसाई शामिल हैं।

### विधायक दिलीप सहित कई नेताओं ने जताया दुख

बस दुर्घटना पर विधायक दिलीप ठाकुर, पूर्व मंत्री रंगीला राम राव, कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, यदोपति ठाकुर, डॉ. जयकुमार आजाद, सचिन वर्मा, अनिल शर्मा ने बस दुर्घटना पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं के प्रति अपने गहरी संवेदना प्रकट की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### दुर्घटना का मामला दर्ज छानबीन जारी: डीएसपी

**डीएसपी** सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते कहा कि पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। दुर्घटना मानवीय भूल से हुई या मशीनरी या अन्य फाल्ट से। किन कारणों से हुई यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

# मच्छ्याल के पास हाईवे पर फंसा टाइलों से भरा ट्राला


मच्छयाल के पास हाईवे पर फंसा टाइलों से भरा ट्राला, वाहनों की लगी कतार।

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंदरनगर।** जोगिंदरनगर-सरकाघाट-घुमारवीं राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मच्छयाल के पास टाइलों से लदा एक भारी-भरकम ट्राला सड़क के बीचोंबीच फंस गया। ट्राले के दलदल में धंसते ही मार्ग पर दोनों ओर लंबी कतारें लग गईं और यातायात करीब आधे घंटे तक बाधित रहा। सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से ट्राले को बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह स्थान पहले भी कई बार धंस चुका है। उन्होंने विभाग से स्थायी समाधान की मांग की।

# विधायक अनिल ने समखेतर बाजार में किया कर्लऑन शोरूम का उद्घाटन


समखेतर बाजार में कर्लऑन शोरूम का उदघाटन करते हुए विधायक अनिल शर्मा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** के समखेतर बाजार में विधायक अनिल शर्मा ने कर्लऑन शोरूम का विधिवत रूप से उदघाटन किया।

इस मौके पर अनिल शर्मा ने कहा कि आम आदमी में अच्छे उत्पादों की जरूरत बढ़ने लगी है व अच्छे और किफायती गृह सज्जा के उत्पाद अब मंडी में भी मौजूद हो रहे हैं जो कि एक अच्छी पहल है। इस दौरान कंपनी से देवांश पांडे ने बताया कि कंपनी के द्वारा मंडी में कर्लऑन की यह पहल की गई है व ग्राहकों के लिए उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि कर्लऑन शीला समूह का एक फैलोशिप ब्रांड है। 100 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर और 5500 से अधिक डीलर हैं। शीला ग्रुप पीयू फोम इंडस्ट्री देश की अग्रणी कंपनी में से है।

इस दौरान शोरूम के संचालक वरुण महंत, डिस्ट्रीब्यूटर अशोक सेठी, संजीव शर्मा व राजेश सहित कंपनी से रीजनल मैनेजर देवांश पांडे व अरुण गोविंद गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नहीं रहे शिक्षाविद, कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र कुमार 'राजू'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी के प्रख्यात शिक्षाविद, समाजसेवी एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र कुमार 'राजू' का निधन हो गया। डॉ. राजेंद्र कुमार राजू ने न सिर्फ अपने अविष्कारों के जरिए समाज सेवा की बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। विनम्रता, सेवाभाव और मानवीय दृष्टिकोण से परिपूर्ण डॉ. राजेंद्र कुमार 'राजू' का निधन एक अपूर्णीय क्षति है। ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के प्रधान अनिल शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान डॉ. कमलजीत सिंह, महासचिव संतोष कुमार, संयुक्त सचिव गजेंद्र, नरेंद्र कौशल, तारा चंद पटियाल, कर्नल केके मल्होत्रा, दिनेश गुप्ता, तारा चंद, कमल कांत शर्मा, नरेश मल्होत्रा, अनिल शर्मा सहित कई लोगों ने ने शोक जताया है।

# पंडोह डैम में सिल्ट व गाद ने जमाया कब्जा

## कैचमेंट एरिया में हो रहा भूस्खलन, कैंची मोड़ तक चंडीगढ़-मनाली सड़क मार्ग पर भी मंडरा सकता है खतरा

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** पंडोह डैम राष्ट्र का गौरव है, लेकिन स्थानीय लोगों की बर्बादी का कारण पंडोह डैम ही है। यह बात धीरे-धीरे स्थानीय लोगों के दिलो-दिमाग में घर करने लगी है, जिसका ज्वलंत उदाहरण 30 जून को बाखली खड्ड द्वारा मचाई गई तबाही है, जबकि वर्ष 2023 में पंडोह डैम से छोड़े पानी ने पंडोह बाजार में तबाही मचाते हुए लोगों को हताहत किया था व ऐतिहासिक लाल पुल को निगल लिया था। जिसके जख्म अभी हरे हैं।

इस बार बाखली खड्ड ने कुकलाह और बाखली पुल को तबाह किया है। 8 लोगों को बेघर कर दिया है। इसका कारण भी पंडोह डैम ही है। ये आरोप स्थानीय निवासी हेम राज, पूरन चंद, मस्त राम, बालक राम, राम किशन, राधा कृष्ण और लुदरमणी द्वारा लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंडोह डैम की झील सिल्ट और गाद से भर चुकी है, जिससे पानी का स्तर ऊपर उठ गया है। इस सिल्ट ने ही बाखली खड्ड में 30 जून को आए भारी फ्लड का रुख एक तरफ कर दिया, जिसने पंडोह सराची सड़क का नामोनिशान मिटा दिया। पंडोह डैम के साथ लगते गांव जागर को भी भूस्खलन के साथ खतरे में डाल दिया है। कुकलाह पुल और बाखली पुल की तबाही का कारण भी ये सिल्ट ही है, जिसके लिए बीबीएमबी प्रबंधन जिम्मेदार है। झील के चारों ओर भारी भूस्खलन हो रहा है जो लोगों की जान माल, सड़क रास्तों को तबाह कर रहा है। पंडोह डैम से कैंची मोड तक चंडीगढ़ मनाली सड़क मार्ग भी खतरे में है। यदि बीबीएमबी इस गाद-सिल्ट को झील से निकालने की योजना नहीं बनाती है, तो आने वाला वक्त इन सभी क्षेत्रों को तबाह कर सकता है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द ही बीबीएमबी के साथ सिल्ट-गाद निकालने के लिए योजना बनाई जाए। इन क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए कंक्रीट की सैफटी वाल लगाई जाए। तभी लोगों के जान माल की सुरक्षा हो सकेगी।

इस संबंध में सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिशासी अभियंता राजेश हांडा ने बताया कि पंडोह डैम से सिल्ट निकालने का फ्लैशिंग एकमात्र साधन है और वह हर बरसात में किया जाना आवश्यक है। जो अब प्रभावशाली तकनीक से नहीं किया जा रहा है।


पंडोह डैम में सिल्ट।

### नियमित होती है फ्लैशिंग, इस वर्ष भी दो बार हो चुकी

**इस** संबंध में वरिष्ठ अधिशासी अभियंता पंडोह डैम चंद्रमणी शर्मा ने कहा कि हमारे डैम का रेजवायर एरिया 1.5 किलोमीटर है वहां कोई सिल्ट गाद नहीं है। फ्लैशिंग नियमित होती है। इस वर्ष भी दो बार हो चुकी है। उन्होंने माना कि डैम जलाशय में गाद भर गई है, मगर उसके लिए अन्य विभाग जिम्मेदार हैं। लोगों का बाढ़ में नुकसान हुआ है। जिसका हमें भी दुःख है। इसमें बीबीएमबी को दोष देना या डैम को दोष देना अनुचित है।

## न्यूज ब्रीफ

### बलाहण गांव में भारी बारिश से गिरी गोशाला

**अनंत ज्ञान, करसोग।** उपमंडल करसोग के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरीधार के अंतर्गत बलाहण गांव में आशा राम पुत्र हेत राम की गोशाला भारी बारिश के कारण गिर गई है। आशा राम ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण गौशाला की एक दिवार गिर गई है और आशा राम की पत्नी कुबजा देवी भी बाल-बाल बच गई और गाय व कुबजा देवी को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। बता दें कि इस गौशाला का निर्माण भी पंचायत द्वारा करवाया गया था। वहीं ग्राम पंचायत चोरीधार की प्रधान वालदासी शर्मा, वार्ड सदस्य बलाहण ने मौके का निरीक्षण किया है और रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेज दी है।

### धनियारा क्लस्टर में लीची पौधरोपण अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत वीरवार को मंडी जिले के धनियारा क्लस्टर में वर्ष 2025 के लीची पौधरोपण अभियान की शुरुआत संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ. वी.पी. बैंस की अगुवाई में की गई। इस अभियान के तहत इस वर्ष 8 से 10 हेक्टेयर क्षेत्र में लीची के पौधे लगाए जा रहे हैं। यह प्रयास क्षेत्र को 'लीची हब' के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम कदम है। उपनिदेशक डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि इस क्लस्टर के माध्यम से न केवल बागवानी को बढ़ावा मिलेगा बल्कि किसानों और युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, संरचनात्मक सहयोग और विपणन सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। विभाग की योजना 'ब्रांड मंडी' लीची को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की है। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों ने बागवानों को उन्नत बागवानी तकनीकों और उर्वरक प्रबंधन की जानकारी भी दी। पौधरोपण में स्थानीय बागवान और तकनीकी टीम भी शामिल रही।



### बेरोजगारों ने जॉब ट्रेनी नीति का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल बेरोजगार युवा महासंघ की मंडी इकाई द्वारा उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा गया। उपायुक्त के सहायक आयुक्त के एस पटियाल को सौंपे ज्ञापन में मांग की गई है कि जॉब ट्रेनी पॉलिसी को तुरंत खत्म कर पढ़े-लिखी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना किया जाए। ज्ञापन में आउटसोर्सिंग प्रणाली को भी बंद करने की मांग की गई है। ज्ञापन में अस्थाई के बजाय स्थाई नियुक्तियां ही करने की जोरदार मांग की गई है।

### धनोटू में श्रीमद्भागवत कथा आज से

**अनंत ज्ञान, महादेव।** जय लखदाता पीर मंदिर समिति धनोटू की ओर से 25 जुलाई से 31 अगस्त तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन आचार्य राम लोक गर्ग (बिलासपुर) द्वारा किया जाएगा। 1 अगस्त को पूर्ण आहुति और भंडारा होगा। 25 जुलाई को कलश यात्रा निकाली जाएगी।

# संधोल कॉलेज को न किया जाए बंद

## क्षेत्र के समस्त प्रधानों ने मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट


कॉलेज बंद न करने को लेकर ज्ञापन सौंपने के बाद समस्त प्रधान।

**उपमंडल** के संधोल क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत प्रधानों ने संधोल कॉलेज को बंद न करने और यहां नए पाठ्यक्रम आरंभ करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सामूहिक ज्ञापन भेजा है। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की घोषणा के तहत वर्षों के लंबे आंदोलन के बाद स्वीकृत हुआ था और अब इसे बंद करना क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय होगा।

ज्ञापन में बताया गया कि संधोल कॉलेज विशेषकर गरीब और ग्रामीण परिवारों की बेटियों के लिए उच्च शिक्षा का एकमात्र सुलभ केंद्र है। यदि यह बंद हुआ, तो अनेक छात्राएं शिक्षा से वंचित रह जाएंगी। उन्होंने कॉलेज में विद्यार्थियों की कम संख्या के लिए स्टाफ की भारी कमी को जिम्मेदार ठहराया। अंग्रेजी, इतिहास, समाजशास्त्र, संगीत विषयों के प्रवक्ता और प्राचार्य के पद लंबे समय से खाली हैं, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी होती है। इसके अलावा, कॉलेज में विज्ञान और व्यावसायिक कोर्स जैसे बीबीए, बीसीए आदि की भी शुरुआत नहीं की गई है, जिससे क्षेत्र के छात्र अन्य शहरों में महंगी पढ़ाई करने को मजबूर हैं। प्रधानों ने आग्रह किया कि यदि इन कोर्सों की शुरुआत की जाए और स्टाफ की नियुक्ति हो, तो अगले वर्ष कॉलेज में सैकड़ों विद्यार्थी प्रवेश लेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि संधोल कॉलेज को बंद न किया जाए, बल्कि इसे सुदृढ़ कर क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती दी जाए। साथ ही, यह अपील की कि प्रदेश सरकार इस कॉलेज को फिर से एक शिक्षा केंद्र के रूप में सशक्त बनाए।

# कुड महादेव में पूजा कर मांगा क्षेत्र के लिए आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी व समाजसेवी जीवन ठाकुर वीरवार को लडभड़ोल क्षेत्र के ऐतिहासिक कुड महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय श्रद्धालु भी उनके साथ मौजूद रहे। मंदिर परिसर में पहुंचने पर स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने जीवन ठाकुर का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत कर क्षेत्र की समस्याएं और सुझाव सुने। जीवन ठाकुर ने कहा कि यह पावन धाम सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है और वह जनसेवा के अपने संकल्प पर अडिग हैं। इस दौरान उन्होंने बदेहड़ गांव के बीमार युवक पंकज के शीघ्र स्वस्थ होने की विशेष प्रार्थना भी की। मंदिर प्रशासन की ओर से जीवन ठाकुर को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया।



# बटवाड़ा के लोगों को कोलडैम से बसों की वैकल्पिक आवाजाही से मिली राहत

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** उपमंडल का ध्वाल-बटवाड़ा सड़क मार्ग भारी बारिश से रोपा के पास भारी भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया है। इससे क्षेत्र के बटवाड़ा सहित आसपास के कई गांवों के लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई थी। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने संज्ञान लेते हुए सुंदरनगर प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान करवाया। उनके प्रयासों के चलते एनटीपीसी प्रबंधन ने डैम के ऊपर से बसों की आवाजाही की अनुमति प्रदान की, जिससे बटवाड़ा व अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर और एनटीपीसी प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि इस मुश्किल घड़ी में उन्होंने लोगों की वास्तविक समस्या को समझते हुए समय रहते उचित समाधान करवाया।



### पूर्व सीपीएस सोहन लाल के प्रयास लाए रंग

इस अवसर पर पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि जैसे ही बरसात का मौसम ठीक होता है वैसे ही विभाग को रोपा के पास सड़क को यातायात दुरुस्त करने के आदेश दिए गए है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार आपदा में राहत प्रदान देने के लिए हमेशा तत्पर है और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वन को लेकर कार्य किया जा रहा है। बता दें कि लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र में कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

# सराज में आपदा ने छोड़े गहरे जख्म, युवा कांग्रेस पहले दिन से मैदान में : तरुण

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो


प्रेसवार्ता करते हुए कांग्रेस नेता तरुण ठाकुर।

मंडी। सिराज विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा ने पूरे इलाके को गहरे जख्म दिए हैं और ये ऐसे जख्म हैं जो शायद वर्षों तक नहीं भर पाएंगे, क्योंकि इस आपदा ने सिराज के लोगों के जीवन को ही नहीं बल्कि उनकी आत्मा को भी गहरी चोट दी है। यह बात कांग्रेस नेता तरुण ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस की टीम पहले दिन से ही मैदान में उतरी हुई है और लगातार दिन-रात लोगों के बीच रहकर राहत कार्यों में जुटी हुई है, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि जब पूरा सिराज संकट में है तब कुछ लोग इस त्रासदी को भी राजनीतिक लाभ का अवसर बना रहे हैं और यही सबसे दुखद पहलू है, क्योंकि जहां कई दानी सज्जन और स्वयंसेवी संस्थाएं सिराज के लिए निःस्वार्थ भाव से सहायता भेज रही हैं, वहीं कुछ लोग उन संस्थाओं की भेजी गई राहत सामग्री को अपने कब्जे में लेकर पहले स्टोर कर रहे हैं और फिर अपने राजनीतिक दलों के बैनरों के नीचे राशन किटें बांट रहे हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि उनका उद्देश्य लोगों की सेवा नहीं बल्कि राजनीतिक प्रचार है और यह कार्य न केवल निंदनीय है बल्कि आपदा की इस घड़ी में मानवता का अपमान भी है। इस संकट के समय में ऐसे छुटभैया नेताओं द्वारा लोगों को बुलाकर अपने नाम की पर्चियां लगवाकर राहत सामग्री देना न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि आपदा पीड़ितों के साथ विश्वासघात भी है।

# नई जॉब नीति और एनपीएस का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पेंशनर महासंघ के अध्यक्ष इंदर ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई नई जॉब ट्रेनी नीति और एनपीएस का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह 15 मई 2003 को कर्मचारियों को ओपीएस से एनपीएस में धकेला गया था, उसी तरह अब 15 मई 2025 से नई भर्ती नीति लागू कर युवा कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को जारी अधिसूचना से स्पष्ट है कि सुक्खू सरकार पुरानी गलतियों से सबक नहीं ले रही है और फिर से वैसी ही स्थिति पैदा कर दी है, जैसी एनपीएस लागू करते वक्त हुई थी। इंदर ठाकुर ने इसे युवा वर्ग के साथ धोखा बताते हुए कहा कि यह निर्णय उन्हें झटका देने जैसा है। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने इस नीति को वापस नहीं लिया तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

# द आर्ट ऑफ लिविंग ने आईएएचवी के सहयोग से आपदा प्रभावितों को दी राहत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाते हुए।

**आपदा** में कई लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। न बिजली, न खाना, न रहने की जगह और कई लोग अब भी लापता हैं। इस पीड़ा और निराशा के समय में श्री श्री रविशंकर' द्वारा स्थापित 'द आर्ट ऑफ लिविंग' और अंतरराष्ट्रीय मानव मूल्यों संगठन आईएएचवी ने आगे आकर पीड़ितों को भौतिक और मानसिक सहायता प्रदान की है। 9 जुलाई से लगातार बिजली कटौती, संचार बाधा और दुर्गम रास्तों के बीच आर्ट ऑफ लिविंग की राहत टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों में मौजूद रही है और राहत कार्यों का समन्वय कर रही है।

टीम ने थुनाग, जंजैहली, शिल्ही बगी, सिराज घाटी, बगाचनोगी, लंबाथाच ब्रिज, बारा, धर्मपुर, सुंदरनगर, संबल (बकसयड़) और कुल्लू जैसे अत्यधिक प्रभावित गांवों तक पहुंच बनाई है – कई बार लंबी दूरी पैदल चलकर या उन स्थानों पर राहत पहुंचाई जहां वाहन नहीं पहुंच सकते थे। जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सैकड़ों सोलर लैंप, सोलर स्ट्रीट लाइट्स, तिरपाल, आवश्यक राशन और पीने का स्वच्छ पानी, दवाइयां, कंबल, कपड़े, जूते, बर्तन और छात्रों के लिए स्कूल बैग व स्टेशनरी बांटी गई।

इन प्रयासों का नेतृत्व साध्वी अमृता स्थानीय स्तर पर स्वयं मौजूद हैं और लोगों को आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक संबल दे रही है। संगठन ने राहत वितरण को सुचारु बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन, विशेष रूप से कमिश्नर जगन ठाकुर के साथ भी समन्वय स्थापित किया है, ताकि सहायता सही लोगों तक पहुंच सके।

# प्राथमिक स्कूलों को भी मिले बिजली व इंटरनेट ग्रांट

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चौंतड़ा-1 ने अलग से ग्रांट को लेकर बुलंद की आवाज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**प्रदेश** के प्राथमिक स्कूलों को सरकार द्वारा बिजली बिलों के भुगतान व इंटरनेट के उपयोग को लेकर कोई भी ग्रांट जारी नहीं की रही है, जिससे शिक्षकों को स्कूलों को सुचारू ढंग से चलाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चौंतड़ा-1 ने बिजली के बिल व इंटरनेट के लिए ग्रांट जारी करने को आवाज बुलंद की है।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चौंतड़ा प्रथम के अध्यक्ष कपिल राव ने कहा है कि वर्तमान में प्रदेश के स्कूलों को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कंपोजिट स्कूल ग्रांट प्रदान की जाती है। इसमें नामांकन के अनुसार 1 से 30 विद्यार्थियों वाले स्कूलों को 10 हजार और 31 से 100 विद्यार्थियों वाले स्कूलों को 25 हजार की वार्षिक धनराशि दी जाती है। उन्होंने चिंता जताई है कि स्कूलों का प्रतिवर्ष 5 हजार से 7 हजार तक का बिजली बिल इसी ग्रांट से अदा किया जाता है, जिससे स्कूलों के पास रखरखाव और अन्य विकासात्मक कार्यों के लिए बहुत कम धनराशि बचती है। जहां 30 या उससे कम बच्चों का नामांकन है, उन स्कूलों को 4 से 5 हजार रुपये में पूरे वर्ष की व्यवस्था कैसे करनी पड़ती है, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। वहीं 31 से 100 बच्चों वाले स्कूलों में अपेक्षाकृत बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर होता है व छात्रों की संख्या भी अधिक होती है, ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के लिए 25 हजार की राशि भी अपर्याप्त साबित हो रही है। यदि इसी में से 8 से 10 हजार तक की राशि केवल बिजली बिल में खर्च हो जाए तो स्कूलों में टूटे-फूटे फर्नीचर, फट्टे हाल कक्षाएं व प्लास्टर उखड़ने जैसी स्थिति देखने को मिलती है।

### शिक्षक अपने खर्चे से कर रहे इंटरनेट व्यवस्था

**कपिल** राव ने कहा कि इसके अलावा विभाग द्वारा स्मार्ट टीवी तो प्रदान किए गए हैं, लेकिन उन्हें संचालित करने के लिए आवश्यक इंटरनेट की व्यवस्था प्राथमिक शिक्षक अपने निजी खर्च पर कर रहे हैं जो अत्यंत असंगत और अनुचित है। उन्होंने प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग से मांग की है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की तर्ज पर सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों को भी अलग से बिजली व इंटरनेट ग्रांट प्रदान की जाए। इससे न केवल विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ होंगी, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा।

**बैठक** | सुन्नी बांध परियोजना में पुनर्वास पर उपायुक्त मंडी ने दिए पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश

# पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ देना प्राथमिकता: देवगन

अनंत ज्ञान, करसोग


करसोग में बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ।

**सुन्नी** बांध जल विद्युत परियोजना (चरण-तीन, 382 मेगावाट) के तहत परियोजना स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन समिति की बैठक का आयोजन वीरवार को एसडीएम सभागार करसोग में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने की।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार और परियोजना के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपायुक्त ने परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावितों को मिलने वाली विभिन्न सुविधाएं समय पर प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि परियोजना प्रभावितों के पुनर्वास और पुनर्स्थापन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने परियोजना के कारण प्रभावित होने वाली पंचायतों के अंतर्गत आने वाले सभी परिवारों की वर्तमान स्थिति, रोजगार के अवसर तथा पुनर्वास के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को पूर्ण पारदर्शिता से और समयबद्ध लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी को भी निर्देश दिए कि वे स्थानीय समुदाय के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। अपूर्व देवगन ने कहा कि परियोजना के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रभावित लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना प्रशासन व सरकार की प्राथमिकता है।

उपायुक्त ने परियोजना प्रभावित परिवारों के लिए विशेष सुविधाएं जैसे कि आजीविका के साधन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में प्रधान ग्राम पंचायत परलोग गायत्री देवी, प्रधान ग्राम पंचायत सरत्योला तिलक राज, रोशनी देवी प्रधान ग्राम पंचायत बिंदला, पंचायत समिति सदस्य माहूंनाग मीना कुमारी, एसडीएम करसोग गौरव महाजन, तहसीलदार करसोग वरुण गुलाटी, नायब तहसीलदार शांता शुक्ला, बीडीओ करसोग सुरेंद्र ठाकुर, हेड ऑफ प्रोजेक्ट (सुन्नी डैम हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट) राजीव अग्रवाल, भू अर्जन अधिकारी सुन्नी डैम हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट अश्वनी सूद, मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक शाखा करसोग कॉल राम सहित अन्य अधिकारी व प्रभावित समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजोआ लड़ोली का दीपक राष्ट्रीय स्तर पर चमका



अनंत ज्ञान, अंब। उपमंडल अंब की पंजोआ लड़ोली पंचायत के दीपक सोनी पुत्र जोगिंदर पाल सोनी ने अपनी गायन प्रतिभा का जलवा राष्ट्रीय स्तर पर दिखाते हुए एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। दीपक ने दिल्ली में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय रियलिटी शो 'एसजीटी हुनर का रंग' में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

### चंबोआवासियों ने अपने पैसों से किया मंदिर का जीर्णोद्धार



हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही। विकासखंड बंगाणा की पंचायत डीहर के गांव चंबोआ में स्थित पुराने बने गुग्गा जाहरवीर मंदिर के लिए शैड और पक्के रास्ते का निर्माण सभी गांववासियों ने मिलकर करवाया है। गुग्गा जाहरवीर मंदिर में शैड और पक्का रास्ता लगभग 95 हजार रुपए की लागत से बनाया गया है। मंदिर निर्माण में कई प्रमुख लोगों ने योगदान दिया। ग्रामीण की आस्था और एकजुट की बदौलत अब गांव में गोगा जाहरवीर मंदिर का जीर्णोद्धार हो गया है। इसी गांव में शिव शक्ति मंदिर,बाबा बालक रूपी मंदिर, गोत्र मोदगिल जठेरे मंदिर भी लोगों की धार्मिक भावनाओं की आस्था का केंद्र है।

### ब्रह्मपुर में ईसीएचएस खुलना सपने के सच होने जैसाः रमन



अनंत ज्ञान, गगरेट। एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटी हेल्थ स्कीम के तहत गगरेट के ब्रह्मपुर में खुले ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक की स्थापना का श्रेय भाजपा एक्स सर्विसमैन प्रकोष्ठ ने पूर्व विधायक राजेश ठाकुर व सांसद अनुराग ठाकुर को दिया है। भाजपा एक्स सर्विसमैन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रहे रमन ठाकुर ने कहा कि पॉलीक्लीनिक के लिए न सिर्फ राजेश ठाकुर ने विधायक रहते ब्रह्मपुर में भूमि उपलब्ध करवाई बल्कि दिल्ली तक खुद पूर्व सैनिकों के साथ जाकर पॉलीक्लीनिक की स्थापना की वकालत भी केंद्रीय रक्षा मंत्री के समक्ष की। उनके भरपूर प्रयास से ही जिला ऊना दो-दो पॉलीक्लीनिक वाला देश का पहला जिला बना है। उन्होंने कहा कि अब सैनिक कैंटीन व पॉलीक्लीनिक को अपना भवन उपलब्ध करवाने के लिए यहां उपलब्ध करवाई गई जमीन रक्षा मंत्रालय के नाम हस्तांतरित करवाने की नितांत आवश्यकता है। यही नहीं बल्कि पालीक्लीनिक व कैंटीन तक सैनिक व पूर्व सैनिक आसानी से पहुंच सकें, इसके लिए यहां आवागमन के साधन विकसित करने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक के यहां खुलने से सैनिकों, पूर्व सैनिकों व वीर नारियों व उनके परिवारों की स्वास्थ्य देखभाल और बेहतर हो सकेगी। ब्रह्मपुर में ईसीएचएस खुलना सपने के सच होने जैसा है।

### हरिद्वार से कांवड़ लेकर लमलेहड़ा पहुंचा जत्था



अनंत ज्ञान, ऊना। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लमलेहड़ा गांव पहुंचने पर कांवड़ियों का गांव वासियों ने फूल माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया। सासन से लमलेहड़ा तक शिव भक्तों के साथ महिलाएं शिव महिमा का गुणगान करती गांव के शिवालय तक पहुंचीं। उसके बाद शिव भक्तों द्वारा जल अभिषेक किया। लमलेहड़ा के प्रधान नेहा, उपप्रधान ममता, पंचायत सदस्य और पदमदेव, सुनील, राजीव और चंदन मौजूद रहे।

### वॉकआउट करने वालों पर लागू हो नो वर्क, नो पे सिद्धांत

अनंत ज्ञान, गगरेट। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा मंडल गगरेट के पूर्व अध्यक्ष सतीश शर्मा ने विधानसभा व संसद में भी नो वर्क, नो पे लागू करने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि अगर कर्मचारियों पर नो वर्क नो पे लागू हो सकता है तो जनता के हितों की पैरवी करने के लिए विधानसभा व संसद भेजे गए जनप्रतिनिधियों पर यह नियम क्यों लागू नहीं हो सकता है। जनता बड़े आशाओं के साथ अपने नुमाईंदे चुनकर विधानसभा व संसद भेजती है, लेकिन वहां जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने की बजाए अक्सर विधायक व संसद विधानसभा व संसद सत्र के दौरान पार्टी हितों को साधने के लिए वॉकआउट कर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय की जरूरत है कि जल्द ही जन प्रतिनिधियों के लिए भी नो वर्क नो पे पर विधेयक संसद सत्र में लाया जाए।

### बुधान में महिलाओं के लिए क्रॉफ्ट वर्कशॉप शुरू



अनंत ज्ञान, लठियाणी। उपमंडल बंगाणा की पंचायत बुधान में महिलाओं के आत्मनिर्भर की ओर सशक्त शुरुआत करते हुए पचास दिवसीय क्रॉफ्ट वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीस स्थानीय महिलाएं जिन्हें विविध हस्तशिल्प तकनीकों का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी केएल वर्मा, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, प्रशिक्षिका ज्योति, मास्टर ट्रेनर कविता और डिजाइनर अर्चना के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर डीपीओ वर्मा ने कहा कि ये शुरुआत ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आत्मविश्वास और आर्थिक स्वतंत्रता का संचार करती है। खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। शिविर के दौरान मास्टर ट्रेनर कविता और डिजाइनर अर्चना द्वारा प्रतिभागियों को क्रॉफ्ट वर्क की आधुनिक तकनीकों, डिजाइनिंग और बाजारोन्मुख उत्पाद निर्माण की बारीकियां महिलाओं को सिखाई जाएंगी।

### बड़ोह गांव में होगा सात दिवसीय शिव महोत्सव

संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ के पावन सावन मास में उपमंडल गगरेट की पंचायत बड़ोह स्थित विश्व शांति आश्रम में नाग पंचमी और महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न होने जा रहा है। भगवान भूषण ब्रह्मलीन दीन दयाल जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित हो रही इस बारहवीं शिव कथा का वाचन कथा व्यास पं. बृज मोहन मिश्रा द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन न केवल भक्तों के लिए भक्ति और साधना का माध्यम बनेगा, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का एक दिव्य संगम भी प्रस्तुत करेगा। यह सात दिवसीय शिव महोत्सव 29 जुलाई से 4 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 29 जुलाई को प्रातः 7 बजे गणेश पूजन व कलश स्थापना के साथ होगी। इसके पश्चात सुबह 8 से 10 बजे तक मिट्टी के शिवलिंगों का निर्माण व पूजन किया जाएगा। श्रद्धालु प्रतिदिन सायं 4 से 6:30 बजे तक शिव कथा श्रवण का लाभ ले सकेंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 4 अगस्त को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सेवा और स्वास्थ्य से भी जोड़ा गया है। प्रत्येक सायं 6:30 से 7:30 बजे तक निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श व स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे यह आयोजन एक सामाजिक सरोकार का भी सशक्त उदाहरण बनेगा। इस धार्मिक अनुष्ठान का भव्य संयोजन डॉ. वर्षा मिश्रा न्यूज एवं ललित मिश्रा परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में विश्व शांति आश्रम ट्रस्ट और क्षेत्र के समस्त शिवभक्त परिवार अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं।

### ट्रेनी पीरियड युवाओं से खिलवाड़ तो अग्निवीर क्या?

अनंत ज्ञान, गगरेट। सरकारी नौकरी में कुछ विशेष वर्गों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा तय किए गए दो वर्ष के ट्रेनी पीरियड पर भाजपा नेताओं द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मंत्री एवं हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को ट्रेनी पीरियड युवाओं के साथ खिलवाड़ लग रहा है और केंद्र सरकार द्वारा चार साल के लिए रखे जा रहे अग्निवीर युवाओं का सुनहरी भविष्य लग रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को चाहिए पहले केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए देश की सेना को कमजोर करने के लिए शुरू की गई अग्निवीर योजना का जमकर विरोध करें, अन्यथा अपनी ओछी राजनीति चमकाने के लिए खबरवीर बनना बंद करें। कुलदीप कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सत्ता का लालच लेकर सरकार नहीं चला रहे हैं बल्कि वह वास्तव में इस प्रदेश में बदलाव की बयार बहाने को लेकर कई कड़े फैसले ले रहे हैं। ताकि आने वाला समय हिमाचलवासियों का अच्छा आए लेकिन यही बात भाजपा नेताओं को रास नहीं आ रही है।

## विधायक बबलू और डीसी जतिन ने चिंतपूर्णी क्षेत्र में विकास परियोजनाओं का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्य निर्धारित समय में हों शुरू



निरीक्षण के दौरान विधायक बबलू और डीसी जतिन लाल व गणमान्य।

राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

ऊना। श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की धंधड़ी पंचायत में विधायक सुदर्शन बबलू और ऊना के डीसी जतिन लाल ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए प्रस्तावित साइट का निरीक्षण किया, साथ ही उन्होंने क्षेत्र में अन्य विकास परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित स्थलों का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

विधायक बबलू ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल की योजना आरंभ की गई है। यह विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण देने के साथ-साथ अतिरिक्त सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्षम बनाएगा। इसके अलावा विकास की अन्य योजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन पर फोकस किया गया है, ताकि लोगों को उनका समय पर लाभ मिले।

वहीं, डीसी जतिन लाल ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित स्थलों की भौगोलिक स्थिति, तकनीकी पहलुओं और आवश्यक औपचारिकताओं का गहनता से परीक्षण किया जाए, ताकि निर्माण कार्य सुचारु और निर्धारित समय सीमा में शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे संस्थान सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## डीसी ने अधिकारियों को समयबद्धता से कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना जिले के डीसी जतिन लाल ने वीरवार को उपमंडल अंब की भैरा, हम्बोली, कटोहड़ कलां और कुठेड़ा खैरला पंचायतों का दौरा कर वहां चल रहे विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित खंड विकास अधिकारी (बीडीओ), पंचायत सचिवों तथा पंचायत प्रधानों को निर्देश दिए कि वे समस्त विकास कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी करें तथा कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचे।

उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर क्रियान्वित योजनाएं न केवल ग्रामीण ढांचे को मजबूत करने के साथ ही आमजन के जीवन में ठोस सुधार लाने का माध्यम बनती हैं। इसलिए इन योजनाओं में देरी या अनियमितता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। इस मौके पर मौके पर बीडीओ ओम डोगरा सहित संबंधित पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ब्रह्मपुर में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक का सपना साकार होने पर दी बधाई

अनंत ज्ञान, ऊना

ब्रह्मपुर (दौलतपुर चौक) में ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक के शुभारंभ पर, इंडियन एक्स सर्विसेज लीग ऊना के चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. बलदेव डोगरा, पूर्व नौसैनिक कल्याण संघ के प्रधान ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व वायु सैनिक सेवा परिषद ऊना के प्रधान हरिश्चंद्र शर्मा, हिमाचल पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा के वाइस चेयरमैन एसपी शर्मा, पूर्व सैनिक संघ कुटलैहड़ के प्रधान केवल कृष्ण शर्मा ने सभी पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को अपनी हार्दिक बधाई दी।

यह जानकारी देते हुए इंडियन एक्स सर्विसेज लीग के वाइस चेयरमैन राजेंद्र शर्मा ने बताया कि इंडियन एक्स सर्विसेज लीग गगरेट के चेयरमैन कर्नल जोगिंदर शर्मा (सेवानिवृत्त) एवं पूर्व सैनिकों ने सपना देखा था, इस असंभव सपने को साकार करने हेतु कर्नल जोगिंदर शर्मा ने पूर्व सैनिकों सहित दिन-रात एक कर दिया। इस नामुमकिन कार्य को साकार करने के लिए सभी स्थानीय नेताओं, जिला प्रशासनिक अधिकारियों, हिमाचल व जिला सैनिक बोर्ड, हिमाचल सरकार और केंद्रीय सरकार का धन्यवाद किया। राजेंद्र शर्मा ने आगे बताया कि इस ऐतिहासिक शुभ अवसर पर ऊना लीग की तरफ से चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद, वाइस चेयरमैन राजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह राम सिंह, दिलबाग सिंह, जिला सैनिक बोर्ड ऊना डिप्टी डायरेक्टर कर्नल एसके कलिया (सेवानिवृत्त), कर्नल रघुवीर सिंह (सेवानिवृत्त), कर्नल कुलदीप सिंह (सेवानिवृत्त) हाजिर रहे।

कैप्टन शक्ति चंद और राजेंद्र शर्मा ने जनरल ऑफिसर कमांडिंग 11 कोर, लेफ्टिनेंट जनरल अजय चंद्पुरिया (एवीएसएम, वीएसएम) से इस शुभ अवसर पर उनसे मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया एवं बधाई दी तथा उन्हें मोबाइल कैंटीन जो कि उनके आदेशानुसार रायपुर मैदान और दुलेहर जिला ऊना के रीमोट एरिया में शुरू की गई थी, वह कुछ दिनों से किसी कारणवश नहीं जा रही है, के बारे में अवगत करवाया और उनसे इसे फिर शुरू करवाने के लिए निवेदन किया। जनरल साहब ने तत्काल इस बारे, संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के लिए आदेश दिए।

## प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नई ट्रेनी जॉब नीति का किया विरोध

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने प्रदेश सरकार की नई ट्रेनी जॉब नीति को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लाखों पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर कांग्रेस सरकार धोखाधड़ी कर रही है। नई भर्ती नीति युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और यह नीति उन्हें स्थायी रोजगार देने के बजाय अस्थायी और शोषणकारी व्यवस्था की ओर धकेल रही है।

बलराम बबलू ने कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी ने युवाओं से वादा किया था कि सत्ता में आते ही उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने वादों से मुंह मोड़ लिया और सरकारी विभागों, बोर्डों व निगमों में ग्रुप-ए, बी और सी श्रेणियों की भर्तियों के लिए नए नियम लागू कर दिए। इन नए नियमों के तहत अब चयनित उम्मीदवारों को सीधी भर्ती के बावजूद पहले दो वर्षों तक जॉब ट्रेनी के रूप में कार्य करना होगा, जिसके दौरान उन्हें नियमित कर्मचारी के समान वेतन और सुविधाएं नहीं मिलेंगी।

बबलू ने इसे बेरोजगार युवाओं के शोषण का एक नया तरीका बताया और कहा कि यह नीति केवल आंकड़ों में बेरोजगारी को छुपाने और नौकरियों के मुद्दे से ध्यान भटकाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार युवाओं को केवल सपने दिखाने में माहिर है, लेकिन हकीकत में उनके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। बबलू ने सरकार से इस नीति को तुरंत वापस लेने और युवाओं को सम्मानजनक, स्थायी रोजगार देने की मांग की, साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं के साथ है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।

## चौकी जोल में एसआई अशोक कुमार बने प्रभारी

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब। पुलिस चौकी जोल में नए सब-इंस्पेक्टर (एसआई) अशोक कुमार ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालते ही उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात नियंत्रण और नशे के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई को अपनी प्राथमिकता बताया।



एसआई अशोक कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी, जिसमें स्थानीय लोगों, युवाओं और पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सामाजिक बुराई के खिलाफ बिना किसी दबाव और भेदभाव के कठोर कदम उठाए जाएंगे। मूल रूप से इंदौरा (कांगड़ा) निवासी अशोक कुमार इससे पहले चंबा, ऊना, टालीवाल, अंब, डलहौजी, बनीखेत, पांगी, सुल्तानपुर, नूरपुर और खंडेलवाल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहां उन्होंने सराहनीय कार्य किए हैं। स्थानीय लोगों ने नए एसआई से अपेक्षा जताई है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सकारात्मक प्रयास होंगे।

## दिलवर खान की प्रथम पुण्यतिथि पर शहीद के परिजनों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**विधायक विवेक शर्मा ने शहीद को झंडा फहराकर दी सलामी, रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन**

देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद दिलवर खान की शहादत को एक वर्ष पूर्ण होने पर उनकी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव घरवासड़ा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़विधान सभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा फहराकर एवं शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करने से हुई, जहां विधायक विवेक शर्मा ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सलामी दी।

इसके पश्चात शहीद दिलवर खान की याद में आयोजित रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों ने रक्तदान कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। विधायक विवेक शर्मा ने इस अवसर पर शहीद के माता-पिता और उनकी पत्नी को सम्मानित करते हुए उन्हें राज्य सरकार और समाज की ओर से श्रद्धा और आदर प्रकट किया। उन्होंने कहा कि शहीद दिलवर खान न केवल कुटलैहड़ बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का प्रतीक हैं। उनकी वीरता और बलिदान को देश कभी भुला नहीं पाएगा। विवेक शर्मा ने बताया कि 24 जुलाई 2024 को शहीद दिलवर खान ने जम्मू क्षेत्र में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान अपनी जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की थी।

विवेक शर्मा ने बताया कि शहीद के बलिदान को देखते हुए राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से शोक व्यक्त करते हुए घोषणाएं की थीं। इनमें शहीद के पैतृक स्कूल का नाम उनके नाम पर रखने, गांव में एक खेल मैदान विकसित करने, और आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणाएं शामिल थीं, जिन्हें अब पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में भी शहीद के परिवार के साथ खड़ी रहेगी।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कांग्रेस नेता केसी शर्मा, जगदीश चंद शर्मा, बीडीसी सदस्य अच्छरों बीबी, जगदीश के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्कूल लेक्चरर संघ ने आपदा पीड़ितों के लिए चलाया अभियान

आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के द्वारा आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए अभियान शुरू किया गया है, जिसके अंतर्गत लेक्चरर साथियों के द्वारा अपने सामर्थ्य अनुसार धनराशि लेक्चरर संघ की विभिन्न जिला कार्यकारिणियों द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी को भेजी जा रही है और इस पुनीत को कार्य में लगभग सभी जिलों के लेक्चरर साथी अपना भरपूर सहयोग दे रहे हैं।

लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी, मुख्य संरक्षक लोकेंद्र नेगी, महासचिव इंदर सिंह ठाकुर, चैयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, कार्यकारी प्रधान दीप सिंह खन्ना एवं समस्त प्रदेश कार्यकारिणी की देखरेख में राशि आपदा प्रबंधन के कार्य हेतु भेजी जाएगी। राजन शर्मा ने बताया इस पुनीत कार्य में प्रदेश के लगभग सभी जिलों से लेक्चरर साथियों का अपना समर्थन के अनुसार भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## बंगाणा में कारगिल विजय दिवस और मन की बात कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान



बैठक के दौरान भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो व अन्य गणमान्य।

बंगाणा। भारतीय जनता पार्टी कुटलैहड़ मंडल की समीक्षा बैठक मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगढ़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो, सूरम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में आगामी दो प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगढ़ ने बताया कि 26 जुलाई को राष्ट्रीय कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम होटल कर्णराज बंगाणा में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर होंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भुट्टो उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम मिन्हास के साथ-साथ ऊना जिले के सभी भाजपा के वरिष्ठ नेता, कुटलैहड़ विस क्षेत्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ता, पूर्व सैनिक, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं अन्य प्रकोष्ठों के सदस्य भाग लेंगे। कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा।

इसके साथ ही 27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का राज्य स्तरीय आयोजन भी होटल कर्णराज में किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के संदेश को साझा करेंगे। इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोगों की सूझबूझ ने सांभर को कुत्तों के हमले से बचाया

अनंत ज्ञान, लठियाणी

उपमंडल लठियाणी पंचायत के नलूट गांव में सुबह के समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब आवारा कुत्तों के एक झुंड ने जंगल से भागते हुए एक जंगली सांभर को घेर लिया। कुत्तों के हमले से जान बचाने के लिए यह जंगली पशु नलूट गांव में घुस आया। गांव में मौजूद राजेश कुमार और अन्य जागरूक ग्रामीणों ने तुरंत कुत्तों को भगाया और सांभर को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

कुत्तों का झुंड सांभर का पीछा करता रहा और दोबारा उसे जंगल में घेर लिया। इससे घबराकर सांभर एक बार फिर गांव में लौट आया। राजेश कुमार एवं अन्य लोगों ने सतर्कता से घायल सांभर को पकड़कर बांध दिया और इसकी सूचना पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा उर्फ पौणू तथा उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर को दी। सूचना मिलते ही उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने वन विभाग को सूचित किया। वनरक्षक परवीन कुमार मौके पर पहुंचे और देखा कि सांभर बुरी तरह घायल है। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही प्राथमिक उपचार किया और फिर उसे सुरक्षित स्थान पर जंगल में ले जाकर छोड़ा।



सांभर के साथ स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और वन विभाग के कर्मचारी।

**आम जनता के लिए भी खतरा बन चुके हैं कुत्ते :** इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को उजागर किया है। उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने कहा कि ये कुत्ते अब आम जनता के लिए भी खतरा बन चुके हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे एवं माता पिता डर-सहमे रहते हैं। ये आवारा कुत्ते पालतू पशुओं पर भी हमला कर सकते हैं। गांव वासियों ने प्रशासन से मांग की कि इन आवारा कुत्तों से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस पूरे घटनाक्रम में पंचायत सदस्य लक्ष्मी देवी, राजेश कुमार सहित गांववासी मौजूद थे।

वनरक्षक परवीन कुमार ने भी ग्रामीणों की जागरूकता और मदद की सराहना करते हुए कहा कि यदि इसी तरह से ग्रामीण विभाग के साथ मिलकर कार्य करें, तो ऐसे संकटों से आसानी से निपटा जा सकता है।

## अव्यवस्था नेरी गांव में वाहन चालक जान जोखिम में डालकर वाहन चलाने को मजबूर

# 'मौत का कुआं' बनी लठियाणी-कोहड़रा सड़क

विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान

लठियाणी। उपमंडल बंगाणा के लठियाणी से कोहड़रा शाहतलाई की ओर जाने वाली सड़क बरसात के कारण 'मौत का कुआं' बन गई है। नेरी गांव के पास लगभग सौ मीटर लंबे हिस्से में सड़क किनारे बने पांच से छह गहरे गड्ढे जानलेवा खतरा बन चुके हैं, जिस कारण इस क्षेत्र की सड़क बहुत खतरनाक हो गई है। यदि सड़क पर दो वाहन आमने-सामने से गुजरें तो दुर्घटना होना लगभग स्वाभाविक है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ये सड़क हर मानसून में खतरनाक हो जाती है, परंतु इस बार स्थिति और भी विकराल होकर वर्षा का पानी सड़क की नींव को काट कर किनारों पर बड़े-बड़े कटाव बन गए हैं और कई स्थानों पर सड़क गिरकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जो



लठियाणी-कोहड़रा सड़क पर पड़ा बड़ा गड्ढा जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है।

बिना किसी रैलिंग या चेतावनी चिन्ह के वाहन चालकों को बहुत ही मुश्किल हो रही है। पंचायत प्रधान कमल सिंह ने कहा कि यह समस्या कोई नई नहीं है।

हर साल बरसात के बाद भी सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। हमने कई बार विभाग को अवगत करवाया, अधिकारियों ने मौके पर आकर उत्पन्न स्थिति को देखने के लिए भी आए, लेकिन आज तक नहीं कोई भी समाधान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों एवं पंचायत के सदस्य सुशील कुमार, मेहर सिंह, सुभाष चंद, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, रमेश कुमार, सुखदेव, सरोज, सुनीता, विमला, परवीन कुमारी के अलावा सभी लोगों ने प्रशासन से इस सड़क को सही करने की मांग की। लोगों ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो कोई बड़ी दुर्घटना कभी भी घट सकती है।

**लोगों की मांग पर जेई ने तुरंत किया निरीक्षण :** स्थानीय जनता की मांग पर कनिष्ठ अभियंता सचिन पटियाल के संज्ञान में लाया गया, तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए तुरंत मौके का निरीक्षण किया और स्थिति की गंभीरता से जल्दी ही सही करने का आश्वासन दिया।

**जनहित में जरूरी है शीघ्र समाधान :** कुटलैहड़ क्षेत्र के कई गांवों को इस सड़क लाभ होता है और स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और दैनिक आवागमन करने वाले नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए इस प्रकार सड़क की खस्ताहालत को नजरअंदाज करना आने वाली अनहोनी को न्योता देना होगा। स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से मांग है कि इस सड़क को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द सही की जाए, ताकि लोगों को आने जाने में सड़क की सुविधा सही ढंग से मिल सके।

## बंगाणा कॉलेज की छात्रा कनिका ने हासिल की विवि में 11वीं मेरिट रैंक

अनंत ज्ञान, बंगाणा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंगाणा के वाणिज्य विभाग ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन से संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रदेश विवि शिमला द्वारा बीकॉम व एमकॉम की घोषित परीक्षाफल सूची में महाविद्यालय की छात्रा कनिका ने बी.कॉम प्रथम वर्ष में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर 11वीं मेरिट रैंक प्राप्त की है।

इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा कनिका का भव्य स्वागत किया गया। वाणिज्य विभाग का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम भी उल्लेखनीय रहा। बी.कॉम प्रथम वर्ष में 80 फीसदी से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, बी.कॉम द्वितीय वर्ष का परिणाम 96 फीसदी रहा, वहीं बी.कॉम तृतीय वर्ष और एम.कॉम (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर) में 100 फीसदी परीक्षाफल प्राप्त हुआ है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा, यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और महाविद्यालय के अनुशासित वातावरण का प्रतिफल है।



छात्रा कनिका का अध्यापकों और सहपाठियों ने मुंह मीठा करवाकर जोरदार स्वागत किया।

### आराध्यदेव ऋषि जमदग्नि, ऋषि पराशर व कंचन नाग के झील पहुंचने पर भक्तिमय हुआ माहौल

# दशौहर झील में आस्था की डुबकी

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**देवताओं ने किया शाही स्नान**



झील में आस्था की डुबकी लगाते श्रद्धालु।

**कुल्लू।** 14 हजार फुट ऊंची दशौहर झील में वीरवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जगत की भलाई के लिए दैवीय शक्तियां लेने जैसे ही आराध्यदेव ऋषि जमदग्नि व ऋषि पराशर व कंचन नाग 14 हजार फुट ऊंची दशौहर झील पहुंचे तो माहौल भक्तिमय हो गया और देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

देवताओं ने देव विधि पूर्वक सभी कार्य पूरे किए और शाही स्नान किया। देवताओं के साथ अन्य देवी देवताओं के प्रतिनिधि भी पवित्र झील पहुंचे। देवताओं के शाही स्नान करने के बाद ढाई हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र झील में आस्था की डुबकी लगाई। मीलों पैदल चलकर एक ही दिन में श्रद्धालु दशौहर में स्नान कर कुलंग देवालय पहुंचे।देवालय में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

### शाही स्नान कर देवता लौटे वापस

**दशौहर** में शाही स्नान कर दैवीय शक्तियां लेकर मनाली के उझी घाटी के आराध्यदेव ऋषि जमदग्नि व ऋषि पराशर व कंचन नाग वीरवार को अपने देवालय लौट आए हैं।

### झील में श्रद्धालुओं की रही सबसे अधिक भीड़

**ग्रामीण** जगदीश, ढाले राम, पूर्व चंद व घनश्याम ने बताया कि हालांकि हर दस साल बाद देवता दैवीय शक्तियां लेने दशौहर झील जाते हैं लेकिन इस बार श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि वीरवार को दशौहर झील में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। उन्होंने कहा कि दैवीय शक्तियां का ही परिणाम है कि बुधवार तक झमाझम बारिश होने के बाद वीरवर को घाटी में धूप खिली। उन्होंने बताया कि पल भर के लिए बारिश हुई लेकिन दिन भर धूप खुलने से राहत मिली। आराध्यदेव जमदग्नि ऋषि के गुर मंगल चंद ठाकुर व पराशर ऋषि के गुर इंद्र चंद्र ने बताया कि आराध्यदेव पवित्र दशौहर झील में शाही स्नान कर दैवीय शक्तियां लेकर लौट आए है।

# जनता को भ्रमित करना छोड़ दें विधायक : हेमराज



जानकारी देते बिजली महादेव मंदिर कमेटी के पूर्व सचिव हेमराज शर्मा।



संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश नेगी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

बिजली महादेव मंदिर कमेटी के पूर्व सचिव हेमराज शर्मा ने कहा है कि चनसारी पंचायत ने 2018 में तलोगी से पेछा के लिए प्रस्तावित रोपवे की एनओसी दी थी, लेकिन 2022 में देवता ने देववाणी में रोपवे का विरोध जताया जिसके बाद देवता के आदेशों का पालन करते हुए हमने भी इस रोपवे का विरोध जताया।

पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि हम देवनीति को मानते हैं और देवता का जो आदेश है वो हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि है विधायक जनता को भ्रमित करना छोड़ दें।

**कहा-पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाना बिलकुल गलत**

उन्होंने कहा कि यदि 900 मीटर दूरी कम हुई है तो पेड़ काटने की नौबत क्यों आई। इतने पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाना गलत है। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव जब नहीं चाहते तो फिर रोपवे नहीं लगेगा।

### कुल्लू में आज शांतिपूर्ण होगा प्रदर्शन : सुरेश नेगी

**बिजली** महादेव रोपवे किसी भी सूरत में नहीं लगने देंगे। यह बात वीरवार को बिजली महादेव संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश नेगी ने कही। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव संघर्ष समिति के साथ कुल्लू की जनता है और विकास के नाम पर अपने क्षेत्र का विनाश और देववाणी का अपमान कतई सहन नहीं होगा। वहीं, उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कुल्लू में बिजली महादेव रोपवे के विरोध में प्रदर्शन होगा लेकिन यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से होगा।

उन्होंने कहा कि बिजली महादेव को लोग पर्यटन स्थल नहीं बनाना चाहते। रोपवे के विरोध में होने वाले प्रदर्शन को कमजोर करने के लिए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, लेकिन आखिरी दम तक विरोध जारी रहेगा। वहीं, संघर्ष समिति के सदस्य एवं जिया पंचायत के प्रधान संजू पंडित ने कहा कि हम बिजली महादेव में देव आदेश के साथ हमेशा खड़े हैं और मरते दम तक इसका विरोध करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में बिजली महादेव रोपवे नहीं लगाने देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के योजना शुरू

**अनंत ज्ञान, कुल्लू ।** भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राज्य में ड्राइवर प्रशिक्षण अवसंरचना को सुदृढ़ करने और सड़क सुरक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र (डीटीसी) स्थापित करने के लिए योजना शुरू की गई है। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि इस योजना के तहत प्रत्येक ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र के लिए अधिकतम 2.50 करोड़ रुपए की एकमुश्त सहायता परियोजना लागत का 85 फीसद तक प्रदान का प्रावधान किया गया है। इसमें ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक का स्वचालन भी शामिल है, जिससे प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकों का समावेश संभव हो सकेगा। उपायुक्त ने कहा कि इस योजना के माध्यम से न केवल प्रशिक्षित ड्राइवरों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जिला के संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में इस योजना का प्रचार-प्रसार करने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं ताकि पात्र आवेदकों तक इसकी जानकारी उपलब्ध हो सके।

### 27 तक स्पीति प्रवास पर होंगी विधायक अनुराधा राणा

**अनंत ज्ञान, काजा।** जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा 25 से 27 जुलाई तक स्पीति प्रवास पर रहेंगे। विधायक 25 जुलाई को सायं 05 बजे ताबो और उसके पश्चात रात्रि 8:30 बजे काजा पहुंचेंगे। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अनुराधा राणा 26 जुलाई को सुबह 10 बजे रंगरिक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे और उसके पश्चात दोपहर 1:45 बजे खुरिक पहुंच कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का मुआइना करेंगे तथा न्यू सर्किट हाउस काजा में रात्रि ठहराव करेंगे। विधायक 27 जुलाई को प्रातः 11 बजे ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्र लंग्जा, हिक्किम और कॉमिक का निरीक्षण करेंगे तथा उसके पश्चात सायं 04 बजे चिचोंग पुल का भी निरीक्षण करेंगे और रात्रि ठहराव काज़ा में करेंगे।

### ठाकर चतुर्भुज मंदिर नग्गर में लगाया खीर का भंडारा



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ऐतिहासिक गांव नग्गर में चतुर्भुज मंदिर में खीर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांववासियों, भक्तजनों और हारियान मुजारियान ने महाराज के दर्शन किये व खीर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने पारंपरिक खीर पोली में रोटियां बनाई और भजन कीर्तन भी किया। मंदिर के कारदार विधि चंद एवं पूजारी राम चंद ने बताया कि यह खीर भंडारा जिसे लोकल बोली में (खीर पोली)कहते हैं पिछले 12 वर्षों से गांववासियों एवं भक्तों के सहयोग से करते आ रहे हैं। इसमें हर वर्ष आम जनमानस का सहयोग मिलता आ रहा है। इसलिए अब इसका आयोजन बड़े स्तर पर हो रहा है। इस बार इस आयोजन में ठाकर मुरलीधर चतुर्भुज मंदिर विकास कमेटी का भी सहयोग रहा, जिसके लिए कमेटी के सदस्यों एवं आम जनमानस का कारदार ने आभार जताया। उन्होंने कहा कि ठाकर मुरलीधर चतुर्भुज महाराज कोठी नग्गर के अधिष्ठाता देवता हैं और इनके हारियान और मुजारियान छह फाटियों के लोग हैं और महाराज की मुआफी हजारों बीघा भूमि है। उन्होंने कहा कि कमेटी के साथ मिलकर दोनों मंदिरों की व्यवस्था को पुरातन परंपराओं के साथ साथ नव निर्माण एवं दोनों मंदिर परिसरों मुरलीधर मंदिर ठाऊआ और चतुर्भुज मंदिर नग्गर का जीर्णोद्धार भव्य स्तर पर किया जाएगा।

### काजा में मोटरसाइकिलों की नीलामी अब 25 अगस्त को

**अनंत ज्ञान, काजा।** पुलिस उप-अधीक्षक काजा अनिल भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस विभाग स्पीति स्थित काजा द्वारा जिन तीन मोटरसाइकिलों की नीलामी 26 जुलाई, 2025 को प्रातः 11: 30 बजे पुलिस स्टेशन काजा के परिसर में की जानी थी, किन्हीं प्रशासनिक कारणों के कारण स्थगित कर दी गई है और अब यह नीलामी 25 अगस्त, 2025 को पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर ही की जाएगी।

# सात दिन वैदिक मंत्रों से गूंजा हिडिंबा मंदिर परिसर

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान



शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन माता से आशीर्वाद लेते लोग।

**मनाली।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हिडिंबा माता मंदिर में आयोजित सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ वीरवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न ही गया। सात दिन तक मंदिर परिसर वैदिक मंत्रों से गूंजा। समापन अवसर पर मंदिर परिसर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने अन्न ग्रहण किया।

दूर-दूर से आए लोगों ने माता हिडिंबा का आशीर्वाद लिया और सुख समृद्धि की कामना की। गौरतलब है कि 18 जुलाई को माता हिडिंबा के ढूंगरी स्थित मंदिर में शतचंडी महायज्ञ शुरू हुआ था। लगभग दस वर्ष के बाद मंदिर में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन हुआ। पांच दिनों तक मंदिर में शतचंडी पाठ किया गया। मंत्रों का जाम करने के बाद बुधवार और वीरवार को आहुतियां डाली गई। वीरवार को लगभग तीन बजे पूर्णाहुति हुई। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ और भंडारे का आयोजन किया गया। खास यह है कि शतचंडी महायज्ञ को सफल बनाने में ओल्ड मनाली और ढूंगरी गांव के ग्रामीणों ने सात दिन तक श्रमदान किया। अंतिम दिन सभी ग्रामीण श्रमदान करने मंदिर पहुंचे।

महायज्ञ में घाटी के कई देवी देवता विराजमान हुए। सात दिन तक सुबह और शाम के समय विधिवत पूजा के अलावा दोपहर में तीन बार आरती हुई। सात दिन तक 15 ब्राह्मणों ने मंदिर में शतचंडी पाठ किया। महायज्ञ में माता हिडिंबा, मनु ऋषि, कंचन नाग, शंख नारायण, कार्तिक स्वामी, सियाली महादेव, शांडिल ऋषि, वीरनाथ, वशिष्ट ऋषि, सृष्टि नारायण, फाली नाग, शिरघन नाग आदि देवो देवता भाग लिया। माता हिडिंबा एवं मनु ऋषि के कारदार रघुवीर नेगी ने बताया कि सात दिन महायज्ञ का आयोजन हुआ। आजपूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने अन्न ग्रहण किया और सुख समृद्धि की कामना की। महायज्ञ का आयोजन विश्व शांति के लिए किया गया।

# संकट की घड़ी में जनता से मुंह मोड़ रही कांग्रेस सरकार : शौरी

अनंत ज्ञान, बंजार



बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से उत्पन्न हालात तथा सरकार की निष्क्रियता पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में 'व्यवस्था परिवर्तन' का असली चेहरा सामने आ चुका है। बरसात के इस भीषण दौर में आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है, लेकिन सरकार और उसके प्रतिनिधि संकट की इस घड़ी में जनता की परेशानियों से मुंह फेर रही है।

विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि क्षेत्र की अधिकांश प्रमुख सड़कों पर भूस्खलन के कारण यातायात बाधित है, जबकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र सड़क संपर्क से पूरी तरह कट गए हैं। बिजली आपूर्ति भी लगातार तीन से चार दिन से बाधित है, और संबंधित विभाग बजट की कमी का बहाना बना रहा है। फल सीजन पूरे जोरों पर है, लेकिन सड़कों के बंद होने के कारण बागवानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अधिकांश फसलें सड़क बहाली की प्रतीक्षा में सड़ चुकी हैं। वहीं बंजार सब्जी मंडी की स्थिति इतनी बदतर है कि वहां कीचड़ से पांव रखना भी मुश्किल हो गया है।

विधायक शौरी ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की सरकार की तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार उसकी तुलना में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के प्रतिनिधि आज जनता से मुंह छिपाते घूम रहे हैं ।

### नितिश ठाकुर को सौंपी खराहल घाटी छात्र संघ की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू ।** खराहल छात्र संगठन की बैठक ढालपुर में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

इस मौके पर उपप्रधान ईशान विष्ट को चुना, चेयरमैन नितिन शर्मा को, वाइस चेयरमैन दीपक ठाकुर, सचिव अनामिका को, महासचिव राधिका को, सांस्कृति के हैड अकिंता और नवृति को चुना गया। यह सत्र 2025-26 कार्यकारिणी का भार संभालेंगे। वहीं नितिश ठाकुर को खराहल घाटी छात्र संघ की कमान सौंपी गई है। इस दौरान चुने हुए सदस्यों ने अपने कर्त्तव्यों को पूरी इमानदारी के साथ निभाने का पर्ण लिया है। इस दौरान नितिश ठाकुर का कहना है कि उनके द्वारा छात्रों की हर समस्या को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा ताकि छात्रों को कोई समस्या न हो।

# 'ट्रेनी भर्ती नीति' के विरोध में एबीवीपी कुल्लू का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, कुल्लू



एबीवीपी इकाई मांगों को लेकर प्रदर्शन करती हुई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई कुल्लू द्वारा आज प्रदेश सरकार की 'जॉब ट्रेनी' नई भर्ती नीति के विरोध में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह विरोध प्रदर्शन दोपहर 12:30 बजे राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में प्रिंसिपल ऑफिस के सामने संपन्न हुआ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई मंत्री मोनिका ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि परिषद ने इस नीति को युवाओं के साथ धोखा बताते हुए कहा कि 'जॉब ट्रेनी' जैसी अवधारणाएं शिक्षित युवाओं की योग्यता व सम्मान के विपरीत हैं।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर युवाओं को रोजगार देने के वादे करती है, वहीं दूसरी ओर उन्हें कम वेतन, अनुबंध आधारित और अस्थायी नियुक्तियों के सहारे भ्रमित किया जा रहा है।

### परिषद विभिन्न मांगें

**जॉब** ट्रेनी नीति को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए, सभी रिक्त पदों पर नियमित और स्थायी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाए,रोजगार नीतियों को पारदर्शी, स्पष्ट और भविष्य-निर्माण के योग्य बनाया जाए। परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सरकार इस विषय पर शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लेती, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेशभर में आंदोलन को और अधिक व्यापक और उग्र रूप देने के लिए बाध्य होगी।

# कुष्मांडा भवानी कुसुम्बा माता मंदिर के नवनिर्माण का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** आनी वाह्य सिराज क्षेत्र के प्रवेश द्वार लूहरी से लगभग 3 किलोमीटर आगे स्थित आदि शक्ति मां कुष्मांडा भवानी कुसुम्बा माता खेगसू के लंबे अरसे से लंबित नए भव्य एवं अलौकिक मंदिर के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ अब माता के आशीर्वाद और जागेश्वर महादेव के दिशा-निर्देश के साथ देव नीति के आधार पर विधिवत रूप से शुरू किया गया है। माता के आराधक एवं अनन्य भक्त अमर नयन शर्मा ने बताया कि वीरवार को विशेष पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चारण के साथ माता के नए मंदिर के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

**मंदिर निर्माण के शुभारंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद**

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रशासन की ओर से एसडीएम कुमारसैन मुकेश शर्मा तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी अरुण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने देव परंपरा के तहत मंदिर निर्माण प्रक्रिया में अपनी उपस्थिति से इसे और भी गरिमा प्रदान की।

जागेश्वर महादेव दलाश से पधारे देव प्रतिनिधियों में कारदर रमेश वर्मा. धनीराम, विनय कुमार भंडारी, चांद भंडारी, गुर अमन वर्मा , चुन्नीलाल, रूपी, रोहित, महंत स्वरूप वर्मा, पुजारी महेंद्र शर्मा,सदस्य टेकचंद हुकम चंद तथा तारा चंद आदि शामिल रहे। जबकि कुसुम्बा भवानी माता मंदिर के कारकुनों में कारदार अमरीश शर्मा, विद्या चंद, भंडारी हरदयाल, पुरोहित जीत गाहरी, पुजारी राजेश शर्मा, सदस्य अमर नयन शर्मा, मोहर सिंह, यशपाल, अतुल शर्मा व ग्राम पंचायत दलाश के प्रधान सत्येन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे। मंदिर निर्माण के इस शुभारंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। जिन्होंने इस ऐतिहासिक क्षण को आस्था-उल्लास और उत्साह के साथ साझा किया।

# बिजली महादेव रोपवे के समर्थन में उतरे महाराजा कोठी के जनप्रतिनिधि

अनंत ज्ञान, कुल्लू



महाराजा वैली के जनप्रतिनिधि जानकारी देते हुए।

बिजली महादेव रोपवे निर्माण को लेकर जहां बीते दिन व्यापार मंडल कुल्लू, सहित अन्य लोग समर्थन में आए थे वहीं, अब महाराजा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी इसका समर्थन किया है। वीरवार को महाराजा कोठी के जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों ने कुल्लू में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि हम बिजली महादेव रोपवे के पक्ष में हैं और विकास के साथ चलेंगे। इस मौके पर बाराहार पंचायत के पूर्व प्रधान सुखराम ने कहा कि रोपवे के लिए हम विकास के साथ हैं। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव रोपवे के नाम पर राजनीति की जा रही है। समझ से परे है कि कुछ चंद लोग इसके विरोध में क्यों उतर आए हैं, जबकि रोपवे के लगने से पर्यटन को पंख लगेंगे और यहां के लोगों को फायदा मिलेगा।

इस दौरान उनके साथ इशरा ठाकुर प्रधान संघ अध्यक्ष, निर्मला देवी प्रधान बल्ह-2, देवी सिंह प्रधान बल्ह, नीलम शर्मा प्रधान खड़ीहार, हर्षा ठाकुर प्रधान जरढ, भुनेश्वर प्रधान पीज, मोहर सिंह प्रधान बुआई, पूर्व प्रधान बल्ह विजयेंद्र, वार्ड पंच वल्ह सुभाष ठाकुर, हुकम सिंह प्रधान राफ्टिंग संघ कुल्लू भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि रोपवे में महादेव की एक भी इंच भूमि नहीं लग रही है और यह रोपवे बिजली महादेव से 900 मीटर नीचे लग रहा है। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार के धन्यवादी हैं, जिन्होंने कुल्लू के लिए बड़े-बड़े प्रोजेक्ट दिए हैं जिससे यहां के पर्यटन को पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि रोपवे का राजनीतिकरण किया जा रहा है जोकि गलत है।

### कारदार संघ रोपवे विरोध में नहीं होगा शामिल

**कुल्लू** में बिजली महादेव रोपवे निर्माण के विरोध में प्रदर्शन होगा। इस प्रदर्शन में बिजली महादेव संघर्ष समिति सहित खराहल व जिला के विभिन्न क्षेत्रों से लोग शामिल होंगे, लेकिन कुल्लू जिला कारदार संघ रोपवे के विरोध में हो रहे प्रदर्शन में शामिल नहीं होगा। यह बात जिला कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ने कही है। उन्होंने कहा कि देवता के आदेश का हम सम्मान करते है, लेकिन पहले देवता के समक्ष जाकर इस बारे में राय ली जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल अभी जिला कारदार संघ इस प्रदर्शन में शामिल नहीं होगा।

# हादसों को न्योता दे रहा दुआड़ चौक पुलिस से ठोस कदम उठाने की मांग

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग-3 पर स्थित दुआड़ चौक आजकल हादसों का चौक बनता जा रहा है। पांच दिशाओं से सड़कों के मिलन बिंदु पर बना यह चौक यातायात अव्यवस्था और प्रशासनिक अनदेखी का शिकार है। जनहित मंच से जुड़े टेढ़ी सिंह, विजय, रमेश शर्मा, प्यारे चंद और घनश्याम कपूर ने इस समस्या को लेकर पुलिस थाना पतलीकूहल प्रभारी से मुलाकात की और ठोस व्यवस्था की मांग की।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग के निर्माण के दौरान एनएचएआई ने दुआड़ चौक पर ट्रैफिक नियंत्रण या पैदल यात्रियों के लिए किसी भी प्रकार की सुरक्षित पार व्यवस्था नहीं की है। खासकर मनाली से आने-जाने वाले तेज रफ्तार वाहनों के कारण चौक पार करना खतरनाक हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह चौक अब एक व्यस्त बाजार और बस स्टॉप के रूप में विकसित हो गया है। यहां पर हर समय सवारियों और वाहनों की भीड़ लगी रहती है।

बसें गांव की ओर जाने वाली संकरी सड़क के सामने खड़ी की जाती हैं, जिससे न केवल यातायात जाम होता है, बल्कि राहगीरों को जान जोखिम में डालकर रास्ता पार करना पड़ता है। जनहित मंच ने मांग उठाई है कि चौक से कुछ दूरी पर बस ठहराव के लिए निश्चित स्थान चिन्हित कर वहां साइन बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी बसें वहीं रुकें। ट्रैफिक पुलिस की निगरानी में बस चालकों को निर्देशित किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों ने चेताया कि कोई समाधान नहीं निकाला गया तो बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

**सलाह** — बागवानों को सलाह, पक्का हुआ सेब और भरी पेटी लाएं मंडी

# खेगसू मंडी में सेब सीजन चरम पर, दामों में उछाल

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** लुहरी के खेगसू स्थित सेब एवं फल मंडी में इन दिनों सेब का सीजन पूरे चरम पर है। आनी, निरमंड क्षेत्रों के जाबन, कुंगश, कराणा, दलाश, निथर, दुराह, सराहर के अलावा मंडी जिला के करसोग खंड के छतरी, तेबन, सराहन, अश्ला, गवालपुर, महोग, सहित शिमला और किनौर जिला का सेब बिकने को आता है।

**बरसात में तुड़ान रुकने से मंडी रही नरम**

**लापरवाही से गिर रहा मंडी का भाव**

हालांकि बरसातों में रास्ते बंद होने और तुड़ान रुकने के कारण दो चार दिन मंडी नरम रही, लेकिन अब फिर से तेजी है। खेगसू सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान कर्म चंद ठाकुर ने बताया कि मंडी में बागवानों की इच्छानुसार सेब की बिक्री दो रूपों में हो रही है दर में और गढ़ में। दर में बिकने वाले अच्छे रॉयल सेब के दाम 2200 से 2800 रुपए प्रति पेटी तक जा रहे हैं, जबकि गढ़ में बिकने वाले सेब का दाम 2000 से 2500 रुपए प्रति पेटी के बीच है।



खेगसू सब्जी मंडी में रॉयल सेब की बोली लगाते हुए

### बागवान कच्चे सेब को पहुंचा रहे मंडी

कर्म चंद ठाकुर ने खेद जताते हुए कहा कि बहुत से बागवानों द्वारा सेब के दाम सुनकर कच्चा सेब मंडी तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा सेब की पेटी कम भरी जा रही है। फलस्वरूप बची हुई जगह दब रही है, जिसे देश के अन्य कोनों तक पहुंचाने के समय सेब दागी हो रहा है। जिसका सीधा असर सेब के बाजार भाव पर पड़ता है। फलस्वरूप सेब के दाम गिर रहे हैं। उन्होंने सभी बागवानों को सलाह दी है कि सेब को अच्छी तरह तैयार होने दें। इसके अलावा सभी बागवान सेब की पेकिंग पर भी ध्यान दें, सेब की पेटी खासकर यूनिवर्सल कार्टन सरकार ने बड़े सोच समझकर बनाया है और उसका सही इस्तेमाल कर ही सेब की पेटी को पूरा भरें , ताकि आपका सेब भी अच्छे दामों पर बिके।

# पतलीकूहल अस्पताल में सुविधाएं शून्य : गोविंद ठाकुर

अनंत ज्ञान, मनाली

कुल्लू मनाली का केंद्र बिंदु कहा जाने वाला पतलीकूहल का सरकारी अस्पताल खुद बेहाल है। व्यवस्था की लाचारी का शिकार यह अस्पताल मात्र दो चिकित्सकों के सहारे चल रहा है। अब स्थानीय विधायक की अध्यक्षता में हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक में स्थानीय जनता पर और बोझ डाल दिया गया है । स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार पर अनदेखी का आरोप लगते हुए ये शब्द पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर ने कहे ।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्थाई सफाई कर्मचारी से लेकर मरीजों को अस्पताल में मिलने वाले निःशुल्क खाने की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि पतलीकूहल में अस्पताल के लिए जमीन से लेकर बिल्डिंग तक की व्यवस्था भाजपा सरकार के कार्यकाल में की गई है लेकिन सरकार अब इस अस्पताल की व्यवस्था भी नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सफाई कर्मचारी, फार्मासिस्ट और दो चिकित्सकों से अलावा अन्य चिकित्सकों की सेवाएं भी डेप्युटेशन पर ली जाती हैं ।

सरकार के विधायक के गृह क्षेत्र में यह अस्पताल है लेकिन जब से ये अस्पताल शुरू हुआ है तब से अब तक इसकी दशा बद से बदतर होती जा रही है।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में एक डेंटिस्ट की पोस्ट होने के बावजूद डेंटल ट्रीटमेंट से संबंधित समान न होने के चलते चिकित्सक को पिछले काफी समय से कुल्लू में सेवाएं देनी पड़ रही हैं। गोविंद ठाकुर ने कहा कि न तो अस्पताल का प्रसूति कक्ष सुचारू है और न ही अस्पताल में कोई एक्सरे मशीन उपलब्ध है ।

## न्यूज ब्रीफ

### सहकारी बैंक ने दी डिजिटल बैंकिंग की जानकारी

अनंत ज्ञान, राजगढ़। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की शाखा यशवंत नगर के सौजन्य से कोटी पधोग में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सहायक कार्यकारी अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को वित्तीय सेवाओं, बचत की आदतों और बीमा योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, बचत योजनाएं, ऋण सुविधाएं एवं बैंक द्वारा दी जा रही अन्य डिजिटल सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ओम प्रकाश ने बताया कि केवल 330 रुपए सालाना प्रीमियम पर जीवन ज्योति बीमा योजना में 2 लाख तक का बीमा लाभ मिलता है, जबकि 12 रुपये सालाना प्रीमियम पर सुरक्षा बीमा योजना में भी 2 लाख का लाभ दिया जाता है। उन्होंने लोगों से डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग व ऑनलाइन लेन-देन के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जानकारी दी और साइबर धोखाधड़ी से बचने की सलाह दी।

### कार से पुलिस ने अवैध शराब की बरामद

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। पुलिस थाना बागा के तहत बागा के शालुघाट के समीप वाहनों की जांच के दौरान एक कार से पुलिस ने अवैध शराब बरामद की है। आरोपी की पहचान मनोज कुमार निवासी गांव ह्वाणी कोल (कंधर) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक सफेद रंग की मारुति कार में 24 बोतलें शराब संतरा बरामद की हैं। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गणना प्रपत्र से करें अपने नाम का सत्यापन : उपायुक्त

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि कोई भी बिहार के निर्वाचक जो हिमाचल में अस्थाई रूप से रह रहे हो, वे निर्वाचक नामावली में अपना नाम का सत्यापन ऑनलाइन अथवा परिवार के सदस्यों के सहयोग से गणना प्रपत्र भरकर कर सकते है। प्रारूप निर्वाचक नामावली 1 अगस्त, 2025 को प्रकाशित की जाएगी तथा दावे व आपत्ति की अवधि 1 अगस्त से 1 सितम्बर, 2025 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 25 जुलाई, 2025 तक गणना प्रपत्र प्राप्त किए जाने है।

### कंडाघाट कॉलेज में करियर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट। कंडाघाट कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ और करियर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से 'आज लाइफ ऑडिट' व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता तहसील कल्याण अधिकारी कंडाघाट कर्ण पाठक मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा कि वे पांच वर्ष बाद आप अपने को कहां देखते है? इसका आत्म विश्लेषण सभी जरूर करें। इस व्याख्यान से विद्यार्थियों ने रोजगार के विभिन्न अवसरों के साथ सरकार के नियुक्त करवाए जा रहे कोर्स की जानकारी प्राप्त की। प्रतिस्पर्धा के युग में आज लाइफ स्किल्स सीखते हुए, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। प्राधानाचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया सहित आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. हरिंद्र लाल, करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. मालविका शर्मा ने भी इस विषय में जागरूक किया। इस मौके पर कॉलेज का शैक्षणिक, गैरशैक्षणिक स्टॉफ और 180 विद्यार्थी मौजूद रहे।

### निर्वाचन क्षेत्रों को पुनः अधिसूचित करने के दिए आदेश

अनंत ज्ञान, नाहन। उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने नई पंचायत समिति दढ़ाहु के गठन के उपरांत प्रभावित पंचायत समिति नाहन, पांवटा साहिब तथा संगड़ाह के निर्वाचन क्षेत्रों तथा जिला परिषद के वार्ड सं0 1,2,8,9,10,11 व 13 का पुनः परिसीमन किए जाने के आदेश जारी किए है। आदेशों में बताया गया कि नई पंचायत समिति दढ़ाहु के गठन हेतु विकासखंड नाहन की 11, पांवटा साहिब की 7 और संगड़ाह की 7 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। उपायुक्त ने उप मंडलाधिकारी नाहन, पांवटा साहिब व संगड़ाह को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आने वाली पंचायत समितियों के निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) का निर्धारित मापदंडों के अनुसार पुनः परिसीमन हेतु प्रारूप प्रकाशित कर 5 अगस्त, 2025 तक आक्षेपों का निपटारा करने के आदेश दिए गए है। इसके अतिरिक्त उप मंडलाधिकारी नाहन को पंचायत समिति नाहन के साथ-साथ पंचायत समिति दढ़ाहु के निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन विहित अवधि में पूर्ण करने के आदेश भी दिए गए है।

### बेरोजगार युवाओं से हो रहा छलावा : रीना

अनंत ज्ञान, राजगढ़। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई नई जॉब ट्रेनी स्कीम को लेकर पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और सरकार के इस फैसले को प्रदेश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ एक बड़ा अन्याय बताया है। रीना कश्यप ने कहा कि सरकार ने अनुबंध भर्ती नीति को खत्म कर जिस जॉब ट्रेनी स्कीम को लागू किया है, वह युवाओं को स्थायी रोजगार से दूर करने का प्रयास है। दो साल तक कम वेतन पर नौकरी करने के बाद भी युवाओं को रेगुलर होने के लिए एक और टेस्ट देना होगा, जो पूरी तरह से शोषण है। विधायक ने आरोप लगाया कि यह नई नीति युवाओं की मेहनत और प्रतिभा को अनदेखा करती है और



इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ढाई वर्ष के कार्यकाल में जनविरोधी निर्णय लेने के अतिरिक्त कुछ नहीं किया है और इस निर्णय द्वारा युवाओं को रोजगार नहीं बल्कि असुरक्षा दी जा रही है। रीना कश्यप ने कहा कि यह फैसला यह दर्शाता है कि राज्य सरकार रोजगार देने के बजाय अस्थायी व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने पूछा कि जब कोई अभ्यर्थी पहले ही प्रतियोगी परीक्षा पास कर चुका होता है, तो उसे दोबारा टेस्ट की बाध्यता क्यों? रीना कश्यप ने कहा कि जहां एक ओर केंद्र सरकार पारदर्शिता और स्थायित्व के सिद्धांतों पर नौकरियों को बढ़ावा दे रही है, वहीं हिमाचल सरकार युवाओं को 'ट्रेनिंग' के नाम पर ठगने की नीति अपना रही है। विधायक रीना कश्यप ने प्रदेश सरकार से इस नीति पर पुनर्विचार करने और युवाओं को पहले की तरह अनुबंध या रेगुलर पदों पर नियुक्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा सत्र में वह इस मुद्दे को मजबूती से उठाएंगी और जनहित में सरकार से जवाब मांगेंगी।

---

सोलन के वार्ड नंबर 10 में पेयजल व्यवस्था के लिए नई पाइप लाइन बिछाने को लेकर विवाद

# सड़क से हटाए जाएंगे पेवर ब्लॉक

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

सोलन। शहर में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए टैंक रोड से शहर की तरफ तीन नई लाइन बिछाने के कार्य को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों सहित वार्ड पार्षद ने इस बात का विरोध जताया कि पाइप लाइन बिछाने के लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए पेवर को हटाया जाएगा। साथ ही काम पूरा होने तक सड़क को बंद रखने के निर्णय को लेकर भी रोष प्रकट किया।

पाइप लाइन बिछाने के कार्य का निरीक्षण करने पहुंची मेयर उषा शर्मा और निगम अधिकारियों की मौजूदगी में पार्षद ईशा पराशर और स्थानीय लोगों ने अपना विरोध प्रकट किया। हालांकि अधिकारियों ने लोगों के अवगत करवाया कि पाइप लाइन बिछाने के साथ दोबारा पेवर लगाए जाएंगे। वहीं लोगों ने तीन ठेकेदारों को आवंटित कार्य को एक साथ निपटाने की मांग की, ताकि समय रहते यह कार्य पूरा हो।

वार्ड नंबर 10 के फॉरेस्ट रोड पर जल शक्ति विभाग द्वारा तीन पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए तीन अलग-अलग टेंडर जारी किए गए हैं। यह रोड हाल ही में पार्षद ईशा पराशर के प्रयासों से



पाइप लाइन बिछाने के कार्य के निरीक्षण के दौरान पार्षद और अधिकारियों से बात करती मेयर।

**सड़क को बंद किए जाने का लोगों ने किया विरोध**

**सड़क बंद होने से टमाटर और नकदी फसलों के सीजन पर पड़ेगा असर**

टाइल्स बिछाकर सुंदर बनाया गया था, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली थी। लेकिन अब तीन अलग-अलग ठेकेदारों द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए रोड को तोड़ने से स्थानीय लोगों में भारी निराशा और आक्रोश है। पार्षद ने मौके का दौरा कर नगर निगम के एसडीओ और जल शक्ति विभाग के एसडीओ सहित मेयर के समक्ष अपना पक्ष रखा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे न केवल उनकी परेशानी बढ़ेगी, बल्कि सरकारी धन का भी दुरुपयोग होगा।

आईपीएस के एसडीओ ने आश्वासन दिया कि तीनों ठेकेदारों से एक साथ काम करवाया जाएगा, जिससे सड़क को बार-बार तोड़ने की आवश्यकता नहीं होगी। स्थानीय लोगों ने रोड को बंद करने के प्रस्ताव का विरोध किया क्योंकि साथ लगते गांव सेरी और डमरोग में टमाटर और नगदी फसलों का सीजन है और इससे उनकी आजीविका पर असर पड़ेगा।

**समस्या के समाधान के लिए उचित योजना जरूरी**

पार्षद इशा पाराशर और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश सूद ने बताया कि हाल ही में इस रोड की व्यवस्था सुधरी है, लेकिन अब इस टेंडर की वजह से कुछ समय तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए उचित योजना बनाई जानी चाहिए।

**रात को बंद रहेगी सड़क**

मेयर उषा शर्मा ने कहा कि सोलन में पानी की समस्या से निजात दिलाने के टैंक रोड में नया टैंक का निर्माण होने के साथ तीन मुख्य पाइप लाइनबिछाने का कार्य शुरू हो गया है। इसको लेकर मौके का निरीक्षण किया गया। साथ ही लोगों का पक्ष भी सुना गया। कार्य की प्रगति के लिए रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक वाहनों की आवाजाही बंद रखने का निर्णय लिया गया। काम में बाधा डालने पर नगर निगम कार्रवाई करेगा। यह पाइपें मैंन टैंक से जवाहर पार्क, मोहन पार्क, कथेड़ तक बिछाई जाएगी।

---

# विमल नेगी मौत मामले में सरकार ने खोया जनता का भरोसा : सूरत

अनिल नेगी, अनंत ज्ञान



जानकारी देते हुए सूरत नेगी व अन्य।

रिकांगपिओ। विमल नेगी मौत मामले में एक नया मोड़ आ गया है। इस मामले के आरोपी देसराज को, जो फिलहाल जमानत पर बाहर है, प्रदेश सरकार ने चीफ इंजीनियर, विद्युत विभाग के पद पर पदोन्नत कर दिया है। इस फैसले पर किनौर भाजपा ने कड़ा विरोध जताया है, जिसके नेता सूरत नेगी ने आज रिकांगपिओ में प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक पर गंभीर आरोप लगाए।

इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में देसराज को आरोपी बनाया गया था। आरोपों के बाद देसराज को उनके पद से निलंबित कर दिया गया था। हालांकि, यह मामला अभी सीबीआई जांच के अधीन है और न्यायालय ने देसराज को अभी तक निर्दोष घोषित नहीं किया है। इसके बावजूद, बीते कल प्रदेश सरकार ने देसराज को चीफ इंजीनियर के पद पर तैनात कर दिया, जिससे भाजपा ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं।

सूरत नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक ऐसे व्यक्ति को पदोन्नति दी है जो अभी भी आरोपी है, और इससे सरकार ने प्रदेश की जनता और विमल नेगी के परिवार का भरोसा खो दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि किनौर के विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने इस पूरे मामले में विमल नेगी के परिवार का साथ छोड़ दिया है और केवल सरकार व अधिकारियों को बचाने का प्रयास किया है।

सूरत नेगी ने यह भी दावा किया कि मंत्री जगत सिंह नेगी ने विमल नेगी मौत मामले में छुट्टी पर भेजे गए एसपी शिमला के पदोन्नति के लिए सिफारिश की थी, लेकिन देसराज के प्रमोशन पर वे चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जगत सिंह नेगी शिमला में बैठकर केवल पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा संगठन पर टिप्पणी करते रहते हैं, जबकि विकास कार्यों में उनका योगदान शून्य है।

---

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए हिमुडा बनाएगा आशियाना

महेंद्र वर्मा, अनंत ज्ञान

परवाणू। हिमुडा द्वारा हाल ही में अवैध कब्जाधारियों से सरकारी भूमि को खाली कराया गया है। इस दौरान परवाणू थाना के नजदीक बनी अवैध झुग्गियां भी हटाई गई थी। अब हिमुडा द्वारा उस स्थान पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए मकान बनाने का प्रस्ताव रखा गया है जिसके लिए हिमुडा ने नगर परिषद से उस स्थान से विस्थापित आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सूची की मांग की है। यह मकान हिमुडा द्वारा परवाणू थाने के पास से विस्थापित लोगों को प्राथमिकता से दिए जाएंगे। हिमुडा ने नगर परिषद से उन लोगों की सूचि की मांग की है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं तथा मकान लेने की इच्छुक है।

हिमुडा परवाणू के अधिशाषी अभियंता गिरीश शर्मा ने बताया कि इस जमीन पर गरीबों के लिए मकान बनाए जाएंगे तथा इन मकानों के लिए यहां से विस्थापित हुए लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया की यह मकान गरीब वर्ग का कोई भी व्यक्ति ले सकता है जिसके लिए उसे नगर परिषद में आवेदन करना होगा।

---

# पूनम नंदा सी-पॉजिटिव पुरस्कार से सम्मानित

अनंत ज्ञान, सोलन

शूलिनी विश्वविद्यालय में सस्टेनेबिलिटी और कम्युनिटी एंगेजमेंट की निदेशक पूनम नंदा को राइजिंग इंडिया फाउंडेशन और टेक्सास स्कूल ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा प्रतिष्ठित सी-पॉजिटिव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार तीन बार कैंसर से जूझने के बाद उनके असाधारण साहस और कैंसर से जूझते हुए प्रारंभिक पहचान और मानसिक शक्ति के बारे में जागरूकता फैलाने के उनके निरंतर प्रयासों को मान्यता देता है। सी-पॉजिटिव पुरस्कार एक अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य समाज में कैंसर के प्रति दृष्टिकोण को बदलना है। पारंपरिक रूप से भय और उदासी पैदा करने वाले शब्द के रूप में देखे जाने वाले 'सी' अक्षर को अब करुणा, आराम, देखभाल, साहस और आत्मविश्वास का प्रतिनिधित्व करने के लिए पुनर्परिभाषित किया गया है।





कैंसर की जागरूकता के लिए पुरस्कार हासिल करती पूनम नंदा और अन्य।

नंदा को न केवल उनकी व्यक्तिगत शक्ति के लिए, बल्कि दूसरों को प्रेरित करने के उनके निरंतर कार्य के लिए भी सम्मानित किया गया।

जागरूकता फैलाने, समय पर निदान को प्रोत्साहित करने और जरूरतमंदों की मदद करने के उनके समर्पण ने, खासकर उन महिलाओं पर गहरा प्रभाव डाला है जो अक्सर इलाज में देरी करती हैं।

---

# सोलन में चक्की मोड़ भोजनगर सड़क धंसी

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रहे भूस्खलन से कई प्रमुख सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यात्रियों और स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोलन जिले में चक्कीमोड़-भोजनगर सड़क, खासकर तडोल के पास, पूरी तरह से धंस गई है।

इस वजह से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लगभग 30 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। यह सड़क सिरमौर जिले की सीमा से लगती है और 12 पंचायतों के लोग इसी सड़क का उपयोग करते हैं।

---

# कारगिल विजय दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। 'मेरा गांव मेरा देश एक सहारा' संस्था द्वारा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पांवटा साहिब में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने बताया कि यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

रक्तदान को महादान बताते हुए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस पुण्य कार्य में भाग लेने की अपील की है। इस पहल का उद्देश्य न केवल देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देना है, बल्कि जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराकर मानव सेवा भी करना है।

---

# 'जॉब ट्रेनी' नीति के विरोध में एबीवीपी सोलन ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, सोलन



सोलन में धरना प्रदर्शन करते एबीवीपी सोलन के कार्यकर्ता।

प्रदेश सरकार द्वारा नई भर्तियों के तहत युवाओं को 'जॉब ट्रेनी' के रूप में नियुक्त करने की नीति के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोलन इकाई ने प्रदर्शन किया।

परिषद ने इस नीति को युवाविरोधी, शोषणकारी और अस्थायी रोजगार का प्रतीक बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। धरने का नेतृत्व कर रहे परिषद अध्यक्ष हिमांशु ने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी पदों पर 'ट्रेनी' के नाम पर नियुक्तियां करना न केवल युवाओं के अधिकारों का हनन है, बल्कि यह रोजगार के नाम पर धोखा भी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार निर्णय को वापस नहीं लेती, तो विद्यार्थी परिषद प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगी।

---

# 'जॉब ट्रेनी भर्ती' का निर्णय वापस ले सरकार

अनंत ज्ञान, बद्दी



कॉलेज प्राचार्य को मांगपत्र सौंपते हुए इकाई के सदस्य।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामशहर इकाई ने रोजगार व शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों की लगातार हो रही अनदेखी के विरोध में कॉलेज प्राचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री को 8 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। मांग पत्र में जिन प्रमुख मांगों को उठाया गया, उनमें मुख्य रूप से 'जॉब ट्रेनी भर्ती' के निर्णय को वापस लेना छात्र संघ चुनावों की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने नई भर्ती प्रक्रिया के तहत अब सभी नई नियुक्तियां 'जॉब ट्रेनी' के रूप में करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत चयनित युवाओं को दो साल तक केवल प्रशिक्षु के रूप में काम करना होगा।

इस अवधि में उन्हें नियमित सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलेगा और न ही सीसीएस, सीसीएल, पेंशन, अवकाश जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। दो साल बाद फिर से परीक्षा पास करने पर ही नियमित नियुक्ति होगी।

यह नीति प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ा झटका है। पहले ही हिमाचल में बेरोजगारी दर लगातार बढ़ रही है, प्रतियोगी परीक्षाओं में वर्षों की मेहनत करने वाले युवाओं को स्थाई रोजगार मिलने की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने स्थाई पदों को खत्म कर अस्थाई व्यवस्था थोप दी। इससे युवाओं को आर्थिक असुरक्षा झेलनी पड़ेगी, परिवारिक जिम्मेदारियां निभाना मुश्किल होगा और भविष्य अनिश्चित रहेगा।

---

# सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने पर कार्रवाई की मांग

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

अर्की। उपमंडल अर्की में गत दिनों तहसीलदार अर्की के विरुद्ध एक व्यक्ति द्वारा वायरल किए गए वीडियो एवं उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अर्की नंबरदार यूनियन ने प्रधान जगत राम तनवर की अगुवाई में एसडीएम अर्की के द्वारा उपायुक्त सोलन को ज्ञापन दिया गया।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते नंबरदार यूनियन के सदस्य।

अर्की नम्बरदार यूनियन प्रधान जगत राम तनवर ने बताया कि उक्त व्यक्ति ने जो एक कार्य पर आरूढ़ अधिकारी से अभद्र व्यवहार किया व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई वह असहनीय है। उनका कहना है कि उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से उपायुक्त सोलन से मांग की है कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, अभद्र व्यवहार व एक प्रतिष्ठित अधिकारी की प्रतिष्ठा को वीडियो जारी कर धूमिल करने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

इस मौके पर नंबरदार यूनियन प्रदेश के संयोजक भीम सिंह ठाकुर व जिला नम्बरदार यूनियन सोलन के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में जिला नंबरदार यूनियन तहसील अर्की यूनियन के हर निर्णय के साथ है। उन्होंने कहा कि वह अर्की यूनियन के निर्णय की भविष्य में कोई अन्य व्यक्ति इस प्रकार का कार्य न कर सके साथ है।

---

# पुलिस ने 25 नशीले कैप्सूल सहित युवक किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नाहन

पांवटा साहिब पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है। सूचना के अनुसार, आरोपी बंटू पुत्र दलेल सिंह, गांव व डाकघर गोरखुवाला खाली प्लॉट में खड़ा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया और जब बैग की तलाशी ली तो उसमें से मार्का वी प्लस वी केयर के कुल 25 कॉफी कलर के खुले कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस थाना पांवटा साहिब में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और मामले की जांच जारी है।

जिला सिरमौर के पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

---

# छात्रा से छेड़छाड़ मामले पर की नारेबाजी

अनंत ज्ञान, नाहन। एक शैक्षणिक संस्थान की छात्रा से छेड़छाड़ मामले में छात्र संगठन तल्ख हो गए हैं। नाहन कॉलेज में एनएचयूआई और एसएफआई ने घटना की निंदा करते हुए जोरदार नारेबाजी की। साथ ही घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एनएयूआई जिलाध्यक्ष मनदीप ठाकुर ने कहा कि कॉलेज में छात्राओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए। उधर, एसएफआई ने भी नाहन कॉलेज में नारेबाजी कर रोष जताया है।

---

**समस्या** — अवैध डंपिंग से प्राकृतिक नाले और जल स्रोत हो रहे दूषित

# सैंज गांव में कूड़े की डंपिंग से लोग नाराज

अनंत ज्ञान, सोलन

विकास खंड सोलन के तहत आने वाली पंचायत सन्होल के तहत सैंज गांव के ग्रामीणों को कूड़े से खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां पर पंचायत ने शूलिनी यूनिवर्सिटी और एलआर इंस्टिट्यूट से निकल रहे कूड़े का कलेक्शन सेंटर बनाया है। समय पर कूड़ा नहीं उठने से यहां हमेशा गंदगी का आलम रहता है।

वहीं शैक्षणिक संस्थानों की तरफ से की जा रही अवैध डंपिंग से प्राकृतिक नाले और जल स्त्रोत दूषित हो रहे हैं। इससे सैंज गांव के लोग खासे नाराज है। इसको लेकर पंचायत प्रधान को मांग पत्र भी सौंपा गया है। साथ ही जिला प्रशासन से भी गांव के नजदीक सरकारी जमीन पर कूड़े की डंपिंग रोकने की मांग की है।



पंचायत प्रधान के समक्ष अपना पक्ष रखती सैंज गांव की महिलाएं।

**लोगों ने कहा-नहीं बनने देंगे कलेक्शन सेंटर**

**ग्रामीणों को दिक्कतों का करना पड़ता है सामना**

जानकारी के मुताबिक गांव के नजदीक सरकारी जमीन पर शैक्षणिक संस्थानों का कूड़ा कलेक्शन सेंटर बनाने की योजना है। यहां से समय पर कूड़ा नहीं उठाए जाने से यहां बंदरों और कुत्तों का जमावड़ा रहता है।

इससे स्कूल जाने वाले बच्चे असुरिक्षत है। सैंज गांव के सुनील कुमार, सुनीता देवी और कांता देवी बताते हैं कि यहां फैली गंदगी से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

पंचायत यहां कूड़ा कलेक्शन सेंटर बनाना चाहती है। जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं।

---

# सुमित सिंगला 'वर्ल्ड बुक ऑफ अवार्ड यूके लंदन' द्वारा सम्मानित



अनंत ज्ञान, बद्दी। देश की विश्व प्रसिद्ध दवा निर्माता कंपनी क्योरटेक के सीईओ सुमित सिंगला को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड यूके के पंजाब और चंडीगढ़ रीजन के अध्यक्ष जसबीर सिंह ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड ऑफ यूके के प्रतिष्ठित अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। सुमित सिंगला को यह अवार्ड विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में अग्रिम पंक्तियों में रहकर कार्य करने और औद्योगिक जगत में शानदार कार्यों के चलते प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 से शुरू किए गए क्योरटेक ग्रुप ने गत 21 वर्षों में विश्व स्तर के मानकों पर दवा निर्माण के साथ साथ विभिन्न सामाजिक कार्यों जिनमें रक्तदान शिविर, 3 लाख से अधिक पौधरोपण, आपदा में मुख्यमंत्री राहत कोष में सहायता के साथ आवश्यकता का सामान पीड़ितों को भेजने के कार्यों जैसे कार्यों में हिस्सा लिया।

---

# कैंसर पीड़ित की मदद के लिए हेल्पिंग पीपल संस्था ने बढ़ाए हाथ

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

**परिवार की सहायता के लिए लोगों से की अपील**

अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था ने हनुमान बड़ोग पंचायत के कोटला गांव में कैंसर पीड़ित केशर सिंह इश्रू के परिवार से मुलाकात की और उनकी सहायता के लिए आगे आई। संस्था के अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने बताया कि केशर सिंह एक गरीब परिवार से संबंध रखता है और पेशे से ड्राइवर है। वह ट्रक चलाकर अपने परिवार का पेट पाल रहा था, लेकिन कैंसर जैसी बीमारी से पीड़ित होने के कारण परिवार की आजीविका पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है।

केशर सिंह के परिवार में उनकी पत्नी और छोटी बेटियां हैं, जो अभी शिक्षा प्राप्त कर रहीं हैं। संस्था ने केशर सिंह के परिवार को दवाइयों के लिए 5100 रुपए की सहायता प्रदान की और उनके इलाज के लिए अन्य प्रकार की सहायता करने का आश्वासन दिया। संस्था के संगठन महामंत्री संतोष शुक्ला ने बताया कि घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य असहाय अवस्था में है, पत्नी सेवा में दिन-रात जुटी है और बच्चे अभी छोटे हैं। संस्था ने समाज के सभी सक्षम लोगों से अपील की है कि इस परिवार की सहायता के लिए आगे आएं, ताकि वे इस कठिन समय से उबर सकें।

संस्था ने सभी देवी-देवताओं से प्रार्थना की है कि केशर सिंह को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले और परिवार सामान्य जीवन की ओर लौट सके। मानवीय संवेदना से प्रेरित इस प्रयास की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। इस मौके पर पूर्व धुन्दन जिला परिषद सदस्य डॉ. ओम प्रकाश गौतम, मीडिया और प्रेस सचिव आसिफ चौधरी, संस्था के सदस्य कपिल देव और नरेश ठाकुर साथ मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हेरोइन तस्करी का मास्टरमाइंड पंजाब से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** हेरोइन तस्करी के मामले की जांच कर रही क्राइम ब्रांच टीम ने अब तक फरार चल रहे गिरोह के मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित को गुरुवार को पंचकूला कोर्ट में पेश करके तीन दिन का रिमांड लिया गया है। इस केस में अब तक कुल पांच आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। गुरुवार को पंचकूला के एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि बीती नौ फरवरी को पुलिस टीम ने पंजाब के ढकौली निवासी रोहित को 9.56 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद सिलसिलेवार जांच के दौरान खड़ग मंगोली निवासी मोहन साहू, संतोष गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच के दौरान पता चला कि यह एक संगठित गिरोह है। जिसके बाद पहले से दर्ज एफआईआर में संगठित अपराध की धारा 111 जोड़ दी गई। जिसके बाद गिरोह के चौथे आरोपित अमृतसर निवासी प्रिंस को गिरफ्तार किया तो उससे पूछताछ में पता चला कि गिरोह का मास्टर माइंड अमृतसर निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ बिल्ला है। पुलिस की टीम ने पंजाब पुलिस के सहयोग से छापा मारकर बिल्ला को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत से तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। एसीपी क्राइम ने बताया कि गिरोह के सरगना से पूछताछ के दौरान उसके नेटवर्क का पता लगाया जाएगा। आशंका जताई जा रही है कि आरोपित पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाकर पंजाब व हरियाणा में सप्लाई करता था।



### आढ़तियों की मांगों को पूरा करेगी सरकार : श्याम सिंह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार आढ़तियों की जायज मांगों को जल्द पूरा करेगी। राणा गुरुवार को चंडीगढ़ में आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राणा ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी है और सभी वर्गों का पूरा ख्याल रखती है। उन्होंने आढ़तियों की गेहूं की बकाया आढ़त का भुगतान जल्द करने का आश्वासन दिया। बैठक में मंडी व्यापारियों की पुरानी दुकानों का नो-ड्यूज, उनके लाइसेंस, मंडी की सफाई व्यवस्था के अलावा मिलर-एसोसिएशन तथा फ्लोर-मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कृषि मंत्री ने सभी व्यापारियों की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनकी सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके पूरा किया जाए।

### हरियाणा में लागू होंगे जमीनों के नए कलेक्टर रेट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार जल्द ही प्रदेश में जमीनों के नए कलेक्टर रेट लागू करने जा रही है। नई दरें लागू होने से हरियाणा में जमीनों की खरीदो-फरोख्त महंगी हो जाएगी। राज्य में पिछले साल पहले लोकसभा और फिर विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते एक दिसंबर को ही नए कलेक्टर रेट लागू किए जा सके थे। बाद में सरकार ने इसे 30 मार्च तक मान्य कर दिया था। हरियाणा में 2025-26 के लिए कलेक्टर दरों में बढ़ोतरी नहीं हो सकी थी। करीब 3 महीने पहले सीएम नायब सैनी की अध्यक्षता में संशोधन को लेकर बैठक हुई थी। मगर, सीएम ने संशोधन को स्थगित कर दिया था। अब 2025-26 के लिए 1 अगस्त से नए कलेक्टर रेट के हिसाब से ही जमीनों की रजिस्ट्रियां होंगी। राजस्व विभाग की तरफ से गुरुवार को सभी मंडल आयुक्तों तथा जिला उपायुक्तों को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। नए कलेक्टर रेट के लिए विभिन्न स्थानों पर 5 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। पिछले साल जमीन के कलेक्टर रेट 12 से 32 प्रतिशत तक बढ़ाए गए थे। देश की राजधानी दिल्ली के नजदीक होने के कारण एनसीआर में जमीन बहुत अधिक महंगी है, इसलिए वहां कलेक्टर रेट बाकी जिलों से काफी अधिक रखे गए थे। इनमें रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, बहादुरगढ़, सोनीपत, करनाल और पानीपत में 20 प्रतिशत और गुरुग्राम, सोहना, फरीदाबाद, पटौदी और बल्लभगढ़ के कलेक्टर रेट में 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई थी। इस बार भी यहां रेट ज्यादा होने के आसार हैं।

### गुरुग्राम में 8 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी, गुरुग्राम।** गुरुग्राम में पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशियों की जांच के दौरान आठ बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इन लोगों ने जो भारतीय दस्तावेज दिखाए, वे जांच में फर्जी पाए गए। अब इन्हें उनके देश वापस भेजने (डिपोर्ट करने) की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभी करीब 200 और संदिग्ध लोगों की जांच चल रही है, जिनमें और भी बांग्लादेशी नागरिक मिलने की आशंका है। यह पूरा अभियान गृह मंत्रालय के आदेश पर चलाया जा रहा है, जिसमें पुलिस एक महीने से दस्तावेजों की जांच कर रही है। संदिग्धों को पकड़कर होल्डिंग सेंटर भेजा जा रहा है और उनके कागज संबंधित जिलों के डीएम और एसपी से वेरिफाई कराए जा रहे हैं। जिनके दस्तावेज सही मिलते हैं, उन्हें छोड़ दिया जाता है, लेकिन जिनके फर्जी मिलते हैं, उन्हें डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक में चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के बीदर में चार साल की एक नाबालिग बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि स्कूल के समय के दौरान बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। बच्ची की मां को इस बात का पता तब चला जब वह अपनी बेटी के कपड़े बदल रही थी। मामला बीदर महिला पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। चार साल की बच्ची का फिलहाल ब्रिम्स अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में इलाज चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### सोना 1426 गिरकर 99107 पर, चांदी भी फिसली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 24 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का दाम 1,426 रुपए घटकर 99,107 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले यह 1,00,533 पर पहुंच गया था। वहीं, चांदी की कीमत 1,300 रुपए कम होकर 1,14,550 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,850 रुपए पर थी। 23 जुलाई को सोना-चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में प्रजनन दर न्यूनतम स्तर पर पहुंची

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका में भी लोग अब बच्चे पैदा करने से कतरा रहे हैं और इसी का नतीजा है कि अमेरिका में प्रजनन दर साल 2024 में सबसे न्यूनतम रही। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में हर महिला 1.6 बच्चों से भी कम बच्चे पैदा कर रही है। एक समय अमेरिका में औसतन प्रजनन दर प्रति महिला 2.1 बच्चे था, लेकिन बीते दो दशकों से अमेरिका में प्रजनन दर में भारी कमी आई है और अब वहां की महिलाएं या तो बच्चे पैदा करने में लंबा समय ले रही हैं या फिर बच्चे पैदा ही नहीं कर रही हैं। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने ताजा आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें साल 2024 के आंकड़े दिए गए हैं। सीडीसी ने बताया कि 1960 की शुरुआत में अमेरिका में प्रजनन दर 3.5 के करीब थी। साल 2007 तक यह आंकड़ा 2.1 बच्चे प्रति महिला रहा, लेकिन इसमें फिर से गिरावट हुई, जो अभी भी जारी है। (अनंत ज्ञान)

# हरियाणा में जल्द निकलेगी पुलिस भर्ती : सीएम सैनी

## सीईटी परीक्षार्थियों को मिलेगी विशेष परिवहन सुविधा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दादरी जिला के बाढड़ा स्थित गांव झोझू कलां को महाग्राम योजना में शामिल करने के साथ ही बाढड़ा हलके के लिए 68 करोड़ रुपए की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गांव झोझू कलां में शहीद अरविंद सांगवान की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद सीएम सैनी ने विकास रैली को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री सैनी ने रैली में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि हरियाणा में जल्द ही पुलिस भर्ती निकाली जाएगी और इसके लिए आवेदन मांगे जाएंगे। इसे लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों को भर्ती संख्या व अन्य प्रक्रियाओं को पूरा करने के आदेश दिए जा चुके हैं। 26 और 27 जुलाई को हरियाणा में होने वाली सीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को इस बार विशेष परिवहन सुविधा मिलेगी। खासकर, महिला अभ्यर्थियों के साथ एक परिजन को भी निशुल्क परिवहन सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री सैनी ने बाढड़ा के विधायक उमेद पातुवास द्वारा रखे गए मांगपत्र पर घोषणाएं करते हुए कहा कि झोझू कलां को महाग्राम योजना में शामिल किया जाएगा। बाढड़ा हलके के विभिन्न गांवों में कच्चे रास्तों के लिए 5 करोड़ रुपए और गांव के अन्य विकास के लिए अतिरिक्त 5 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। बाढड़ा में बिजली सबडिवीजन बनेगा, जिसके कार्यालय पर 3 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बाढड़ा गांव के ऊपर से गुजरने वाले हाईटेंशन तार को हटाने के लिए 3 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और नई अनाज मंडी बनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि बाढड़ा में पब्लिक हेल्थ, फायर ब्रिगेड की स्थापना, झोझू कलां को उपमंडल का दर्जा देने, गांव महाराणा व ढाणी फौगाट में स्कूल को 12वीं तक अपग्रेड करने, कलियाणा-दादरी रोड को फोरलेन बनाने की फिजिबिलिटी चेक कर इन घोषणाओं को भी पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढड़ा में पीडब्ल्यूडी की 40.31 किलोमीटर की 12 सड़कों की 20 करोड़ 43 लाख रुपए से मरम्मत कराई जाएगी और मार्केटिंग बोर्ड की 13.80 किलोमीटर की 5 सड़कों और 11.70 किलोमीटर की तीन सड़कों की मरम्मत में एक करोड़ 19 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अन्य 21 सड़कें जिनकी लंबाई 63.9 किलोमीटर है, उन्हें भी ठीक कराई जाएगी।

# मुख्य सचिव ने की पूंजीगत व्यय और परियोजनाओं की गहन समीक्षा

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

राज्य के मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में पूंजीगत व्यय, केंद्र सहायतित, बाह्य सहायतित परियोजनाओं, नाबार्ड फंडिंग, साथ हही केपीआई और केओआई की गहन समीक्षा की। बैठक में 12 प्रमुख विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

**सितंबर तक 50 प्रतिशत बजट खर्च के निर्देश**

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि 15 अगस्त तक सभी विभाग अपने प्रस्ताव भेजें और सितंबर माह तक पूंजीगत बजट का न्यूनतम 50 प्रतिशत खर्च सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि कुल 14,763 करोड़ रुपए के पूंजीगत प्रावधान में से अब तक 2,215 करोड़ रुपए (15 प्रतिशत) जारी हुए हैं, जिसमें से केवल 1,049 करोड़ रुपए (7.11 प्रतिशत) का व्यय हुआ है।

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं को पूंजीगत व्यय में प्राथमिकता दी जाए और केपीआई और केओआई के अनुरूप परिणामों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पर्यटन विभाग के खर्च से यह आकलन किया जाए कि विदेशी पर्यटकों की संख्या या औसत प्रवास अवधि में कितनी वृद्धि हुई।

उन्होंने उद्यान विभाग को अपनी क्षमता बढ़ाने, कोल्ड चेन और ऑफ-सीजन उत्पादन पर जोर देने तथा पॉलीहाउस परियोजनाओं और फूड प्रोसेसिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को बायो फेंसिंग और चेन लिंक फेंसिंग के लिए शीघ्र दिशा-निर्देश तैयार करने को कहा गया। इसके लिए 200 करोड़ रुपए का अलग बजटीय हेड बनाने और सप्लीमेंट्री बजट में भी इसका प्रावधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ऐसे स्थानों को प्राथमिकता देने को कहा जहां मानव-वन्यजीव संघर्ष और फसलों को भारी क्षति हो रही है। दुग्ध विकास विभाग को आंचल के उत्पादों को बढ़ावा देने तथा गन्ना विकास विभाग को चीनी मिलों की समय पर मरम्मत और उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव राधिका झा, दिलीप जावलकर, डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, वी षणमुगम, धीराज गर्ब्याल, श्रीधर बाबू अद्दांकी, अपर सचिव हिमांशु खुराना व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एफएंडसीसी की बैठक में जनकल्याण परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



नगर निगम चंडीगढ़ की वित्त एवं अनुबंध समिति (एफएंडसीसी) की बैठक आज मेयर हरप्रीत कौर बबला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, समिति सदस्य सुमन देवी, सौरभ जोशी, गुरप्रीत सिंह, जस्मनप्रीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सेक्टर 26 के नाइट शेल्टर की मरम्मत और रंगाई-पुताई, साथ ही ट्रक पार्किंग क्षेत्र में चार नए वर्षा आश्रयों के निर्माण को स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त, ट्रक पार्किंग क्षेत्र की सीमा दीवार पर कंसर्टिना फेंसिंग लगाने की योजना को मंजूरी दी गई, जिसकी अनुमानित लागत 48.17 लाख रुपए है।

डंपिंग ग्राउंड की सफाई और बेहतर रखरखाव के लिए एक वर्ष के लिए चैन डोजर किराए पर लेने का प्रस्ताव भी पारित हुआ, जिसकी लागत 33.72 लाख रुपए होगी। बैठक में दक्षिणी क्षेत्रों में बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या पर गंभीर चर्चा की गई। मेयर ने इस चुनौती से निपटने के लिए सशक्त और मानवीय समाधान की आवश्यकता पर बल दिया।

## एफसीआई गोदामों पर राज्यमंत्री राजेश नागर का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्य मंत्री राजेश नागर ने वीरवार को कुरुक्षेत्र के अमीन रोड स्थित एफसीआई गोदामों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चावल की नमी, भंडारण व्यवस्था और गुणवत्ता की बारीकी से जांच की और विभिन्न स्टैग से सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए लैब भेजने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने बताया कि एफसीआई ने वर्ष 2023-24 व 2024-25 के सीजन में 9 लाख मीट्रिक टन चावल की खरीद की थी, जिनमें से इस समय करीब 7.5 लाख कट्टे गोदामों में संग्रहित हैं। गोदामों को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद यह निरीक्षण किया गया है।

उन्होंने अधिकारियों से चावल की स्टोरेज कंडीशन, ट्रीटमेंट प्रक्रियाएं और रख-रखाव की स्थिति पर फीडबैक लिया तथा आवश्यक निर्देश भी जारी किए। राज्यमंत्री नागर ने स्पष्ट किया कि जहां भी शिकायत मिलेगी, वहां निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को पुराने चावल का शीघ्र वितरण और स्टॉक क्लियरेंस के निर्देश भी दिए, ताकि आगामी सीजन में नए चावल के भंडारण में कोई बाधा न आए।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने स्काउट्स एंड गाइड्स को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 जुलाई को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक गरिमामय समारोह में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 16 उत्कृष्ट सदस्यों को राष्ट्रपति स्काउट, गाइड, रोवर व रेंजर पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार वर्ष 018 से 2021 तक के चयनित प्रतिभागियों को उनकी अद्वितीय सेवा, अनुशासन और समर्पण के लिए प्रदान किए गए।

प्रत्येक वर्ष के लिए एक-एक स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर को यह प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र दिया गया। सम्मानित सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रपति को सैन्य अनुशासन जैसी चाल में सलामी दी और गरिमापूर्ण ढंग से पुरस्कार ग्रहण किया। उनके आत्मविश्वास और मुस्कान ने उनके समर्पण को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. केके खंडेलवाल भी उपस्थित थे।

उन्होंने राष्ट्रपति को संगठन की ऐतिहासिक यात्रा और उद्देश्यों की जानकारी दी तथा 'प्लैक ऑफ ऑनर' भेंट किया। डॉ. खंडेलवाल ने बताया कि संगठन ने 7 नवंबर 2024 से शताब्दी समारोह की शुरुआत की है।

उन्होंने महात्मा गांधी के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा कि मैं प्रार्थना करता हूं कि भारत के हर घर में स्काउट्स एवं गाइड्स जैसे प्रशिक्षित बच्चे हों।

# चुनाव आयोग ने कर्नाटक में की धोखाधड़ी : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के विरोध के बीच चुनाव आयोग पर कर्नाटक में भी धोखाधड़ी का आरोप लगाया।

राहुल गांधी ने वीरवार को संसद के बाहर कहा कि वोटर लिस्ट रिविजन के नाम पर कर्नाटक में हजारों बोगस वोटरों के नाम जोड़े गए। राहुल ने कहा, 'चुनाव आयोग ने कर्नाटक की एक सीट पर धोखाधड़ी करवाई। हमारे पास इसके 100 प्रतिशत सबूत हैं। एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 साल के हजारों-हजार नए वोटरों को सूची में जोड़ा गया है और 18 साल से ज्यादा उम्र के वोटरों को सूची से हटा दिया गया है।'

**हजारों बोगस वोटर जोड़े, हमारे पास 100 प्रतिशत सबूत**

राहुल गांधी ने कहा 'हमे अभी एक सीट की जांच में यह गड़बड़ी मिली। मुझे पूरा यकीन है कि हर सीट पर यही नाटक चल रहा है। मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो यह आपकी गलतफहमी हैं। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे।' हम देश की जनता के सामने आपकी सच्चाई को उजागर करके ही दम लेंगे। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश के चार दिन बाद 112 पायलटों ने ली छुट्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 4 दिन बाद एयर इंडिया के 112 पायलटों ने बीमारी की छुट्टी ली। यह जानकारी सिविल एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने वीरवार को संसद में दी। उन्होंने बताया कि 16 जून को 61 सीनियर पायलट और 51 फ्लाइट ऑफिसरों ने छुट्टी के लिए अप्लाई किया था। राम मोहन नायडू कहा कि इस तरह के हादसे के बाद पायलटों के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना और ठीक करने के लिए प्रबंधन करना बहुत जरूरी है। मंत्री ने बताया कि अब एयरलाइनों को सलाह दी गई है कि वे पायलटों के लिए सपोर्ट ग्रुप बनाएं। वहीं, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एयर इंडिया को 4 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। (अनंत ज्ञान)

# कंबोडियाई सेना की गोलीबारी में 12 थाई लोगों की गई जान

**एजेंसी, बैंकॉक**



थाईलैंड और कंबोडिया के बीच वीरवार सुबह सीमा पर गोलाबारी हुई है। कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में 12 थाई लोगों की मौत हो गई है। वहीं,14 घायल हैं। थाईलैंड ने जवाब में कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने एक दूसरे पर पहले हमला करने का आरोप लगाया है। कंबोडिया के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाई सैनिकों ने सुबह गोलीबारी की, जबकि थाई सेना ने कहा कि कंबोडिया ने पहले ड्रोन से हमला किया और फिर तोप और लंबी दूरी के बीएम21 रॉकेटों से हमला किया।

**थाईलैंड के कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हमले**

हमले को देखते हुए थाईलैंड ने बॉर्डर पर एफ-16 लड़ाकू विमान तैनात किया है। इस साल 28 मई को बॉर्डर पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच भिड़ंत हुई थी, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

## सकारात्मक शुरुआत के बावजूद औंधे मुंह गिरा शेयर बाजार

# सेंसेक्स 542 अंक टूटकर 82,184.17 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

सकारात्मक शुरुआत के बावजूद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपनी गति को आगे नहीं बढ़ा सका और बाद में कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 542.47 अंक या 0.66 प्रतिशत गिरकर 82,184.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 679.42 अंक या 0.82 प्रतिशत गिरकर 82,047.22 पर पहुंच गया था। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 157.80 अंक या 0.63 प्रतिशत गिरकर 25,062.10 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एनटीपीसी सबसे ज्यादा पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। हालांकि, इटर्नल, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, टाटा स्टील और टाइटन के शेयरों में लाभ रहा। इंफोसिस के शेयरों में जून तिमाही के नतीजो के बाद एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। (अनंत ज्ञान)

# मालदीव दौरे से पहले पीएम मोदी को आतंकी बताया

## राष्ट्रपति के साले ने एक्स पर लिखा-मोदी आतंकी, इस्लाम के दुश्मन

**एजेंसी, माले**



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साले और सलफी जमीयत के नेता शेख अब्दुल्लाह बिन मोहम्मद इब्राहिम ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी कहा है। शेख अब्दुल्लाह ने एक्स पर की गई पोस्ट में लिखा था, 'मोदी इस्लाम के सबसे बड़े दुश्मन हैं, वह आतंकवादी हैं। उन्होंने बाबरी मस्जिद गिराई है, पुरानी मुस्लिम जमीनों को लूटा और अहमदाबाद को कब्रिस्तान में बदल दिया। उन्हें मालदीव बुलाना बड़ी गलती है।' मालदीव के अखबार अधाधु की रिपोर्ट के मुताबिक, विवाद बढ़ने के बाद अब्दुल्लाह ने सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट कर दी। शेख अब्दुल्लाह मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पत्नी साजिदा मोहम्मद की ओर से बनाए गए एक संगठन से जुड़ा है। (अनंत ज्ञान)

# यूक्रेन में जेलेंस्की के खिलाफ प्रदर्शन

## नया कानून लाकर भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियों की आजादी खत्म करने का आरोप

**एजेंसी, कीव**



रूस-यूक्रेन युद्ध के 3 साल बाद पहली बार यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई शहरों में राष्ट्रपति जेलेंस्की के खिलाफ आम जनता और सैनिक सड़कों पर उतर आए। यूक्रेन की संसद ने हाल ही में एक कानून पास किया है, जिसके तहत 2 प्रमुख भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं, नेशनल एंटी-करप्शन ब्यूरो ऑफ यूक्रेन और स्पेशलाइज्ड एंटी-करप्शन प्रोसिक्यूटर ऑफिस पर निगरानी बढ़ाई जाएगी।

आलोचकों का कहना है कि यह कानून इन संस्थाओं की आजादी छीन लेगा और राष्ट्रपति जेलेंस्की के नियुक्त किए गए अटॉर्नी जनरल को जांच का नियंत्रण देगा। इस फैसले से पारदर्शिता, लोकतंत्र और युद्ध के मूल उद्देश्यों को आघात पहुंचा है। (अनंत ज्ञान)

**यूरोपीय संघ और जी-7 देशों ने भी की आलोचना**

**कई** घायल सैनिकों ने इसे मोर्चे पर लड़ रहे जवानों के साथ विश्वासघात बताया। इस कदम की यूरोपीय संघ और जी-7 देशों ने भी आलोचना की है, जिससे यूक्रेन की ईयू सदस्यता की संभावनाएं प्रभावित हो सकती हैं।

**मुलाकात** दिल्ली के हरियाणा भवन में आरएसएस प्रमुख ने की मुस्लिम धर्मगुरुओं से मुलाकात

# भागवत की मुस्लिम-संघ के बीच की दूरी को पाटने की कोशिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने वीरवार को दिल्ली में हरियाणा भवन में मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ एक बैठक की। बैठक में आरएसएस के वरिष्ठ नेता और अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी भी मौजूद रहे। खास बात है कि यह पहली बार नहीं है, जब संघ प्रमुख ने मुस्लिम नेताओं से मुलाकात की।

पिछले तीन साल से संघ प्रमुख मोहन भागवत की तरफ से प्रमुखता से मुस्लिमों और हिंदुओं के बीच की दूरी को पाटने की शुरुआत हुई थी। संघ प्रमुख कह चुके हैं कि हम सबके पूर्वज समान हैं और हम पुरानी बातें भूल गए इसलिए अपने को अलग-अलग मान रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि आपस में कुछ विवाद हो सकते हैं, लेकिन अपनेपन को बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा था कि भारत विभाजन जैसी घटना का घाव गहरा है। उन्होंने कहा कि मन में एक-दूसरे के प्रति अविश्वास है।

इस वजह से ऊलजलूल बातें होती हैं, धमकाने की बातें होती हैं, लेकिन हमें ठंडे दिमाग से आगे बढ़ना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### 2022 में पहली बार मस्जिद गए थे भागवत

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक पहली बार साल 2022 में दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग पर बनी एक मस्जिद पहुंचे। साथ ही भागवत ने उत्तरी दिल्ली के आजादपुर में मदरसा तजावीदुल कुरान का भी दौरा किया था। मोहन भागवत के साथ संघ के पदाधिकारियों कृष्ण गोपाल और इंद्रेश कुमार भी थे। उस दौरान भागवत ने अखिल भारतीय इमाम संगठन के चीफ उमर अहमद इलियासी के साथ बैठक की थी।

### ये प्रयास आरएसएस के आउटरीच प्रोग्राम का हिस्सा

**बता** दें कि पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से इस दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत का मुसलमानों से इस तरह मिलना आरएसएस के आउटरीच प्रोग्राम का हिस्सा है। इसका उद्देश्य अलगाववादियों और कट्टरपंथियों से लड़ना है। संघ प्रमुख की इस पहल के बाद मुस्लिम बुद्धिजीवी भी समय-समय पर संघ प्रमुख से मुलाकात करते रहे हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### वेन्नाला और तन्वी शर्मा ने भारत को दिलाई शानदार शुरुआत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत ने शानदार शुरुआत की है। महिला एकल वर्ग में वेन्नला कालागोटला और तन्वी शर्मा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर भारतीय अभियान को मजबूत बढ़त दिलाई। वेन्नला कालागोटला ने अलिसा कूलेशोवा को सिर्फ 15 मिनट में 21-6, 21-10 से शिकस्त दी। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया की औबर्टा जर्लिना को 21-18, 21-16 से हराकर राउंड ऑफ-32 में जगह बना ली। वहीं, दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने यूएई की वैदेही कालिदासन को आसानी से 21-6, 21-6 से हराया, जबकि तन्वी रेड्डी ने चिओक इयान उंग को 21-9, 21-10 से पराजित किया। पुरुष एकल में, प्रणव राम नागलिंगम ने म्यांमार के लाल जुइदिका को 21-15, 21-7 से हराया। अंश नेगी ने डिंग हान जिन को 21-16, 21-15 से शिकस्त दी। वहीं, हमर लालथाजुआला और रौनक चौहान ने सीधे गेमों में जीत हासिल की। युगल वर्ग में कलागोटला-रेशिका उथयासूरियन ने वियतनाम की गुयेन वु न्गोक ट्रान-फाम थी ट्रुक एन को 21-16, 21-14 से हराया, जबकि गायत्री-मनसा रावत ने एंड्रिया हर्नांडेज-मैरी उनताल को 21-17, 21-18 से शिकस्त दी। विष्णु कोडे-कीर्ति मंचला ने मिश्रित युगल में 22-20, 16-21, 21-19 से जीत हासिल की। इस बीच रुजुला रामू और सी लालरामसांगा-तारिणी सूरी जूनियर शटलरों के शीर्ष टूर्नामेंट से जल्दी ही बाहर हो गए। (अनंत ज्ञान)



### शिखर धवन बोले- सोचा नहीं था इंग्लैंड दौरे पर पासा पलट सकती है टीम इंडिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को उम्मीद है कि सीरीज में पिछड़ने के बावजूद टीम इंडिया अभी भी पासा पलट सकती है। इंग्लैंड ने सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से अपने नाम किया, जिसके बाद टीम इंडिया ने दूसरा टेस्ट 336 रन से जीतकर सीरीज में बराबरी कर ली। भारत के पास तीसरा मुकाबला जीतकर सीरीज में लीड बनाने का मौका था, लेकिन यहां टीम इंडिया को 22 रन से करीबी हार झेलनी पड़ी। अब मेहमान टीम को सीरीज अपने नाम करने के लिए शेष दोनों मैच जीतने होंगे। शिखर धवन को लगता है कि भारत सीरीज अपने नाम कर सकता है। पूर्व क्रिकेटर ने आईएएनएस से कहा कि भारतीय टीम ने इंग्लैंड दौरे पर शानदार जज्बा दिखाया। यह एक युवा टीम है। पहला मैच हारने के बाद दूसरा मैच जीतना, शानदार प्रदर्शन था। मुझे लगता है कि भारतीय टीम शानदार क्रिकेट खेल रही है। बेशक, इस समय इंग्लैंड 2-1 से आगे है, लेकिन मुझे यकीन है कि भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करेगी। वह पासा पलट सकती है। (अनंत ज्ञान)



### सना मीर की खूबसूरती के कायल लोग

**नई दिल्ली।** सना मीर पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान रह चुकी हैं। सना मीर की खूबसूरती के भी लोग कायल हैं। वे पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर हैं, जिन्हें 2013 में पीसीबी वुमंन क्रिकेटर ऑफ द ईयर से नवाजा गया था। सोशल मीडिया पर इनके फैंस की संख्या लाखों में है।



**चौथा टेस्ट दूसरा दिन** घायल ऋषभ पंत ने जड़ा शानदार अर्द्धशतक

# भारत की पहली पारी 358 पर सिमटी

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी 358 रन पर समाप्त हो गई। इंजरी के बावजूद ऋषभ पंत बल्लेबाजी के लिए उतरे और शानदार अर्द्धशतक लगाते हुए 54 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, टी-ब्रेक तक इंग्लैंड ने पहली पारी में बिना नुकसान के 77 रन बना लिए हैं। जैक क्रॉली और बेन डकेट नाबाद खेल रहे थे। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं।

इससे पहले भारत ने दूसरे दिन के खेल की शुरुआत 4 विकेट पर 264 रन से आगे शुरू की थी। टीम इंडिया को रवींद्र जडेजा से बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन इस बार वह फ्लॉप रहे और सिर्फ 20 रन बनाकर आउट हो गए। शार्दुल ठाकुर ने 41 और वाशिंगटन सुंदर ने 27 रन की पारी खेली।

भारतीय पारी का मुख्य आकर्षण एक बार फिर ऋषभ पंत रहे। पंत दाएं पैर में गंभीर इंजरी के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरे। जब पंत बल्लेबाजी के लिए फील्ड में आ रहे थे, तो मौजूद दर्शकों ने खड़े होकर उनके साहस की प्रशंसा की। पंत ने पहले दिन के स्कोर 37 से अपनी पारी आगे बढ़ाई। दर्द से जूझते हुए उन्होंने अपना अर्द्धशतक पूरा किया और 54 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर की गेंद पर बोल्ड हुए। पंत विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनकी जगह ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करेंगे। अपना पहला टेस्ट खेल रहे अंशुल कंबोज खाता नहीं खोल पाए। उन्हें बेन स्टोक्स ने आउट किया।



बेन स्टोक्स इस सीरीज में बल्लेबाज से ज्यादा बतौर गेंदबाज प्रभावी रहे हैं। इस पारी में भी स्टोक्स ने 5 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट झटके। क्रिस वोक्स और लियाम डॉसन को 1-1 विकेट मिला।

भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-1 से पीछे चल रही है। अगर भारत को इस टेस्ट पर अपनी पकड़ बनानी है तो इंग्लैंड पर पहली पारी में बड़ी बढ़त लेनी होगी। अगर टीम इंडिया इंग्लैंड पर पहली पारी के आधार पर 100 से 125 रन की बढ़त लेने में कामयाब रहती है तो मैच पर पकड़ बना सकती है।

पिच तेज गेंदबाजों को सपोर्ट कर रही है। ऐसे में बुमराह, सिराज, शार्दुल और कंबोज से कप्तान गिल को बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## रोहित शर्मा और विराट कोहली जाएंगे इंग्लैंड



**एजेंसी, नई दिल्ली**

बीसीसीआई ने वीरवार को भारतीय क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे का शेड्यूल जारी किया। इस दौरे पर दोनों ही टीमों के बीच 5 टी20 इंटरनेशनल और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। टी20 सीरीज की शुरुआत एक जुलाई 2026 से होगी। वहीं, 14 जुलाई से वनडे सीरीज का आगाज होगा। वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली खेलते हुए नजर आ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### खेले जाएंगे पांच टी20 मुकाबले

**भारत-इंग्लैंड** टी20 सीरीज की बात करें तो यह एक जुलाई 2026 से 11 जुलाई 2026 तक खेली जाएगी। सीरीज का पहला मैच डरहम में खेला जाएगा। दूसरा टी20 चार जुलाई को मैनचेस्टर में, तीसरा 7 जुलाई को नॉटिंघम में, चौथा 9 जुलाई को ब्रिस्टल में और आखिरी 11 जुलाई को साउथहैंपटन में खेला जाएगा।

### 3 वनडे मैच भी होंगे

**भारत-इंग्लैंड** वनडे सीरीज की बात करें तो इसका श्रीगणेश 14 जुलाई से हो रहा है। पहला एकदिवसीय मैच बर्मिंघम में खेला जाएगा। दूसरा वनडे मुकाबला 16 जुलाई को कार्डिफ के सोफिया गार्डंस क्रिकेट ग्राउंड में होगा। सीरीज का आखिरी वनडे 19 जुलाई को लंदन के एतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा।

### अभी रोहित हैं वनडे कप्तान

**वनडे** सीरीज के कप्तान अभी रोहित शर्मा हैं। साथ ही विराट कोहली ने भी वनडे फॉर्मेट में संन्यास नहीं लिया है। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित और विराट खेलते नजर आ सकते हैं। दोनों ही बल्लेबाज आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में खेलते हुए नजर आए थे। न्यूजीलैंड को फाइनल में हराकर भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। इससे पहले भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

## मांजरेकर ने केएल राहुल-जायसवाल को लताड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मैनचेस्टर टेस्ट के पहले सत्र में भारतीय सलामी जोड़ी ने अनुशासन और तकनीक का बेहतरीन मिश्रण पेश किया और स्विंग और सीम मूवमेंट का कुशलता से सामना किया। इंग्लैंड के सबसे भरोसेमंद घरेलू तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने नई गेंद से कड़ी परीक्षा ली, लेकिन राहुल की चुस्त तकनीक और जायसवाल के दृढ़ निश्चय ने उन्हें रोके रखा। लंच तक भारत 26 ओवर के बाद बिना किसी नुकसान के 78 रन बनाकर बिना किसी नुकसान के था, जिससे भारत को आगे बढ़ने में बड़ी बढ़त मिल गई। पहले सत्र में भारत ने जो लय बनाई थी, वह ब्रेक के बाद नाटकीय ढंग से बिखर गई। मांजरेकर ने कहा कि मजबूत स्थिति में होने के बावजूद भारत के सलामी बल्लेबाज इंग्लैंड को मुकाबले से और दूर नहीं ले जा सके।



यह मौका हाथ से निकल गया। आपने देखा कि पहला सत्र, जो एक महत्वपूर्ण सत्र था, वह भारत के नाम रहा और फिर दूसरा सत्र इंग्लैंड के नाम रहा। हमने दो जमे हुए बल्लेबाजों केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को आउट होते देखा। (अनंत ज्ञान)

### प्रतिबद्धता और मेहनत की कमी

**आपको** हैरानी होगी। मुझे नहीं पता कि मैं इसे ज़्यादा पढ़ रहा हूं या नहीं, क्या यह लंबी सीरीज की मानसिक थकान है। ये वो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने रन बनाए हैं। ये ऐसे बल्लेबाज नहीं हैं, जो 50 रन बनाकर बढ़त गंवा देंगे। क्या इसका संबंध मानसिक सहनशक्ति, जरूरी रिजर्व खिलाड़ियों से है? उन्होंने अब तक इतना अच्छा खेला है, लेकिन उनमें प्रतिबद्धता और मेहनत की कमी है।

## डब्ल्यूसीएल-2025 : भारत-पाक मैच रद्द होने पर हरभजन सिंह का आया रिएक्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 में भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला रविवार (20 जुलाई) को खेला जाना था, लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव के चलते इसे रद्द करना पड़ा। हरभजन सिंह इस फैसले से सहमत हैं। उन्होंने भारत सरकार के साथ एकता दिखाई।

मुकाबले से चंद घंटे पहले डब्ल्यूसीएल ने मैच रद्द करने का आधिकारिक ऐलान कर दिया। इस मामले पर हरभजन सिंह ने कहा कि हम अपने देश और अपने लोगों के साथ खड़े हैं। यह बिलकुल साफ है। हम अपनी सरकार के साथ खड़े हैं। हम अपने लोगों के साथ खड़े हैं, इसलिए मुझे लगता है कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम दिखाएं कि हम एक साथ हैं। डब्ल्यूसीएल ने इस मुकाबले को लेकर बयान जारी करते हुए लिखा था कि जब हमें यह पता चला कि इस साल पाकिस्तान की हॉकी टीम भारत आ रही है और हाल ही में भारत-पाकिस्तान की वॉलीबॉल प्रतियोगिता सहित अन्य खेलों में भी दोनों देशों के बीच मुकाबले हो रहे हैं, तो हमने डब्ल्यूसीएल में भारत और पाकिस्तान का मैच आयोजित करवाने की सोची, ताकि एक सकारात्मक याद लोगों को दी जा सके, लेकिन हो सकता है कि हम अनजाने में कई लोगों की भावनाएं आहत कर बैठे। (अनंत ज्ञान)

**कहा हम अपने लोगों के साथ खड़े हैं**



## इंग्लैंड-स्पेन में होगी महिला यूरो कप की फाइनल जंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महिला यूरो कप 2025 के ब्लॉकबस्टर मैच का इंतजार अब खत्म हो गया है। खिताबी भिड़ंत के लिए दो टीमें तय हो चुकी है। यूरो कप फाइनल मुकाबला रविवार, 27 जुलाई को स्विट्जरलैंड के बासेल में होगा। स्पेन और इंग्लैंड दोनों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। ऐसे में अब इन दोनों की टक्कर खिताबी भिड़ंत के लिए होगी। सेमीफाइनल में स्पेन की टीम ने रोमांचक अंदाज में जीत दर्ज की। जर्मनी के खिलाफ टीम ने एकमात्र गोल अतिरिक्त समय में किया। स्पेन के लिए यह गोल ऐताना बोनमाटी ने किया जो टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बीमार होने के कारण कुछ दिन अस्पताल में भर्ती थी। वहीं, इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में इटली को 2-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई।



बता दें कि लायनेसेस के नाम से मशहूर इंग्लैंड की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी शानदार डिफेंस और खतरनाक आक्रमण से विरोधियों की हालत खराब करके रखी है।

कप्तान लिया विलियमसन के नेतृत्व में अब टीम की कोशिश होगी कि वह लगातार दूसरे खिताब को अपने नाम करें। इंग्लैंड के लिए पूरे टूर्नामेंट में फॉरवर्ड बेथ मीड और एला टूने ने जीत के लिए अपना दम लगाया है। इसके अलावा गोलकीपर मैरी अर्प्स की चपलता से इंग्लैंड ने महत्वपूर्ण बचाव किए। (अनंत ज्ञान)

### पहली बार यूरो कप के फाइनल में पहुंचा स्पेन

**दूसरी** ओर स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह बनाई है। स्पेन को यह जीत अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मिली है। दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी इसके बाद दो बार की बैलन डी ओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया। यूरो 2025 का फाइनल 2023 में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल की पुनरावृत्ति होगा। तब स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया था।

## सिनसिनाटी ओपन में वीनस विलियम्स को वाइल्ड कार्ड एंट्री

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिकी टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को सिनसिनाटी ओपन के मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड एंट्री दी गई है। टूर्नामेंट आयोजकों ने इस बात की पुष्टि की। 45 साल की वीनस ने हाल ही में कोर्ट पर धमाकेदार वापसी करते हुए एक बार फिर खुद को सुर्खियों में ला दिया है।

सात बार की ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन वीनस ने 16 महीने के लंबे अंतराल के बाद वाशिंगटन ओपन में शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने मंगलवार को दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स को हराकर इतिहास रच दिया। वह 2004 के बाद से डब्ल्यूटीए सिंगल्स मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गई हैं।



वीनस अब वाशिंगटन ओपन के अगले दौर में पोलैंड की पांचवीं वरीय खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच से भिड़ेंगी। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में वीनस ने इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। सिनसिनाटी ओपन के आयोजकों ने घरेलू खिलाड़ी कैटी मैकनेली को भी वाइल्ड कार्ड एंट्री दी है। मैकनेली ने पिछले साल अपनी कोहनी की सर्जरी के बाद हाल ही में कोर्ट पर वापसी की है। सिनसिनाटी ओपन का मुख्य ड्रॉ 7 अगस्त से शुरू होगा। वीनस की वापसी से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में रोमांच और बढ़ने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## तैराकी में पाइनग्रोव बना रनरअप

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइन ग्रोव स्कूल ने 21 और 22 जुलाई को लॉरेंस स्कूल, सनावर में आयोजित द्वितीय हिमाचल प्रदेश राज्य तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए शीर्ष तैराकों के बीच कड़े मुकाबले में पाइनग्रोव के लड़कों और लड़कियों की टीमों ने दोनों श्रेणियों में रनरअप ट्रॉफी जीतकर सम्मान प्राप्त किया। अद्भुत जोश और समर्पण के साथ हमारे तैराकों ने कुल 127 पदक अर्जित किए, जिसमें 34 स्वर्ण, 57 रजत और 36 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि पाइनग्रोव की खेल प्रतिभा और टीम भावना का सशक्त प्रमाण है।




रनरअप ट्रॉफी और मेडल्स के साथ पाइन ग्रोव स्कूल टीम के तैराक।

## एफसी बार्सिलोना ने मार्कस रैशफोर्ड के साथ किया करार

**एजेंसी, मैड्रिड**

एफसी बार्सिलोना ने इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय फॉरवर्ड मार्कस रैशफोर्ड को मैनचेस्टर यूनाइटेड से एक सीजन की लोन डील के तहत साइन करने की पुष्टि कर दी है। क्लब ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें रैशफोर्ड ने कहा कि यह खबर 'ऑफिशियल' है।



यह डील एक सीजन के लोन के साथ हुई है, जिसमें बार्सिलोना के पास करीब 35 मिलियन यूरो में स्थायी ट्रांसफर का विकल्प होगा। हालांकि, अगर क्लब स्थायी सौदा नहीं करता है तो मुआवजा देने का प्रावधान भी रखा गया है। रैशफोर्ड ने कहा कि क्लब जो कुछ भी दर्शाता है, वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मुझे लगता है कि मैं घर जैसा महसूस कर रहा हूं। यह एक पारिवारिक माहौल वाला क्लब है जहां अच्छे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यहां होना मेरे लिए एक सपना जैसा है। मैं बेहद उत्साहित हूं और 'बार्सिलोना वे' को सीखने व मैचों के लिए तैयार रहने के लिए तत्पर हूं। बार्सिलोना के कोच हान्सी फ्लिक के साथ काम करने का अवसर भी उनके फैसले का एक महत्वपूर्ण कारण रहा।

रैशफोर्ड ने कहा कि पिछला सीजन फ्लिक के लिए शानदार रहा। उन्होंने दिखाया है कि वह युवा टीम के साथ भी सफल परिणाम ला सकते हैं। वह विश्व के शीर्ष कोचों में से एक हैं। 27 वर्षीय रैशफोर्ड ने सोमवार को बार्सिलोना में मेडिकल टेस्ट पास किया। खबरों के अनुसार, उन्होंने यह ट्रांसफर पूरा करने के लिए अपनी सैलरी में 15 प्रतिशत की कटौती की है। पिछले सीजन मैनचेस्टर यूनाइटेड के कोच रूबेन आमोरिम के साथ उनके रिश्ते बिगड़ गए थे, जिसके चलते वह सीजन का दूसरा हिस्सा एस्टन विला के साथ लोन पर बिताने को मजबूर हुए। अब वह एशिया टूर के लिए चयनित बार्सिलोना टीम का हिस्सा होंगे, जो दक्षिण कोरिया और जापान में मैच खेलने रवाना होगी। (अनंत ज्ञान)

## लिवरपूल ने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके को किया साइन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल ने बड़ी खरीदारी जारी रखते हुए आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट के स्ट्राइकर ह्यूगो एकिटिके को साइन कर लिया है। यह सौदा करीब 79 मिलियन पाउंड में हुआ। लिवरपूल ने बुधवार को सोशल मीडिया पर बताया कि हमने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके के ट्रांसफर के लिए समझौता कर लिया, जो अंतरराष्ट्रीय मंजूरी के अधीन है। क्लब ने आगे बताया कि 23 वर्षीय एकिटिके ने मेडिकल टेस्ट पास कर लिया और लिवरपूल के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर सहमति बना ली। अब वह इस सप्ताह के अंत में एशिया के प्री-सीजन दौरे पर अपने नए साथियों के साथ हांगकांग जा सकेंगे।

लिवरपूल के नए मैनेजर आर्ने स्लॉट के तहत यह गर्मियों में चौथा बड़ा ट्रांसफर है। इससे पहले क्लब ने फ्लोरियन विर्ट्ज को करीब 110 मिलियन पाउंड में खरीदा था। उनके अलावा डिफेंडर मिलोस केरकेज और जरेमी फ्रिमपोंग को भी साइन किया गया। (अनंत ज्ञान)

पीटी उषा बोलीं-ओलंपिक की मेजबानी करना हमारे लिए होगी एक उपलब्धि

## 'खेल में भारत को पावरहाउस बनाने हमारा लक्ष्य'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि भारत को ग्लोबल स्पोर्टिंग पावरहाउस बनाने का 'विजन 2036' ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखता है। उन्होंने इसे एक संभावित उपलब्धि बताया है। पीटी उषा ने कहा कि भारत को विश्व पटल पर खेल के क्षेत्र में पावरहाउस बनाने का हमारा लॉन्ग टर्म लक्ष्य है। यही दृष्टिकोण आज के विषय, भारत की खेल आकांक्षाओं, भारतीय ओलंपिक संघ के विजन 2036 के केंद्र में है।



उन्होंने कहा कि 2036 तक, हम न केवल ओलंपिक में निरंतर सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, बल्कि ओलंपिक गेम्स को भारत में भी लाना चाहते हैं। यह आयोजन हमारे लिए एक उपलब्धि होगी, जो भारत की बढ़ती क्षमता, आत्मविश्वास और वैश्विक खेल उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीटी उषा ने पीएम की बातों को दोहराते हुए कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवा और खेल भारत के भविष्य के दो इंजन हैं। एक सशक्त खिलाड़ी एक सशक्त राष्ट्र का प्रतिबिंब होता है।

क्वीन ऑफ ट्रैक एंड फील्ड और उड़नपरी नाम से मशहूर पीटी उषा ने कहा कि यह शक्तिशाली संदेश हमारी मिशन की भावना को दर्शाता है। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, हम मिलकर एक मजबूत और टिकाऊ एथलेटिक रणनीति बनाएंगे, राज्य और जमीनी स्तर के सिस्टम को और मजबूत करेंगे, डोप-मुक्त खेल का संदेश दूर-दूर तक फैलाएंगे, और यह सुनिश्चित करेंगे कि अपनी पृष्ठभूमि या भौगोलिक स्थिति के कारण कोई भी पीछे न छूटे। (अनंत ज्ञान)

### सबका लक्ष्य 'विजन 2036'

**आईओए** अध्यक्ष ने कहा, ÷हम खेल को महिलाओं, युवा एथलीटों, आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही प्रत्येक भारतीय के लिए एक सुरक्षित और समावेशी स्थान बनाने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध हैं, जो ओलंपिक पोडियम का सपना देखता है। %विजन 2036% केवल आईओए का नहीं है। यह प्रत्येक कोच, अधिकारी, फेडरेशन, सरकार के साझेदारों, प्रायोजक और सबसे बढ़कर, हर उस एथलीट का है, जो गर्व के साथ तिरंगा लेकर लहराता है।